पद्मेश मीडिया समूह का प्रकाशन

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

बालाघाट
रविवार 05 अक्टूबर 2025
आश्विन शुक्ल 13 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 14
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

| | |
|---|---|
| संसेक्स ~ | 81,207.17 |
| निफ्टी ~ | |
| सोना ~ | |
| चांदी ~ | |
| डॉलर ~ | |

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

# किन्ही -कलकत्ता के जंगल में नक्सलियों की आमद

## पुलिस ने जंगलों में चलाया सघन तलाशी अभियान

**पदमेश न्यूज। बालाघाट।**

दैनिक उपयोग की वस्तुएं लेने जंगल मे बसे कलकत्ता गांव की तरफ आ रहे थे नक्सली । किरनापुर, किन्ही पुलिस चौकी के वनग्राम कलकत्ता, आलीटोला और बोदालझोला जंगल का मामला। हॉकफोर्स की स्पेशल टीम को देखते ही शुरू कर दी थी फायरिंग। अब तक की जानकारी के अनुसार दोनों ओर से हुई फायरिंग हुई , किन्तु किसी के हताहत होने की पुष्टि अब तक नही हुई है । गांव में सामान लेने पहुंचें नक्सलियों और जवानों के बीच हुई मुठभेड़, इलाके में हाई अलर्ट घोषित बीते कुछ समय से मध्यप्रदेश के बालाघाट और आसपास के क्षेत्रों में नक्सली गतिविधियों में तेजी देखी जा रही है। मध्य प्रदेश के बालाघाट से एक बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है। यहां सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ के बाद इलाके में हलचल तेज हो गई है और जवानों ने सर्च ऑपरेशन भी शुरू कर दिया है। सुरक्षाबलों को गांव में नक्सलियों के होने की खबर मिली थी और इसके बाद ही सुरक्षाबल के जवान इलाके में पहुंचे थे। मुठभेड़ के बाद क्षेत्र में हाई अलर्ट जारी के दिया गया है। खबर के मुताबिक बीती देर रात किरनापुर थाना क्षेत्र के कलकत्ता के घने जंगल में नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच जबर्दस्त मुठभेड़ हुई। हालांकि, मुठभेड़ में किसी के हताहत होने की जानकारी सामने नहीं आई है। इस घटना के बाद पुलिस ने सर्चिंग तेज कर दी है। शनिवार सुबह बड़ी संख्या में सीआरपीएफ के जवान कलकत्ता सहित आसपास के जंगल में सघन सर्चिंग अभियान शुरू किया। नक्सलियों और सुरक्षा जवानों के बीच कितने राउंड फायर हुए, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। गौरतलब है कि 17 सितंबर की देर रात मलाजखंड दलम के नक्सलियों ने लांजी के चौरिया निवासी देवेंद्र यादव को अगवा कर लिया था। मौके पर कुछ पर्चे भी छोड़े थे, जिसमें देवेंद्र को पुलिस का मुखबिर बताकर उसे मौत की सजा देने की बात लिखी थी। अगले दिन ग्रामीणों ने देवेंद्र का शव मिला था।

( पेज 12 भी देखें )

# महाराष्ट्र में साइक्लोन शक्ति का अलर्ट

मुंबई। गुजरात के कच्छ में खाड़ी और उसके आसपास अरब सागर में बना कम दबाव का क्षेत्र अब चक्रवाती तूफान बन गया है। श्रीलंका ने इसे साइक्लोन शक्ति नाम दिया है। महाराष्ट्र में 3 से 7 अक्टूबर के बीच साइक्लोन शक्ति को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। इसका असर मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिले में दिखेगा। यहां 45-55 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। हवा की रफ्तार 65 किमी और इससे ज्यादा भी हो सकती है। 5 अक्टूबर तक महाराष्ट्र के तटों पर समुद्र में ऊंची लहरें उठने की आशंका है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि शक्ति अरब सागर में मानसून के बाद का पहला चक्रवाती तूफान है। यह साइक्लोन 6 अक्टूबर की सुबह पूर्व-उत्तर-पूर्व दिशा की ओर वापस मुड़ जाएगा, जिससे इसका असर कमजोर हो जाएगा। दूसरी तरफ, बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक गहरे दबाव का क्षेत्र बनने से आंध्र प्रदेश और ओडिशा के कई जिलों में भारी बारिश और बाढ़ आ गई। आंध्र प्रदेश में शुक्रवार को बारिश से जुड़ी तीन घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई। ओडिशा के गजपति जिले में लैंडस्लाइड के कारण दो लोगों की जान गई। कई लापता हैं।

## खास खबर

### निचली अदालत के दो जज बर्खास्त

मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने निचली अदालत के दो जजों को कदाचार और न्यायिक अधिकारियों के अनुरूप आचरण न करने के आरोप में बर्खास्त कर दिया है। सतारा के एडीशनल सेशन जज धनंजय निकम और पालघर के सिविल जज सीनियर डिवीजन इरफान शेख की बर्खास्तगी का फैसला अनुशासन समिति की जाँच के बाद लिया गया। धनंजय निकम पर रिश्वतखोरी का आरोप है, जबकि इरफान शेख एनडीपीएस एक्ट के तहत मामलों की सुनवाई के दौरान भ्रष्टाचार करने और जांच के दौरान जब्त ड्रग्स के इस्तेमाल के लिए दोषी पाए गए। शेख के खिलाफ हाईकोर्ट में दायर एक याचिका अभी भी लंबित है।

### 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार' राष्ट्रीय अभियान का शुभारंभ गुजरात की राजधानी गांधीनगर से

गांधीनगर। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में और गुजरात के वित्त मंत्री कनु देसाई की उपस्थिति में 卐आपकी पूंजी, आपका अधिकार卐 टैगलाइन के तहत राष्ट्रव्यापी वित्तीय जागरूकता अभियान की शुरुआत आज गुजरात की राजधानी गांधीनगर से की गई। इस अवसर पर गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र के सांसद और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इस अभियान की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि यह अभियान एक सरल परंतु शक्तिशाली संदेश देता है — कि नागरिकों द्वारा बचाया गया प्रत्येक रुपया उन्हें या उनके परिवार को वापस मिलना चाहिए। उन्होंने बताया कि अनक्लेम्ड (बिन दावा की गई) जमा राशि, बीमा की आय, डिविडेंड, म्यूचुअल फंड बैलेंस और पेंशन केवल कागज़ी आंकड़े नहीं हैं, बल्कि ये आम परिवारों की मेहनत की कमाई है। यह बचत उनके शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक सुरक्षा को मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगी। निर्मला सीतारमण ने बताया कि 31 अगस्त 2025 तक विभिन्न बैंकों ने लगभग रु. 75,000 करोड़ से अधिक की बिन दावा राशि भारतीय रिज़र्व बैंक को स्थानांतरित की है। इसके अलावा, बीमा क्षेत्र में रु. 14,000 करोड़, म्यूचुअल फंड उद्योग में रु. 3,000 करोड़, कंपनियों में ?9,000 करोड़, तथा रु. 19,000 करोड़ मूल्य के शेयर अनक्लेम्ड पड़े हैं।

### विवादित कफ सिरप पीने के बाद एक और बच्चे की मौत

जयपुर। जयपुर के जेके लोन अस्पताल में विवादित कफ सिरप पीने के बाद एक और बच्चे की मौत हुई। अब तक राजस्थान में 3 बच्चों की जान गई है, और करीब 35 बच्चे बीमार पड़ चुके हैं। भरतपुर के रुदावल से आया एक साल का बच्चा अस्पताल के आईसीयू में भर्ती है, जबकि सीकर से आए दो बच्चे आईसीयू से वार्ड में स्थानांतरित किए गए हैं।

## दो करोड़ की आतंकी संपत्ति जब्त

श्रीनगर। श्रीनगर पुलिस ने आतंकी नेटवर्क और उसके सहयोगियों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 2 करोड़ की संपत्ति को अटैच किया है। यह कार्रवाई अवैध गतिविधियों (यूएपीए) अधिनियम की धारा 25 के तहत की गई है। यह संपत्ति श्रीनगर के एचएमटी क्षेत्र स्थित रोज एवेन्यू, एस्टेट खुशीपोरा (सर्वे नंबर 43 मिन) में स्थित एक तीन मंजिला रिहायशी मकान है, जो 15 मरले जमीन पर बना हुआ है। यह संपत्ति गुलाम मोहम्मद शेख पिता का नाम, ख्वाजा अनवर शेख) के नाम पर दर्ज है, जो कि घोषित आतंकवादी सज्जाद अहमद शेख उर्फ सज्जाद गुल के पिता हैं। हालांकि दस्तावेजों में संपत्ति पिता के नाम दर्ज है, लेकिन पुलिस जांच में सामने आया है कि सज्जाद गुल स्वयं इस संपत्ति का सक्रिय हिस्सेदार है। वह लंबे समय से आतंकवाद को बढ़ावा देने, भारत विरोधी प्रचार फैलाने और सोशल मीडिया के जरिए लोगों को भड ?ाने जैसे गतिविधियों में शामिल रहा है। यह कार्रवाई एफआईआर संख्या 235/2022 के तहत की गई है, जो कि थाना परिमपोरा में यूएपीए की धाराएं 13, 38, 20 और ईआईएमसीओ एक्ट की धाराएं 2/3 के अंतर्गत दर्ज है। यह कार्रवाई तहसीलदार सेंट्रल शालटेंग द्वारा सत्यापन के बाद कार्यपालक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पूरी की गई। श्रीनगर पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई आतंकवाद के आर्थिक, लॉजिस्टिक और ऑपरेशनल नेटवर्क को ध्वस्त करने की रणनीति का हिस्सा है। इसमें सीमा पार से मिल रहे समर्थन और आतंकी समर्थकों पर भी शिकंजा कसा जा रहा है।

# चुनाव आयोग बीजेपी की बी-टीम बन कर रह गया

## बिहार की अंतिम मतदाता सूची में गड़बड़ी को लेकर कांग्रेस का आरोप

नई दिल्ली। कांग्रेस ने बिहार की अंतिम मतदाता सूची को लेकर एक बार फिर चुनाव आयोग पर निशाना साधा है। पार्टी ने कहा कि निर्वाचन आयोग बीजेपी की 'बी-टीम' की तरह काम कर रहा है और मतदाता सूची में जानबूझकर गड़बड़ियां की गई हैं ताकि भाजपा और उसके सहयोगियों को राजनीतिक फायदा पहुंचाया जा सके। कांग्रेस पार्टी के महासचिव जयराम रमेश ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा, निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआरआर) प्रक्रिया को बीजेपी के इशारे पर रचा है। बिहार के कई इलाकों से ऐसी रिपोर्टें आ रही हैं जो साबित करती हैं कि यह पूरी प्रक्रिया भाजपा को लाभ पहुंचाने के लिए की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि आयोग अब 'निर्लज्जता' की हद तक जाकर सत्ताधारी दल के हित में काम कर रहा है। जयराम रमेश ने कहा कि अंतिम मतदाता सूची में कई विसंगतियां



हैं। एक ही घर में 247 मतदाता कैसे दर्ज हो सकते हैं? और एक व्यक्ति का नाम एक ही बूथ पर तीन-तीन बार क्यों है? उन्होंने सवाल उठाते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार से जवाब मांगा है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि कुछ विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं के नाम कटने की संख्या पिछली बार के जीत के अंतर से भी अधिक है। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र के लिए बेहद चिंताजनक है। जयराम रमेश ने दोहराया कि भारत का निर्वाचन आयोग पूरे देश का है, किसी एक पार्टी का नहीं। उन्हांने कहा, कि इसे सत्ताधारी दल की कठपुतली की तरह नहीं दिखना चाहिए। गौरतलब है कि निर्वाचन आयोग ने 30 सितंबर को बिहार की अंतिम मतदाता सूची जारी की थी, जिसमें कुल 7.42 करोड़ मतदाता दर्ज हैं। हालांकि आयोग ने कांग्रेस के इप आरोपों पर फिलहाल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## जनरल द्विवेदी के बयान पर सांसद नरेश बंसल ने कहा, मोदी राज में सेना को खुली छूट दे दी गई

नई दिल्ली। राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने बताया कि 2014 में केंद्र में पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता में आने के बाद से सशस्त्र बलों को खुली छूट मिली हुई है। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी के बयान पर बंसल ने बताया कि जब से पीएम मोदी की सरकार सत्ता में आई है। सेना का मनोबल बढ़ा है। सेना को खुली छूट दे दी गई है। सेना आतंकवाद का जवाब देने का तरीका, समय और तरीका खुद तय करती है। सांसद बंसल ने चेतावनी दी कि अगर पाकिस्तान आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद नहीं करता है, तब एक दिन पाकिस्तान दुनिया के नक्शे से मिट जाएगा। भाजपा नेता यासर जिलानी ने सेना प्रमुख के बयान का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मैं जनरल द्विवेदी के बयान का स्वागत करता हूं। मेरा मानना है कि अगर पाकिस्तान अब भी नहीं समझता, तब मुनीर सेना को ऑपरेशन सिंदूर के नए संस्करण के लिए तैयार रहना चाहिए। भारतीय सेना पाकिस्तानी आतंकवादियों को बख्शने के मूड में नहीं है। दरअसल जनरल द्विवेदी ने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि अगर वह आतंकवाद को प्रायोजित करना जारी रखता है, तब भारत सिंदूर 2.0 में उतना संयम नहीं रखेगा, जितना ऑपरेशन सिंदूर 1.0 के दौरान दिखाया था।

### लालू परिवार पर शिवराज का तंज

## किडनी देने वाली बेटी का भी तिरस्कार किया जा रहा

पटना। बिहार की राजनीति को लेकर वरिष्ठ बीजेपी नेता और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विपक्ष पर जोरदार हमला बोला है।



उन्होंने पटना में कहा कि आज बिहार में महिलाओं, युवाओं, किसानों और गरीबों के सशक्तिकरण के लिए काम हो रहा है लेकिन विपक्ष इस काम को पचाने में असमर्थ है और कुंठा में डूबा हुआ है। केंद्रीय मंत्री चौहान ने परिवारवाद और कुर्सीवाद को विपक्ष की सबसे बड़ी कमजोरी बताया है। उन्होंने कहा कि जिन दलों ने हमेशा परिवार को ही राजनीति का आधार बनाया, वे अब जनता के बीच अपनी उपयोगिता खो रहे है। मंत्री चौहान ने तंज कसते हुए कहा, परिवारवाद और कुर्सीवाद में इस कदर उलझे हैं कि किडनी देने वाली बेटी तक का तिरस्कार कर रहे है, आज बिहार में विपक्ष के भीतर असली लड़ाई इस बात की है कि कौन नेता होगा और कौन उत्तराधिकारी, एक नेता यहां है, तब दूसरा विदेश में घूम रहा है। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधकर कहा कि राहुल गांधी अपनी कुंठा विदेश में जाकर निकालते हैं और वहां जाकर देश को बदनाम करने का पाप करते हैं। भाजपा नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार सहित पूरे देश में गरीबों और वंचितों को योजनाओं का लाभ सीधे मिल रहा है। महिलाओं को सम्मान और सुरक्षा मिल रही है, किसानों को सहायता मिल रही है, युवाओं के लिए रोजगार और मौके पैदा हो रहे हैं। इसकारण जनता भाजपा और एनडीए पर विश्वास कर रही है और विपक्ष बौखलाहट में केवल नकारात्मक राजनीति कर रहा है। केंद्रीय मंत्री चौहान पटना में आयोजित मखाना महोत्सव में हिस्सा लेने के लिए बिहार गए हैं। देश भर में बिहार सबसे बड़ा मखाना उत्पादक राज्य है। इस लेकर उन्होंने कहा, मखाना बोर्ड उत्पादन, प्रोसेसिंग, पैकेजिंग से लेकर मार्केटिंग और निर्यात तक पूरी ताकत से काम करेगा, मखाना अब सिर्फ बिहार की पहचान नहीं, बल्कि निवेश और रोजगार का नया इंजन बनेगा।

# मुंबई हवाई अड्डे पर दो महिलाओं से 79 करोड़ रुपये की कोकीन जब्त

मुंबई। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर डीआरआई ने एक बड़े ड्रग तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। मिली जानकारी के अनुसार, मुंबई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 79 करोड़ रुपये की कोकीन जब्त की गई है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। बताया गया है कि डीआरआई मुंबई की विभागीय इकाई ने बैंकॉक से मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची दो महिला यात्रियों से अवैध रूप से तस्करी कर लाई गई 7.95 किलोग्राम कोकीन जब्त की है। जिसका अंतरराष्ट्रीय बाजार मूल्य लगभग 79.5 करोड़ रुपये है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बैंकॉक से मुंबई पहुंची दो महिला यात्रियों को डीआरआई अधिकारियों ने ?ुि?या जानकारी के बाद हवाई अड्डे पर रोक लिया। उनके सामान की जांच के दौरान खिलौनों के एक पैकेट में छिपाकर रखा गया प्रतिबंधित पदार्थ जब्त किया गया। खिलौनों के एक डिब्बे में सफेद पाउडर के ईंट के आकार के 22 पैकेट छिपाए गए थे। इन सभी पैकेटों को जब्त कर लिया गया और मौके पर ही प्रारंभिक जांच की गई। एनडीपीएस फील्ड किट से की गई जांच में पुष्टि हुई कि वह पदार्थ कोकीन है। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों महिलाओं को एनडीपीएस एक्ट, 1985 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों महिलाओं को कोर्ट में पेश करने पर कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया। डीआरआई मामले की आगे की जांच कर रही है और जांच एजेंसी को शक है कि एक बड़ा तस्करी रैकेट चल रहा है। शुरुआती जांच में पता चला है कि यह मामला अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करों के एक गिरोह से जुड़ा है। कस्टम अधिकारियों को गिरफ्तार आरोपियों की मोबाइल जानकारी में कई सबूत मिले हैं। इसमें कुछ विदेशी नागरिक भी शामिल हैं और इस पूरे गिरोह की तलाश जारी है। दक्षिण अमेरिका से विभिन्न मार्गों के माध्यम से दुनिया भर में ड्रग्स वितरित किए जाते हैं।

# कोचिंग सेंटर में विस्फोट, 2 की मौत

## शवों के चीथड़े उड़े, बाइकें 50 मीटर दूर गिरीं; 5 छात्र गंभीर

फर्रुखाबाद। यूपी के फर्रुखाबाद के एक कोचिंग सेंटर में शनिवार को विस्फोट हो गया। इसमें 2 युवकों की मौत हो गई। जबकि 5 छात्र घायल हुए हैं। यहां लाइब्रेरी भी चलती थी। घायलों को तत्काल फर्रुखाबाद के लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। विस्फोट इतना भयानक था कि 1 किलोमीटर दूर तक इसकी आवाज सुनाई दी। शवों के चीथड़े उड़ गए। चारों तरफ खून ही खून फैल गया। कुछ छात्रों के शरीर के मांस के लोथड़े काफी दूर जाकर गिरे। ब्लास्ट में कोचिंग सेंटर के दरवाजे और बेंच टूट गए। बाहर की स्लैब और पक्की दीवारें 50 मीटर दूर जा गिरीं। बाहर लगी लोहे की जाली 150 मीटर दूर पानी के गड्ढे में जा गिरी। आसपास के कई मकानों के शीशे टूट गए। मौके पर बारूद जैसी गंध आ रही थी।

### 50 मीटर दूर गिरीं बाइक-स्कूटी

कोचिंग सेंटर में छात्रों की खड़ी बाइक, स्कूटी और साइकिलें करीब 50 मीटर दूर तक जा गिरीं। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 2 गाडि ?ां, फतेहगढ़ और कादरी गेट थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटना के कारणों की जांच की जा रही है। घायलों का हाल जानने के लिए डीएम आशुतोष कुमार द्विवेदी और एसपी आरती सिंह लोहिया अस्पताल पहुंचे। सिटी मजिस्ट्रेट संजय कुमार बंसल भी मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम और बम स्क्वॉयड मौके पर पहुंच गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवनींद्र कुमार ने बताया कि अस्पताल लाए गए 7 घायलों में से 2 युवक को मृत घोषित कर दिया गया। इनमें एक युवक फतेगढ़ के निनौआ निवासी आकाश कश्यप पुत्र दीपक कश्यप है। दूसरे युवक की अभी पहचान नहीं हो पाई है।

## दिवाली से पहले वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग परिवार के घर राशन पहुंचाएगी स्टालिन सरकार

चैन्नई। तमिलनाडु सरकार ने शनिवार को घोषणा कि वह 20 अक्टूबर को होने वाली दिवाली से पहले सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग परिवार कार्डधारकों के घर तक राशन पहुंचाएगी। मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन द्वारा अगस्त में शुरु की गई थायुमानवर योजना के तहत घर-घर वितरण किया जाएगा। सरकार की ओर से बताया गया हैं कि वितरण पूरे राज्य में एक साथ किया जाएगा। 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग परिवारों के राशन कार्डधारकों को मासिक राशन लेने के लिए अपने पड़ोस की उचित दर दुकानों पर जाकर कतारों में इंतजार करना नहीं पड़ेगा। विज्ञप्ति में कहा गया है कि दुकानों से वाहन जरूरी वस्तुओं को सीधे लाभार्थियों के घर तक पहुंचाएंगे। साथ ही सटीक और पारदर्शी वितरण के लिए पीडीएस कर्मचारी इलेक्ट्रॉनिक तराजू और ई-पीओएस मशीनों का इस्तेमाल करने वाले है। इस पहल से तमिलनाडु भर में कुल 21.7 लाख कार्डधारक को लाभ होगा। उचित दर दुकानों को यह जानकारी अपने सूचना बोर्ड पर लगाने का निर्देश दिया गया है। सरकार ने बुजुर्गों और दिव्यांग जनों से इस योजना का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

## कुछ ना कहना




## अरब सागर में उठा चक्रवात 'शक्ति' बना गुजरात के लिए खतरा, कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

अहमदाबाद । अरब सागर में सक्रिय हुआ इस सीज़न का पहला चक्रवात 'शक्ति' एक बार फिर गुजरात के लिए चिंता का विषय बन गया है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, यह चक्रवात 6 अक्टूबर से यू-टर्न लेकर गुजरात की ओर बढ़ सकता है। 'शक्ति' चक्रवात के प्रभाव के चलते सौराष्ट्र और दक्षिण गुजरात के क्षेत्रों में भारी वर्षा की संभावना जताई गई है। इसके लिए मुंबई सहित गुजरात के कई जिलों में अलर्ट जारी किया गया है। वर्तमान में यह चक्रवात द्वारका से लगभग 510 किलोमीटर दूर स्थित है और 13 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। प्रशासन ने पोरबंदर बंदरगाह पर समुद्र में तेज़ धाराओं के कारण नंबर 3 का सिग्नल लगाया है, साथ ही मछुआरों को अगले 5 दिनों तक समुद्र में न जाने की सख्त चेतावनी दी गई है। आईएमडी के अनुसार, यह चक्रवात फिलहाल धीमी गति से आगे बढ़ रहा है, लेकिन इससे पहले यह महाराष्ट्र के मुंबई, रायगढ़, ठाणे, सिंधुदुर्ग, रत्नागिरी और पालघर जैसे जिलों में तबाही मचा सकता है। हालांकि, इसका सबसे ज़्यादा असर गुजरात के तटीय इलाकों में होने की संभावना है। मौसम विभाग ने 8 और 9 अक्टूबर को सौराष्ट्र और दक्षिण गुजरात के 6 जिलों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है। 8 अक्टूबर को जामनगर, देवभूमि द्वारका, पोरबंदर, सूरत, नवसारी, वलसाड और 9 अक्टूबर को मुख्य रूप से वलसाड जिले में भारी बारिश की संभावना। इसके अलावा, 10 अक्टूबर तक राज्य के कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज़ हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। तेज़ हवाओं की चेतावनी को देखते हुए मछुआरों को अगले पांच दिनों तक समुद्र में न जाने की सख्त सलाह दी गई है।

### भारत में धर्म का प्रचार कर रहे अमेरिकी नागरिक समेत तीन गिरफ्तार

भिवंडी। अमेरिका से बिजनेस वीजा पर भारत आया एक अमेरिकी नागरिक द्वारा लोगों को लालच दिखाकर धर्म का प्रचार करने का मामला सामने आया है। यह घटना मुंबई से सटे भिवंडी तालुका के चिंबीपाड़ा गांव की है। इस संबंध में भिवंडी तालुका ग्रामीण पुलिस स्टेशन में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर एक अमेरिकी नागरिक समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम साईनाथ गणपति सरपे (42, निवासी गोखिवरे, तालुका वसई, जिला पालघर), जेम्स वॉटसन (58, वर्तमान में हीरानंदानी एस्टेट, ठाणे (पश्चिम), मूल रूप से अमेरिका निवासी) तथा मनोज गोविंद कोल्हा (35, निवासी भुईशेत, चिंबीपाड़ा, तालुका भिवंडी) है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता रविनाथ सावजी भुरकुट भिवंडी तालुका के एक गांव में रहते हैं। पड़ोसी गाँव में रहने वाले आरोपी मनोज गोविंद कोल्हा के घर के सामने खुले स्थान पर 3 अक्टूबर को आरोपी जेम्स वाटसन की मौजूदगी में प्रार्थना कार्यक्रम शुरू हुआ।

द्वितीय पुण्यतिथि पर शत् शत् नमन



स्व. अमित मॉडल (अप्पु)

स्व. अमित मॉडल (अप्पु)

जीता रहा मैं अपनी धुन में, दुनिया का कायदा नही देखा।
रिश्ता निभाया तो दिल से कभी फायदा नही देखा।।
आप बहुत जल्दी चले गये लेकिन आप हमेशा हमारे दिल में रहेंगे।
हम आपके प्यार दयालुता और अद्भुत स्वभाव को याद करते है
आपको कभी नही भुलाया जायेगा।

आपकी द्वितीय पुण्यतिथी पर
पुण्य स्मरण करते हुये
श्रद्धासुमन अर्पित करते है

कोटिशः प्रणाम- श्रीमती कुसूम रानी माडॅल दादी,बड़े पापा निर्दोष मॉडल पूर्व नपा अध्यक्ष वारासिवनी, पापा धवल मॉडल पूर्व नपा अध्यक्ष वारासिवनी ,चाचा मुकेश माडॅल दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष एवं समस्त मॉडल परिवार वारासिवनी

# दुर्गा प्रतिमा विसर्जन का दौर संपन्न

## भक्तों ने नम आंखों से माता को दी विदाई, जगह जगह विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन कर निकाली गई शोभायात्रा





पद्मेश न्यूज। बालाघाट। जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसील व ग्रामीण अंचलों में 2 अक्टूबर दशहरा पूर्व से शुरू हुआ माँ दुर्गा प्रतिमा विसर्जन दौर 4 अक्टूबर शनिवार को सम्पन्न हो गया। जहा दुर्गा विसर्जन के तीसरे दिन सुबह से लेकर देर शाम तक नगर के विभिन्न जलाशयों में श्रद्धालु भक्तों द्वारा पूर्ण विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना कर माता रानी की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के समय श्रद्धालु भक्तगण भक्ति झूमते नाचते दिखाई दिए। मां के भक्त एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर गाजे-बाजे और ढोल-लगाड़ों पर नाचते-गाते हुए का शोभायात्रा में शामिल हुए, विभिन्न मार्गों का भृमण कराकर, माता रानी की प्रतिमा को वैनगंगा नदी सहित अन्य जलाशयों में विसर्जित कर माता रानी की आशीर्वाद प्राप्त किया। ज्ञात हो कि शारदीय नवरात्र में 10 दिन तक जिले भर के विभिन्न स्थानों में स्थापित दुर्गा पंडाल भक्तिगीतों से गुलजार रहे।जहा हवन-पूजन के साथ-साथ गीत-संगीत का कार्यक्रम अनवरत रूप से होता रहा,दशहरा के साथ नवरात्र पर्व समाप्त होने के बाद से ही विभिन्न दुर्गा उत्सव समिति द्वारा प्रतिमा विसर्जन का दौर शुरू कर दिया गया था।अंतिम दिन भी भक्तो ने धूमधाम से माता जी की प्रतिमा को जयकारे के साथ उठाया। जलाशय के करीब ले जाकर विधि विधान से पूजन अर्चन किया।वही प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस तरह शनिवार की देर शाम प्रतिमा विसर्जन के साथ ही शारदीय नवरात्र पर्व जिले भर में संपन्न हुआ।

**विसर्जन से पहले गंगाजल में मां के स्वरूप का किया दर्शन**

नगर सहित पूरे जिले में शारदीय नवरात्र की दशमी तिथि अर्थात विजयादशमी से मां दुर्गा की प्रतिमा के विसर्जन का सिलसीला शुरू हो गया था। विसर्जन से पहले पंडाल में भक्तों ने एक पात्र में गंगाजल भरकर उसके अंदर शीशा रखकर मां के स्वरूप का दर्शन किया। उन्हें दोधि कर्मा (चिवड़ा, दही व चीनी) का प्रसाद अर्पित करके भक्तों ने उसे ग्रहण किया। वही बंगाली महिलाओं ने मां को सिंदूर लगाकर सुहाग की रक्षा की कामना की। इसके बाद महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर ढाकी वादन में नृत्य करके मइया को रिझाया। इसके बाद विसर्जन यात्रा निकाली गई। ढोल-ताशा, डीजे, धमाल की थाप पर मां का जयकारा लगाते हुए मूर्तियों को तालाब, विसर्जन कुंड, नहर, सहित अन्य जलाशयों ले जाया गया। जहा माता के भक्तों ने माता रानी की विशेष पूजा अर्चना आराधना की ,वही आरती उतारी गई ।इसके अलावा क्षमा याचना व अन्य प्रार्थनाएं कर माता रानी की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। जहा नगर में विसर्जन का यह सिलसिला सुबह से लेकर देर रात तक चलता रहा।

**सुरक्षा व्यवस्था के दिखे पुख्ता इंतजाम**

दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान निकाली गई शोभायात्रा में माता रानी के भक्त अबीर गुलाल उड़ाते नजर आए, तो वही उनके भजन पर थिरकते श्रद्धालु ,विभिन्न जलाशयों तक पैदल कोई वाहनों से जाते दिखाई दिए। इस दौरान विसर्जन स्थानों पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था देखी गई ।जहां नदियों के भीतर तक पहुंचने वाले श्रद्धालु भक्तों को पुलिसकर्मी रोकते नजर आए, ताकि विसर्जन के दौरान कोई बड़ा हादसा ना हो सके ।जहां पूर्ण विधि-विधान और पौराणिक परंपराओं के अनुसार भक्तो द्वारा माता रानी को नम आंखों से विदाई देकर उनकी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया ।नगर में विसर्जन का यह सिलसिला सुबह से लेकर देर शाम तक चलता रहा।

# संघ की १०० वीं वर्षगांठ पर होगा पथ संचलन

## एकत्रितकरण के ८४ गांव के स्वयं सेवक पथ संचलन में होंगे शामिल

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। विजयादशमी से संघ की शताब्दी वर्ष यात्रा प्रारंभ हो चुकी है साल भर जागरण अभियान चलाया जाएगा। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष को लेकर पूरे देशभर में विशेष कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है। इसी क्रम में महाकौशल प्रांत के बालाघाट जिले की वारासिवनी तहसील में भी बड़े स्तर पर गतिविधियां संचालित की जाएंगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार महाकोशल प्रांत के सिवनी विभाग के वारासिवनी खंड में १५ मंडल और चार बस्तियों में रविवार की दोपहर ४ बजे से जिसमें आंबेडकर चौक,कचहरी मैदान,



स्वामी विवेकानन्द बस्ती, टिहलीबाई स्कूल,श्रीराम बस्ती ,श्रीराम मंदिर, कबीर बस्ती ,जैन मंदिर के पास दुर्गा पंडाल से पथ संचलन एवं एकत्रितकरण किया जाएगा । संघ की केंद्रीय योजना के अंतर्गत २ से १५ अक्टूबर २०२५ के मध्य जिले के प्रत्येक मंडल और बस्ती में स्वयं सेवकों के साथ पथ संचलन के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक संचलन में स्वयं सेवक पूर्ण गणवेश में भाग लेंगे। इस हेतु संघ के कार्यकर्ता लगभग १ महीने पूर्व से घर घर संपर्क कर रहे हैं । ताकि हिन्दू समाज के प्रत्येक घर से स्वयं सेवक इस राष्ट्रीय अभियान में सहभागिता करें। संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार ने संघ की स्थापना के समय यह स्पष्ट किया था कि संघ कोई नया कार्य नहीं कर रहा। बल्कि सदियों से चले आ रहे सांस्कृतिक कार्यों को संगठित रूप में आगे बढ़ा रहा है। २ अक्टूबर २०२५ को राष्ट्रीय स्वय सेवक संघ अपने १०० वर्ष पूर्ण कर चुका है और इसी निमित्त विजयादशमी से पूरे एक वर्ष सितंबर २०२६ तक विविध गतिविधियों के माध्यम से हिन्दू समाज में संगठन, सेवा और सद्भावना की भावना को और मजबूत किया जाएगा। २ से १५ अक्टूबर 2025 के मध्य प्रत्येक मंडल और बस्ती स्तर पर पथ संचलन निकाला जाएगा। जिससे विजयादशमी से शताब्दी वर्ष का शुभारंभ होगा। इसके बाद १५ से ३० नवंबर २०२५ के बीच हर गांव, हर बस्ती, घर.घर विषय पर व्यापक गृह संपर्क अभियान चलेगा। जिसमें संघ साहित्य का वितरण भी किया जाएगा और स्थानीय कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

# वृद्ध जन के लिए मददगार बनी आपातकालीन संजीवनी-108 सेवा

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। तिरोड़ी तहसील के ग्राम हथौड़ा निवासी वृद्ध जन धुवे प्रसाद लेदे पिता मारुती लेदे के लिए स्वास्थ्य विभाग की



आपातकालीन सेवा संजीवनी-108 मददगार बन गई है और उनकी जीवन रक्षा में सहायक बनी है। इसमें संजीवनी-108 एम्बुलेंस के ईएमटी डॉ गौरीशंकर पटले एवं पायलेट प्रवीण का बहुत बड़ा योगदान रहा है। ग्राम हथौड़ा के बुजुर्ग व्यक्ति धुवे प्रसाद लेदे 03 अक्टूबर की रात्रि में माँ दुर्गा प्रतिमा विर्सजन देखने घर से बाहर निकले थे। तभी अचानक पैर फिसलने से वे नीचे गिर गये और उनके दांये कुल्हे के पास से पैर की हड्डी टूट गई। उनके पुत्र फागूलाल लेदे व चित्रसेन लेदे के द्वारा संजीवनी-108 में फोन किया गया। कंट्रोल रूम से सूचना मिलते ही ईएमटी डॉ गौरी शंकर पटले व पायलेट प्रवीण संजीवनी-108 एम्बुलेंस लेकर घटना स्थल ग्राम हथौड़ा पहुंचे। लेकिन वृद्ध जन धुवे प्रसाद के घर तक का पहुँच मार्ग बहुत संकरा होने के कारण एम्बुलेंस का घर तक पहुंचना संभव नहीं था। तब ईएमटी डॉ गौरी शंकर पटले व ग्रामीण जन के सहयोग से मरीज को ईसपाईन बोर्ड में एम्बुलेंस तक पहुँचाया गया एवं मरीज की स्थिति को देखते हुए ईएमटी डॉ पटले द्वारा मरीज को जिला चिकित्सालय बालाघाट में भर्ती कराया गया। समय पर अस्पताल पहुंच जाने से धुवे प्रसाद को बहुत राहत पहुंची है। यदि समय पर संजीवनी-108 एम्बुलेंस की सेवा नहीं मिलती को धुवे प्रसाद के साथ अनहोनी घटना हो सकती थी।

# ग्राम सोनपुरी नारंगी में निकली मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम लक्ष्मण सीता और हनुमान की चैतन्य झांकी-अहंकारी रावण का किया गया दहन

पद्मेश न्यूज। उकवा। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति सोनपुरी नारंगी में लगातार चार वर्षो से से नवरात्रि पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है नवरात्रि के नवदिन माता रानी के भक्तों की भीड़ लगी रही जिसमें संगीत मई आरती की गई सभी भक्तगण लीन होकर भक्ति की गई

**नवरात्रि के नौ दिन तक भंडारे का किया गया आयोजन**

सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति सोनपुरी नारंगी प्रांगण में माँ अम्बे जी की आरती के पश्चात प्रतिदिन माता रानी के चाहने वाले भक्तों के द्वारा आरती में आए सैकड़ो लोगों को विशाल भंडारा कराया जाता है जिसमें तरह-तरह के व्यंजन पुलाव, खीर पूड़ी हलवा फल मिठाइयां आदि का



वितरण किया जाता है तत्पश्चात रात्रि में प्रतिदिन अनेक प्रकार के कार्यक्रम रखे गए दिन मे देवी पुराण पंडित ईशु महाराज उपाध्याय द्वारा किया गया।

**सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति सोनपुरी**

सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति सोनपुरी के द्वारा आकर्षक झांकियां निकाली गई जिसमे श्री राम लक्ष्मण एवं सीता माता बने नन्हें मुन्ने बच्चे, नशा मुक्ति के तहत, कश्मीर पहलगाम आतंकी हमले में, नवदुर्गा, शंकर पार्वती,पर्यावरण बचाओ, सोच बदलो देश बदलेगा आदि झांकियां दुर्गा पंडाल से होकर गांव का भ्रमण कर पुनः दुर्गा मैदान पर रावण दहन करने पहुंची इस दौरान नन्ही मुन्नी बालिकाओं के द्वारा झांकियों के आगे आगे कलश यात्रा निकाली गई। ग्राम के चौक चौक पर रैली में चल रहे भक्तों को शर्बत, बिस्केट चॉकलेट आदि वितरण किया गया झांकी मैदान पहुंची जहां पर रावण के विशाल पुतले का विधि विधान से पंडित के द्वारा पूजा अर्चना की गई जिसमें शानदार आतिशबाजी के बीच नन्हे श्री राम के द्वारा रावण दहन किया गया उसके पश्चात रैली में प्रथम आने वाली झांकी मोबाइल से होने वाले दुष्परिणाम को जिसे राजेश राहंगडाले द्वारा 1100 रु दिया गया द्वितीय कुम्हार समाज जिसमें मिट्टी से बने आकर्षित बर्तन को जिसे सरपंच सुनील उइके द्वारा 700 रु दिया गया एवं तृतीय पुरस्कार को पंडित ई. महाराज द्वारा 500रु दिया गया । साथ ही साथ इनामी कूपन भी रखा गया था जिसमें प्रथम पुरस्कार कूपन नंबर 11 को रेंजर साइकिल दिया गया द्वितीय पुरस्कार नंबर 704 को एलईडी एवं तृतीय पुरस्कार नंबर 513 को मिक्सी एवं अन्य आकर्षण इनाम भी दिए गए! फिर शुरू हुआ छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम नव किरण छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम का दर्शकों ने भरपूर आनंद उठाया सुबह ग्राम का भ्रमण कर मूर्ति को डीजे की धुन पर विसर्जित ग्राम के ही एक तालाब में किया गया इस आयोजन को सफल बनाने* के लिए मुख्य अतिथि स्वरूप मैकेनिकल इंजीनियर उकवा मोईल अजय बड़ोले, सर्व धर्म सेवा समिति अध्यक्ष जेम्स बारीक सर सचिव नितिन कुमार, रवि पंन्द्रे,ग्राम के वरिष्ठ नागरिक ओमकार राहगडालें,किसन लाल गजभिये, मनोज अग्रवाल आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति के अध्यक्ष मनोज चौधरी, सरपंच सुनील उइके कांतिलाल चौहान, राजेश राहंगडाले,रमेश उमरे, डॉक्टर प्रभात घुले अशोक गनवीर, नरेश उइके,नारायण राऊत, राजेश राहंगडाले,संदीप गजभिये, देवेंद्र बिसेन, नवीन ठाकरे,संदीप धनकडे, मगेश कोलते, गुलु पंचतिलक, तपेश, विजेंद्र कटरे,अनिल उइके,संतोष चौधरी, भूमेश मात्रे अशोक कटरे राजेश ग्रसिया, हेमेंद्र मात्रे, मुकेश शनिचरे हिमांशु मेश्राम भोजराज बिसेन आदि एवं ग्राम सोनपुरी नारंगी के समस्त भक्तगण।

# पति के वाद विवाद से परेशान महिला ने कीटनाशक दवाई का किया सेवन

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। नगर के वार्ड नंबर 13 बूढ़ी सागौन वन निवासी महिला लता पति रंगलाल नगपुरे 52 वर्ष ने पति द्वारा की गई मारपीट से परेशान होकर के कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया जिसे जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लता नगपुरे गमले की दुकान लगती है।जिसका पति रंगलाल नगपुरे शराब पीने का आदी है और वह छोटी-छोटी बातों को लेकर अपनी पत्नी लता नगपुरे से वाद विवाद और मारपीट करते रहता है। 3 अक्टूबर की रात्रि 10ः00 बजे लता नगपुरे दुकान बंद करके अपने घर आई तभी उसका पति रंगलाल नगपुरे हमेशा की तरह पत्नी लता नगपुरे से वाद विवाद और मारपीट करने लगा था। जिसके मानसिक तनाव में आकर लता ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर ली। जिससे उसके बेटे अमित नगपुरे ने जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया।

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सोहेल शेख पिता ताज मोहम्मद वार्ड न. 6 चांदनी चौक तिरोडी तह. कंटंगी जिला बालाघाट म.प्र. का निवासी हु।

मेरे ड्राईविंग लाइसेंस मे त्रुटिवश मेरा नाम सोहेल शेख पिता ताज मोहम्मद लिखा गया है जो कि मेरे अन्य दस्तावेजो से भिन्न है। जो कि मेरे अन्य दस्तावेज मे मेरा सही नाम शेख सोहेल दर्ज है।

अतः मुझे मेरे ड्राईविंग लाईसेंस मे मेरा नाम शेख सोहेल पिता ताज मोहम्मद किया जावें। एवं मुझे मेरे नाम शेख सोहेल पिता ताज मोहम्मद के नाम से ही जाना व पहचाना जावें।

**शेख सोहेल पिता ताज मोहम्मद**
**वार्ड न. 6 चांदनी चौक तिरोडी**
**तह. कटंगी जिला बालाघाट म.प्र**

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आनंद जामुनपाने पिता तामराज जामुनपाने ग्राम डोरली पोष्ट आगरी तहसील वारासिवनी जिला बालाघाट म.प्र. का निवासी हु।

मेरे ड्राईविंग लाइसेंस मे त्रुटिवश मेरा नाम जामुनपाने आनंद पिता तामराज जामुनपाने लिखा गया है जो कि मेरे अन्य दस्तावेजो से भिन्न है। जो कि मेरे अन्य दस्तावेज मे मेरा सही नाम आनंद जामुनपाने पिता तामराज जामुनपाने दर्ज है।

अतः मुझे मेरे ड्राईविंग लाईसेंस मे मेरा नाम आनंद जामुनपाने पिता तामराज जामुनपाने किया जावें। एवं मुझे मेरे नाम आनंद जामुनपाने पिता तामराज जामुनपाने के नाम से ही जाना व पहचाना जावें।

**आनंद जामुनपाने पिता तामराज जामुनपाने**
**ग्राम डोरली पोष्ट आगरी**
**तह. वारासिवनी जिला बालाघाट म.प्र**

# खेतों में नरवाई जलाना पूरी तरह प्रतिबंधित, उल्लंघन करने पर लगेगा जुर्माना

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। नरवाई अर्थात फसलों के अवशेष खेतों में जलाने से पर्यावरण को नुकसान पहुंचने के साथ ही किसानों एवं खेती के लिए उपयोगी कीट नष्ट हो जाते है। इन्हीं तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए सम्पूर्ण बालाघाट जिले में खरीफ-2025 की धान की फसल कटाई के बाद नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसका उल्लंघन करने वाले किसानों पर जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी। उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि जिले में नरवाई जलाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसका उल्लंघन करने पर 2,500 से 15 हजार रुपये तक का अर्थदण्ड अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा लगाया जाएगा। नरवाई जलाने से आगजनी की घटनाओं के कारण जन-धन की हानि, वातावरण का तापमान बढ़ना, पर्यावरण प्रदूषण, भूमि की उर्वरा शक्ति व लाभकारी सूक्ष्म जीवों का नष्ट होना जैसी गंभीर समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। साथ ही खेत की जलधारण क्षमता भी प्रभावित होती है। कृषकों से अपील की गई है कि वे नरवाई जलाने के स्थान पर सुपरसीडर, हैप्पीसीडर, स्मार्टसीडर और रोटावेटर जैसे आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग करें। इससे खेत में कार्बनिक पदार्थों की मात्रा बढ़ेगी, भूमि की उर्वरा शक्ति में वृद्धि होगी और अगली फसल की उत्पादकता पर सकारात्मक असर पड़ेगा।

# असामाजिक तत्वों द्वारा ग्रामीणों को गांव से उठाकर नेशनल पार्क बनाए जाने की फैलाई जा रही है अफवाह

## ग्रामीण भ्रमित करने वाली बातों पर विश्वास ना करें -सालेटेकरी चौकी प्रभारी धनसिंह धुर्वे

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** बैहर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 108 के समस्त वनांचल ग्रामों में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा ग्रामीणों के बीच यह झूठी अफवाह फैलाई जा रही है कि आप लोगों को गांव से उठाया जा रहा है,यहां नेशनल पार्क बनाया जाएगा। ऐसी अफवाह फैला कर ग्रामीणों को भ्रमित किया जा रहा है। 4 अक्टूबर जिले के कलेक्टर , पुलिस अधीक्षक एवं एस.डी.ओ.पी. बैहर के निर्देशानुसार सालेटेकरी पुलिस चौकी प्रभारी धनसिंह धुर्वे ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जब जांच पड़ताल की तब यह अफवाह झूठी पाई गई। उन्होंने ग्रामीणों की एक बैठक ली और ग्रामीणों को समझाइए दी की आप लोगों को गांव से नहीं उठाया जा रहा है यहां कोई नेशनल पार्क नहीं बनाया जा रहा है। सामाजिक तत्वों द्वारा ऐसी झूठी अफवाह फैलाकर आप लोगों को भ्रमित किया जा रहा है। चौकी प्रभारी श्री धुर्वे जी ने स्पष्ट किया कि यह पूर्णतः असत्य और निराधार है। ग्रामीण भाइयों से उन्होंने अपील की है कि ऐसी भ्रमित करने वाली बातों पर विश्वास न करें।कानून व्यवस्था पर भरोसा रखें और शांति एवं स्वतंत्रता से अपना जीवन व्यतीत करें। इस अवसर पर ग्राम के अनेकों वरिष्ठ नागरिक जन भी उपस्थित रहे, जिन्होंने ग्रामीणों को आपसी एकता और शांति बनाए रखने का आग्रह किये है।




# ग्वालियर में 69 वी राज्य शालेय कराते मे शिवानी, आदित्य संभाग करेंगे प्रतिनिधित्व

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। 69 वी शालेय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले के मुलना स्टेडियम कराते प्रशिक्षण केंद्र के खिलाड़ी जूनियर वर्ग में आदित्य राना एवं सीनियर वर्ग में शिवानी नैवारे संभाग जबलपुर का एवं जिले बालाघाट की ओर प्रतिनिधित्व करेंगे । प्रतियोगिता उद्घाटन 04 अक्टूबर को किया गया है एवं दिनांक 5 से 8 अक्टूबर के मध्य 17 एवं 19 आयु वर्ग बालक बालिका वर्ग कराते की प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक0विद्यालय क्रमांक-1 मुरार, ग्वालियर में खेली जाएगी । इस अवसर पर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु जिला खेल अधिकारी श्री अभिषेक चौधरी द्वारा खिलाड़ियों को अग्रिम शुभकामनाएं एवं जिला कराटे प्रशिक्षक सजिन्द्र कृष्णन द्वारा शालेय राज्य स्तर में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु दोनों खिलाड़ी को अच्छे प्रदर्शन करने हेतु कहा। यह वर्तमान में विभागीय कराते प्रशिक्षण केन्द्र मुलना स्टेडियम में प्रशिक्षण ले रहे हैं एवं शालेय कराते प्रभारी कराते कोच राधिका डोंगरे को अग्रिम शुभकामनाएं दी गई हैं।

बारबेड वायर (कांटेदार तार)
एवं चेन लिंक जाली
उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरुपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# सीट बढ़ाए जाने की मांग को लेकर नर्सिंग की छात्राओं ने फिर किया प्रदर्शन

### नगर में निकाली रैली, सांसद और कलेक्ट्रेट में सौपा ज्ञापन, मांग पूरी ना होने पर 6 अक्टूबर को ब्लैक डे मनाने की दी चेतावनी, जानबूझकर शासकीय कालेज की सीट ना बढाने का लगाया आरोप, की जमकर नारेबाजी






**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** नर्सिंग की पढ़ाई के लिए छात्राओं को हर मोड़ पर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जहां लाख जतन के बावजूद भी उन्हें सरकारी कालेजो में एडमिशन नहीं मिल पा रहा है, तो वही आए दिन आवेदन निवेदन ज्ञापन सौपने के बावजूद भी सरकार द्वारा सरकारी कॉलेज में प्रवेश के लिए सीट नहीं बढ़ाई जा रही है।हलाकि सीट बढाए जाने की मांग को लेकर 3 दिन पूर्व बुधवार को किए गए प्रदर्शन में चार कॉलेज की जगह आठ कॉलेजो में चॉइस फिलिंग करके, 515 के अतिरिक्त 345 सीटे बढ़ाई गई है, जिनकी संख्या अब 860 हो चुकी है लेकिन इसपर भी छात्राएं नाराज हैं।जहां इस पढ़ाई के लिए परीक्षा में पास होने वाली छात्राओं की संख्या अधिक होने और सीट की संख्या अब भी काफी कम होने पर अपनी नाराजगी जताते हुए शनिवार को एक बार फिर नर्सिंग की छात्राओं ने नगर में एक रैली निकालकर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।जहां अपनी मांगों को लेकर छात्राओं ने सांसद निवास पर पहुंचकर सासंद भारती पारधी से मुलाकात की तो वही रैली के माध्यम से कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर अपनी इन मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी कर ज्ञापन भी सौपा है। जहां उन्होंने च्वाईस फिलिंग 6 अक्टूबर की समय सीमा को बढाए जाने के साथ-साथ च्वाइस फिलिंग के लिए प्रदेश के सभी 22 सरकारी कॉलेजो में 1800 के करीब सीटों की संख्या बढ़ाए जाने की मांग की है। जहां उन्होंने मांग पूरी न होने पर उनका यह प्रदर्शन जारी रखने की भी चेतावनी दी है।

**3 दिन में दूसरा बड़ा प्रदर्शन**

ज्ञात हो कि नर्सिंग कालेजो की सीट बढाए जाने की मांग को लेकर नगर में लगातार तीन दिनो में छात्राओं का यह दूसरा बड़ा आंदोलन था, जो हनुमान चौक से प्रोटेस्ट लेकर चली थी और सांसद भारती पारधी से मुलाकात करके, अपनी समस्या को लेकर, चर्चा की। सांसद भारती पारधी ने छात्राओं की मांगो को जायज बताते हुए हरसंभव, सरकार और विभाग से चर्चा कर, समस्या को दूर करने का भरोसा दिलाया है। वही छात्राओ ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुँचकर पुन: इसी मांग को लेकर ज्ञापन सौपा है।

**तो कैसे सिध्द होंगा, बेटी पढ़ाओ - बेटी बचाव का नारा**

नर्सिंग छात्राओं ने प्रोटेस्ट करते हुए सरकार की नीति रीति पर सवाल खड़े किए हैं।छात्राओं ने सरकार से कहा कि बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ का नारा तभी सिद्ध होगा, जब नर्सिंग की छात्राओ को सरकारी कॉलेज आबंटित किया जाएगा, ना कि उन्हें प्रायवेट कॉलेजो में धकेला जाएगा। छात्राओं ने सरकार पर आरोप लगाया कि वह बेटियो को शासकीय कॉलेज में पढ़ने से वंचित कर रही है। यह स्थिति उस बालाघाट जिले की है, जहां सेक्स रेसो-दर, महिलाओं का ज्यादा होने और बड़ी संख्या में छात्राओं को अच्छे अंक लाने के बावजूद, उनका शासकीय कॉलेज में सिलेक्शन नहीं हो पा रहा है, जिसके खिलाफ बालाघाट जिले की बेटियां पढ़ने को लेकर अपनी आवाज उठा रही है।छात्राओ ने सरकार पर ,जानबूझकर उन्हें परेशान किए जाने का आरोप भी लगाया है।

**तो 6 अक्टूबर के दिन को मनाएंगे ब्लैक डे-अंजली**

छात्रा अंजली किरार ने बताया कि हमें, इतनी क्षमता नहीं है कि हम ज्यादा फीस देकर प्रायवेट में पढ़ सके। हम केवल पढ़ाना चाहते है और सरकार से मांग करते है कि जिस तरह से हमारे पहले प्रोटेस्ट के बाद सीटों को बढ़ाने के साथ ही कॉलेजो की संख्या बढ़ाई गई, उसी प्रकार, हम चाहते है कि सभी 22 कॉलेज को साईट पर डाला जाए, ताकि चयनित छात्राएं, वहां प्रवेश ले सके। छात्राओं ने बताया कि अच्छे अंको से पास होने के बाद भी उनका सिलेक्शन नहीं हो पा रहा है।, 6 अक्टूबर का दिन, छात्राओं के लिए ब्लैक-डे ना बनने दे।

**यह शासन स्तर का मामला है- एसडीएम धुर्वे**

एसडीएम धुर्वे ने बताया कि मामला शासनस्तर का है और छात्राओं की समस्या है कि कल रविवार की छुट्टी के बाद सोमवार 6 अक्टूबर को च्वाईस फिलिंग की अंतिम तिथि है, जैसा कि छात्राओं का कहना है कि आज ही सभी 22 कॉलेजो को च्वाईस फिलिंग में अलाट किया जाता है तो छात्राओं का भविष्य बच जाएगा।इसलिए उक्त ज्ञापन को तत्काल वरिष्ठ अधिकारियो को प्रेषित किया जाएगा। जो भी निर्णय होना है वह शासन स्तर से होगा।

# मप्र पुलिस पेंशनर्स संघ ने मनाया तीसरा स्थापना दिवस

### विभिन्न बिंदुओं पर, मांगो को पूरा कराने बनाई रणनीति



पद्मेश न्यूज। बालाघाट। रिटायर्ड पुलिसकर्मियों के द्वारा सन 2022 में 4 अक्टूबर के दिन पुलिस पेंशनर संघ की स्थापना की गई थी।जिसको आज 3 वर्ष पूर्ण हुए।इस अवसर पर बालाघाट जिले की कार्यकारिणी ने भी एक कार्यक्रम का आयोजन कर मप्र. पुलिस पेंशनर्स संघ का तीसरा स्थापना दिवस मनाया। नगर के बिरसामुंडा चौक स्थित एक होटल में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पेंशनर्स एवं संगठन के पदाधिकारियो ने पेंशनर्स को लेकर अपने अपने विभिन्न विचार व्यक्त किए, तो वही उन्होंने आगामी समय में किए जाने वाले सामाजिक कार्यों को लेकर भी चर्चा की। इसके अलावा बैठक में पेंशनर्स की विभिन्न मांगों को पूरा कराए जाने को लेकर भी रणनीति बनाई गई है।जहा संपन्न कराए गए मंचीय कार्यक्रम में उपस्थित तिथियों का सम्मान किया गया तो वही 1 वर्ष के कार्यकाल में की गतिविधियों पर पदाधिकारियो ने बारी बारी से प्रकाश डालते हुए, वर्षों से लंबित उनकी विभिन्न मांगों को लेकर आगामी रणनीति बनाई।बताया गया कि रिटायर्ड पुलिस कर्मचारियों को पेंशन संबंधित विभिन्न प्रकार की समस्याएं रहती है जिसका निराकरण करने के लिए इस संघ का गठन किया गया है जिसको आज 3 वर्ष पूर्ण होने पर तीसरा स्थापना दिवस का आयोजन किया गया था।

**इन बिंदुओं पर की गई चर्चा**

मप्र पुलिस पेंशनर्स संघ द्वारा वर्षों से लंबित अपनी विभिन्न मांगों पर सह-विस्तार चर्चा करते हुए उन मांगो को पूरी करने को लेकर रणनीति बनाई गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पेंशनर्स संघ पदाधिकारियो ने वर्षों से लंबित पेंशनर्स की विभिन्न मांगों को लेकर सह विस्तार चर्चा कर, इन मांगों को पूरी करने को लेकर आपसी विचार विमर्श किया।जिसमे सभी कर्मचारियों को पेंशन न मिलाना ,एरियर राशि का भुगतान न होना ,कर्मचारियों के डीए सहित अन्य मांगे है बताया गया कि इसके पूर्व संघ के माध्यम से डीए प्राप्त करने के लिए राज्यपाल को पत्र भेजा गया था। जहां शासकीय कर्मचारियों की डीए वाली मांग तो सरकार द्वारा पूरी कर दी गई है। लेकिन सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लीए की मांग सहित अन्य मांगे है जिसपर कोई फैसला नही आया है।

**प्रदेश संगठन से जैसे निर्देश मिलेंगे, उस हिसाब से काम किया जाएगा- प्रजापति**

मप्र. पुलिस पेंशनर्स जिला अध्यक्ष उमेशचंद्र प्रजापति ने बताया कि आज संघ की स्थापना का तीसरा वर्ष है जो हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।स्थापना दिवस के अवसर पर बैठक रख, विभिन्न पर चर्चा की गई है। प्रदेश संगठन से जो निर्देश मिले हैं उसे पढ़कर सुनाया गया है, इस बैठक में साफ सफाई ,सामाजिक कार्य, नशा मुक्ति के लिए कार्य, चक्रवर्ती ब्याज आदि की जानकारी सदस्यों को दी गई है।पेंशनर्स के हितों को लेकर चर्चा कर, हमारी विभिन्न मांगों को पूरा करने को लेकर आगामी रणनीति बनाई गई है।क्योंकि वर्तमान समय में पेंशनर्स को विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।जिसको लेकर पेंशनर्स कर्मचारी परेशान है। इन मांगो को पूरा कराने के लिए प्रदेश संगठन से जैसे निर्देश मिलेंगे, उस हिसाब से कार्य किया जाएगा।

# शुरू होने के दूसरे ही दिन समाप्त हो गया कांग्रेसी पार्षदो का अनिश्चितकालीन धरना

### प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन पर धरना प्रदर्शन खत्म, नेता प्रतिपक्ष ने आश्वासन पूरा करने दिया 20 दिनों का अल्टीमेटम, सभी 33 वार्ड में निर्माण कार्य शुरू न होने पर पुनः दी अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की चेतावनी



**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** करीब 6 माह पूर्व 28 मार्च को नगर पालिका में आयोजित परिषद की बैठक प्रस्ताव क्रमांक 11 पर चर्चा की गई थी।जिसमे वार्ड नंबर 1 से लेकर वार्ड नंबर 33 तक के सभी वार्डों में जरूरी कामों में से, कोई एक अति आवश्यक निर्माण संबंधी काम को पूरा किए जाने का प्रस्ताव पास किया गया था।लेकिन 6 महा पूर्व पास किए गए इस प्रस्ताव के तहत खासकर विपक्षी पार्षदों के वार्डो में अब तक निर्माण कार्य शुरू नही किया है। जहां निर्माण कार्य शुरू होना तो दूर की बात, अब तक उन कार्यों की टीएस फाइल तक तैयार नहीं हुई है।जिसपर अपनी नाराजगी जताते हुए पूर्व में दी गई चेतावनी के अनुरूप नगर पालिका के विपक्षी पार्षदों ने नगर पालिका गेट के सामने निर्माण कार्य शुरू किए जाने की मांग को लेकर शुक्रवार से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया था।विपक्षी पार्षदों द्वारा शुरू किए गए इस अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के दौरान विधायक अनुभा मुंजारे सहित विपक्षी पार्षदों ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए प्रस्ताव क्रमांक 11 के सभी निर्माण कार्यों का टीएस जारी कर निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की गई।वही विपक्षी पार्षदों के साथ भेदभाव किए जाने सहित कार्यो में घोटाले करने का आरोप लगाते हुए मांग पूरी न होने तक उनका अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू रहने की चेतावनी दी थी। लेकिन शुक्रवार को शुरू हुआ यह धरना प्रदर्शन शनिवार की दोपहर प्रशासनिक अधिकारियों से मिले ठोस आश्वासन के बाद समाप्त कर दिया गया है ।जहां धरना प्रदर्शन पर बैठे विपक्षी पार्षदों ने, तहसीलदार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नपा अध्यक्ष व उपाध्यक्ष से मिले ठोस आश्वासन पर अपना धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया।जिन्होंने आश्वासन पूरा करने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को 20 दिनो का अल्टीमेटम दिया है।जिसमें उन्होंने समय सीमा के भीतर निर्माण संबंधी कार्यों का टीएस जारी न होने और प्रस्ताव क्र.11 के अनुसार सभी वार्डों में निर्माण कार्य शुरू न होने पर 20 दिन बाद एक बार फिर से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किए जाने की चेतावनी दी है।

**20 दिन के भीतर टेंडर लगाने का आश्वासन मिला**

नगरीय क्षेत्र में विकास कार्यों में अनदेखी का आरोप लगाकर नगर पालिका के विपक्षी पार्षदों और कांग्रेस से बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे द्वारा शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन दूसरे दिन शनिवार को समाप्त हो गया। तहसीलदार और सीएमओ बीड़ी कतरोलिया ने पार्षदों से चर्चा कर आश्वस्त किया।जिसके उपरांत विपक्षी पार्षदों ने धरना प्रदर्शन वापस ले लिया।बताया गया कि पार्षदगण नगर विकास व विभिन्न समस्या को लेकर धरने पर बैठे थे। शनिवार को तहसीलदार और सीएमओ ने धरना स्थल पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनीं।तहसीलदार ने आश्वास्त किया है कि विकास कार्यों को लेकर सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे।उन्होंने निर्माण कार्यों में निविदा को लेकर आ रही तकनीकी समस्या से भी अवगत कराया। बताया कि अभी निर्माण कार्यों का टीएस नहीं आया है। 20 दिन के अंदर टेंडर लग जाएंगे।जिनसे मिले ठोस आश्वासन पर विपक्षी पार्षदों द्वारा धरना प्रदर्शन समाप्त करने की घोषणा की गई।

**तो पुनः शुरू किया जाएगा धरना प्रदर्शन- कारो लिल्हारे**

अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन समाप्त किए जाने को लेकर की गई चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद योगराज उर्फ कारो लिल्हारे ने बताया कि हमारी मांगें जायज हैं। जिनको लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया गया था।आज तहसीलदार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका उपाध्यक्ष सहित अन्य धरना स्थल पर आए थे उन्होंने प्रस्ताव क्रमांक 11 के अनुसार जल्द से जल्द टीएस कराकर निर्माण कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया है। जिनके आश्वासन पर हमने यहां अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया है।उन्होंने शहर के सभी 33 वार्डों में निर्माण कार्यों से जुड़ा मांग पत्र पढ़ा। उन्होंने कलेक्टर और सीएमओ से बातचीत की। संभावना है कि इस संबंध में उन्होंने नपाध्यक्ष से भी चर्चा की होगी।हमने स्पष्ट कर दिया है कि अगर 20 दिन में टेंडर नहीं लगेंगे, तो विपक्ष दोबारा हड़ताल करेगा। इस पर तहसीलदार ने आश्वस्त किया कि जल्द ही तकनीकी बिंदुओं पर काम कर टेंडर लगाए जाएंगे। यदि ऐसा नहीं होता तो पुनः अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न, जनता के मुद्दों पर संघर्ष का लिया संकल्प

### वरिष्ठों के अलावा मंडलम, सेक्टर और बूथ पदाधिकारियों ने रखे विचार, संगठन सशक्त बनाने पर दिया गया जोर




पद्मेश न्यूज। बालाघाट। शनिवार को नगर के अंबेडकर चौक स्थित कमला नेहरू हाल में कांग्रेस पार्टी द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। आयोजित इस सम्मेलन में बालाघाट विधानसभा क्षेत्र के मंडल, सेक्टर और बूथ स्तर के पदाधिकारी ने अपने अपने क्षेत्रीय मुद्दों के साथ-साथ अन्य सामाजिक मुद्दे उठाए। तो वही पदाधिकारियो द्वारा संगठन व पार्टी को मजबूत बनाने, अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी से जोड़ने, संगठन को सशक्त बनाकर पार्टी को पहले से और अधिक मजबूती प्रदान करने को लेकर विचार रखे गए।तो वही बैठक के दौरान वरिष्ठ पदाधिकारियो ने गरीब, किसान, मजदूर महिलाओं सहित जनता के अन्य मुद्दों को बयां करते हुए, जनता के विभिन्न मुद्दों को लेकर स ?क पर उतकर संघर्ष करने का संकल्प लिया गया।सम्मेलन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी और वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

**जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए हम सड़कों पर उतरने तैयार है**

सम्मेलन में कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने जनता को महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार की मार दी है। इन परिस्थितियों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याओं को समझना और उन्हें कांग्रेस की नीतियों से जोड़ना होगा। संगठन की मजबूती ही आने वाले समय में परिवर्तन की कुंजी बनेगी। पार्टी को मंडलम से लेकर बूथ स्तर तक संगठित करना, जनता के मुद्दों को घर-घर तक पहुंचाना और आमजन के विश्वास को पुन: स्थापित करना ही इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य है।

विधायक मुंजारे ने कहा कि बालाघाट कांग्रेस अब नई ऊर्जा और नई रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है। हर कार्यकर्ता को यह समझना होगा कि जनता के संघर्ष में कांग्रेस की भूमिका निर्णायक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश और केंद्र सरकार की असफलताओं को उजागर करते हुए कांग्रेस जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए सड़कों पर उतरने को तैयार है।कार्यक्रम के समापन पर बालाघाट कांग्रेस ने मजबूत संगठन, मजबूत लोकतंत्र और सशक्त भारत का संकल्प लिया।कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि वे जनता की आवाज को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने और हर स्तर पर न्याय की लड़ाई लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**जनता के हर मुद्दे पर सरकार कर रही छलावा- अनुभा**

विधायक अनुभा मुंजारे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार ने किसानों, मजदूरों और महिलाओं से किए वादों को तोड़कर छल किया है। कांग्रेस पार्टी का हर कार्यकर्ता अब बूथ स्तर तक संगठित होकर जनता के बीच पहुंचे और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाए। क्यो की कांग्रेस संगठन ही देश और प्रदेश में सच्चे लोकतंत्र की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन मजबूत संगठन, मजबूत लोकतंत्र और बालाघाट विधानसभा के नवनिर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम है।उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार ने चुनाव के दौरान किसानों से धान का समर्थन मूल्य 3100 प्रति क्विंटल देने का वादा किया था, लेकिन आज तक यह वादा पूरा नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को न तो सही दाम मिल रहा है और न ही समय पर भुगतान। महिलाओं के लिए चलाई जा रही लाड़ली बहना योजना में भी सरकार ने जनता को भ्रमित किया है। चुनाव से पहले तीन हजार रुपये देने की घोषणा की गई थी, परंतु आज तक वादे के अनुसार राशि नहीं दी जा रही है।

# पिकअप की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार घायल

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। हट्टा थाना अंतर्गत सालेटेका रोड पर स्थित चिखला पुल के पास पिकअप ने मोटरसाइकिल को ठोस मार दी। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार संजय पिता सूरज लाल मोहारे 48 वर्ष ग्राम सिहोरा थाना नवेगांव निवासी घायल हो गये। जिसे जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार संजय मोहारे खेती किसानी करते हैं। 4 अगस्त को सुबह 6ः00 बजे संजय मोहरे मोटरसाइकिल मे हट्टा अपने खेत गए थे। और खेत घूमने के बाद संजय मोहरे मोटरसाइकिल में हट्टा से अपने घर सिहोरा लौट रहे थे। तभी हट्टा से सालेटेका रोड पर स्थित चिखला पूल के पास सामने से तेज रफ्तार से आ रही पिकअप ने मोटरसाइकिल को ठोस मार दी। पिकअप की ठोकर से संजय मोहारे मोटरसाइकिल सहित गिरने से घायल हो गए।जिन्हें डायल 112 से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया गया।

# मधुमक्खी के हमले में एक व्यक्ति घायल

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। लालबर्रा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम बट्टा हजारी मैं मधुमक्खी के हमले में एक व्यक्ति घायल हो गया घायल व्यक्ति सूरज लाल पिता घोड़की दशहरे 50 वर्ष को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सूरज लाल दशहरे खेती किसानी करते हैं। 3 अक्टूबर को दोपहर 3ः00 बजे सूरज लाल दशहरे जंगल जा रहे थे। तभी गांव से 1 किलोमीटर दूर वह पहुंचा ही था कि अचानक मधुमक्खी के झुंड ने उस पर हमला कर दिया और मधुमक्खी उसे काटने लगी। जैसे तैसे सूरज लाल दशहरे भाग कर अपने घर पहुंचे और मधुमक्खी के कांटे निकलवाये। 4 अक्टूबर को सुबह सूरज लाल को उसके परिवार वालों ने जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किये है।

# लालबर्रा से कंजई हाईवे मार्ग में जगह-जगह बने जानलेवा गड्ढे, दुर्घटना को दे रहे आमंत्रण

## सड़क खराब होने से आवागमन में हो रही परेशानी, जिम्मेदार मौन, राहगीर एवं ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त

### निर्माण कार्य एवं गड्ढों का जल्द मरम्मत कार्य करवाने की उठी मांग





**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा। नगर मुख्यालय से होकर गुजरे बालाघाट सिवनी हाईवे मार्ग के लालबर्रा से कंजई के बीच में जगह जगह बड़े बड़े जानलेवा गड्ढे बन चुके है। जिसके कारण मार्ग से आने-जाने वाले ग्रामीणजन, राहगीर एवं स्कूली ब%चों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही आये दिन दुर्घटनाएं भी घटित हो रही है परन्तु प्रशासन के द्वारा सड़क के खस्ताहाल की ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है, जिससे सभी में शासन-प्रशासन के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त है। वहीं विगत माह पूर्व सरकार के द्वारा सिवनी से बालाघाट हाईवे मार्ग निर्माण कार्य स्वीकृत हो जाने एवं करोड़ों रूपयों की लागत से फोरलेन सड़क का निर्माण करवाये जाने की घोषणा की गई थी। लेकिन सड़क स्वीकृत हो जाने की घोषणा हुए लंबे समय बीत जाने के बाद भी अब तक धरातल पर कुछ भी काम नही हुआ है। साथ ही वर्तमान में लालबर्रा से कंजई के बीच में अनगिनत जानलेवा गड्ढे बन चुके है। जिसके कारण इस मार्ग से गुजरते समय चौपहिया, दुपहिया, साईकिल व पैदल आने-जाने वालों को सावधानीपूर्वक आवागमन करना पड़ रहा है। इस दौरान अगर किसी की नजर गड्ढे से हटती है तो दुर्घटना घटित हो सकती है। वहीं लालबर्रा से कंजई तक सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है परंतु शासन प्रशासन मौन धारण किये हुए है उनके द्वारा खराब सड़क के सुधार व मरम्मत हेतु कोई सार्थक प्रयास नहीं किये जा रहे है। जिससे ऐसा लगता है कि प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है।**

#### गड्ढों में तब्दील हुआ मार्ग, हो रही दुर्घटनाएं

आपकों बता दे कि एमपीआरडीसी विभाग के द्वारा विगत वर्ष पूर्व बालाघाट से सिवनी हाईवे मार्ग का डामरीकरण निर्माण किया गया था। लेकिन लंबे समय से सड़क का गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कार्य नही करवाया गया है जिसके कारण लालबर्रा से कंजई के बीच में सबसे अधिक सड़क खराब हो चुकी है एवं जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके है। साथ ही बालाघाट-सिवनी हाईवे मार्ग में कंजई बेरियर से लेकर लालबर्रा के बीच आने वाले ग्राम कंजई, नेवरगांव ला. बस स्टैण्ड, पोंडी, पाथरशाही, कटंगटोला, लालबर्रा मजार के समीप, सैंट्रल बैंक लालबर्रा, लालबर्रा बस स्टैण्ड, सहित अन्य स्थानों पर जानलेवा गड्ढे बन गये है और उक्त स्थानों से तेज गति से वाहन गुजरते समय हर समय बड़ी दुर्घटना घटित होने की संभावना बनी हुई है। जबकि इस मार्ग से रोजाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सांसद, विधायक एवं प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी भी आना-जाना करते है परन्तु उनके द्वारा भी इस समस्या की ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि बड़ा हादसा घटित होने के बाद शासन-प्रशासन जागेगा। जबकि इस मार्ग के निर्माण एवं मरम्मत की जिम्मेदारी म.प्र. सड़क विकास निगम प्राधिकरण के अधिकारियों की है जिनके द्वारा घोर लापरवाही का परिचय देते हुए मार्ग पर बने खतरनाक गड्ढों की मरम्मत नही करवाई जा रही है और न ही किसी प्रकार के संकेतक लगाये गये है जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

#### सड़क कम, गड्ढे अधिक नजर आ रहे है - मनीष

पिछड़ा वर्ग कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनीष कुशवाहा ने बताया कि बालाघाट से सिवनी हाईवे मार्ग का खस्ताहाल हो चुका है एवं लालबर्रा से कंजई के बीच में जगह-जगह बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे बन गये है, जिसके कारण आये दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही है। जबकि क्षेत्र की जनता लंबे समय से इस मार्ग का निर्माण होने का इंतजार कर रही है एवं जनप्रतिनिधि भी सड़क बनाने का आश्वासन दे रहे है लेकिन सड़क का निर्माण कार्य अब तक शुरू नही हुआ है।



श्री कुशवाहा ने बताया कि सड़क कम गड्ढे अधिक नजर आ रहे है ऐसी स्थिति में आवागमन करते समय अगर लोगों की नजर गड्ढों से हटती है तो बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। इसलिए इस मार्ग से आवागमन करते समय चौपहिया, दुपहिया सहित अन्य वाहन चालकों को सावधानीपूर्वक आवागमन करना पड़ रहा है। लेकिन जिम्मेदार जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन कोई ध्यान नही दे रहा है जिससे राहगीरों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है।

#### हाईवे मार्ग का जल्द निर्माण करवाये प्रशासन - संतोष

नेवरगांव ला. सरपंच संतोष पंचेश्वर ने बताया कि कंजई से लालबर्रा तक सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुका है, अगर कोई लालबर्रा मुख्यालय जा रहा है तो ऐसा लगता है कि शाम तक वह सही स्थिति में घर वापस आयेगा या नही क्योंकि सड़क के स्थान पर सिर्फ गड्ढे ही दिखाई देते है, जिसके कारण हर समय बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।



श्री पंचेश्वर ने बताया कि गत दिवस गड्ढे में मोटरसाइकिल जाने से पति-पत्नि गिर गये थे, अगर वाहन तेज गति में रहता तो बहुत बड़ा हादसा घटित हो सकता था। वहीं 6 माह पूर्व समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी लगी थी कि सिवनी से बालाघाट सड़क का निर्माण कार्य स्वीकृत हो चुका है। लेकिन अब तक किसी प्रकार का कार्य प्रारंभ नही हुआ है और वर्तमान में सड़क पूरी तरह से खराब हो चुकी है, शासन-प्रशासन से मांग है कि जल्द सड़क का निर्माण करवाये।

# पांढरवानी पंचायत में मनाई गई गांधी-शास्त्री जयंती

## गांधी जयंती पर दिलवाई गई स्वच्छता की शपथ



**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय की ग्राम पंचायत पांढरवानी-लालबर्रा में 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत पांढरवानी सरपंच अनीस खान, पंचायत सचिव सहित अन्य गणमान्य नागरिकों व कर्मचारियों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हे याद किया। जिसके बाद उपस्थितजनों को स्वच्छता की शपथ दिलवाई गई और आसपास स्व' छता बनाये रखने की अपील की गई। चर्चा में पांढरवानी सरपंच अनीस खान ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई गई है और सभी ने शपथ भी ली है कि विभिन्न प्रकार की बुराई, नशीली वस्तुओं से दूर रहेगें, स्व' छता बनाये रखेगें। साथ ही सभी से गांधी जी, शास्त्री जी के बताये मार्ग पर चलने कहा गया है। इस अवसर पर सरपंच अनीस खान, विधायक प्रतिनिधि शैलेष केकती, सुमित स्वामी, नितिन साखला, रामनाथ सोनी, सलीम खान, जमील मंसूरी, राजा अवधिया, रमेश अवधिया, पदम जैन, एडीओं श्री पारधी, रणविजय सिंह सचिव, कृष्णा पचेश्वर सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# बघोली में शस्त्र पूजन कर मनाया गया दशहरा पर्व

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय से लगभग 5 किमी. दूर ग्राम पंचायत बघोली स्थित माता मंदिर में स्वयं सेवकों के द्वारा शुक्रवार को शस्त्र पूजन किया गया। इस अवसर पर स्वयं सेवकों के द्वारा माता मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद शस्त्र पूजन किया गया एवं शाम में दशहरा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता,



हनुमान की जीवंत झांकियों के साथ डीजे की धुन पर दशहरा चल समारोह की शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा ग्राम के विभिन्न चौक-चौराहों का भ्रमण करते हुए माता मंदिर परिसर पहुंची। जिसके बाद समिति के पदाधिकारियों ने भगवान श्रीराम, लक्ष्मण एवं माता सीता की पूजा अर्चना की तत्पश्चात भगवान श्रीराम के द्वारा तीर मारकर अहंकारी रावण के पुतले का दहन कर दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। वहीं दशहरा पर्व के दुसरे दिन शुक्रवार को माँ दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन कर शारदेय नवरात्र पर्व का समापन किया गया। इस अवसर पर नवदुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष नीलकंठ टेंभरे, सर्वसमाज अध्यक्ष मनीष रहांगडाले सहित समिति के अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# खमरिया में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विजयादशमी का पर्व



**पद्मेश न्यूज/खमरिया/लालबर्रा।** जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खमरिया में बुराई पर अच्छाई व असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक दशहरा विजयादशमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल से भगवानों की जीवंत झांकिया के साथ डीजे की धुन पर शोभायात्रा निकाली गई और यह शोभायात्रा ग्राम के विभिन्न चौक-चौराहों का भ्रमण करते हुए दशहरा मैदान पहुंची। जहां विधि-विधान से पूजा अर्चना कर भगवान श्रीराम बने युवक के द्वारा दशानन के पुतले का दहन किया गया। आपकों बता दे कि हिन्दु धर्म ग्रंथ रामायण में यह उल्लेखित है कि दशहरे के दिन ही राम ने रावण का वध कर बुराईयों का अंत किया था तभी से इस दिन बुराईयों के प्रतीक के रूप में रावण के पुतले का दहन कर व्यक्ति अपने मन की बुराईयों का भी नाश करता है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी खमरिया में दशहरा चल समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया और भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता, वानर सेनाओं की जीवंत झांकिया आकर्षण का केन्द्र रही। दशहरा मैदान में विधि-विधान से सोनपत्ती के वृक्ष का एवं अन्य पूजन कार्य संपन्न होने के बाद रावण के पुतले का दहन कर बुराई पर अच्छाई व असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक विजयादशमी का पर्व मनाया गया।

#### दशहरा पर्व पर नीलकंठ पक्षी का दर्शन बेहद शुभ

हिन्दु मान्यताओं के अनुसार शास्त्रों में दशहरा पर्व के दिन नीलकंठ पक्षी के दर्शन करना बहुत शुभ माना जाता है। दशहरा पर्व के दिन अगर किसी को नीलकंठ नजर आ जाये तो उस व्यक्ति का घर धन्य, धान्य से भर जाता है, उस व्यक्ति के सारे कार्य सफल हो जाते है एवं दशहरा पर्व के दिन नीलकंठ पक्षी दिखने का मतलब एक शुभ शुरूआत माना जाता है और यह पक्षी सौभाग्य का प्रतीक होता है।

# बेलगांव में एचआईव्ही एड्स के विरूध्द जागरूकता अभियान कार्यक्रम का हुआ आयोजन






**पद्मेश न्यूज (लालबर्रा)।** नगर मुख्यालय स्थित शासकीय महाविद्यालय के द्वारा गोदग्राम बेलगांव में राज्य एड्स नियंत्रण समिति भोपाल एवं मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी जिला एड्स नियंत्रण समिति बालाघाट के निर्देशों के परिपालन में रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को सघन जागरूकता अभियान के अंतर्गत एचआईव्ही एड्स के विरूध्द जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ग्राम सरपंच अरविंद पंचेश्वर के मुख्य आतिथ्य, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्रकुमार खण्डायत की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्र 'वलित कर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर ग्राम में जागरूकता रैली निकाली गई एवं पंचायत भवन में संगोष्ठी का आयोजन कर एचआईव्ही एड्स के दुष्प्रभाव एवं बचाव के उपाय बताये गये। वहीं इस अभियान का मुख्य उद्देश्य 15 से 49 आयु वर्क के जनसामान्य में एचआईव्ही संक्रमण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। एचआईव्ही संक्रमण के कारण, बचाव के तरीके एवं एचआईव्ही जॉच तथा उपचार पर श्रीमती सीमा बोपचे काउंसलर आईसीटीसी लालबर्रा ने महत्वपूर्ण प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को एचआईव्ही एड्स के होने वाले कारणों एवं बचाव के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। साथ ही यह भी कहा कि सजग रहकर इस बीमारी का बचाव किया जा सकता है। बेलगांव सरपंच डॉ. अरविंद पंचेश्वर ने एचआईव्ही एड्स के विरूध्द जनजागरूकता के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं जागरूकता एवं संगोष्ठी कार्यक्रम संपन्न होने के बाद पर्यावरण संरक्षण के लिए गोदग्राम बेलगांव में एनएसएस इकाई द्वारा वृक्षारोपण किया गया एवं उसकी सुरक्षा करने का संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रेड रिबन क्लब प्रभारी प्रो. नरेश सौलखे, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रदीपकुमार भिमटे, डॉ. देवराज चौरे, डॉ. आशीष बागडे, डॉ. कामाक्षा बिसेन, उपसरपंच श्रीमती प्रमिला गाडेश्वर, विजेन्द्र राणा, तुलसीराम मानेश्वर, प्राध्यापक सुमन बरवा, डॉ. आशा कारे, श्रीमती आरती विश्वकर्मा, दीपक अहिरवार, पीतम मुरते, यादोराव राजुरकर, वेंकटरमन नगपुरे, श्रीमती सरिता एड़े, रामदयाल मथारे, लकेश गेडाम, मिनेश पंचेश्वर, कु. सोनम हरिनखेड़े, निशांत तलवरे एवं विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा।

# बैडबाजे की धुन पर शोभायात्रा निकालकर भक्तिभाव के साथ माँ दुर्गा को दी विदाई

## लालबर्रा सहित क्षेत्र में देररात तक चला माता रानी की प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला

**पद्मेश न्यूज।लालबर्रा )।** नगर मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में आदिशक्ति माँ दुर्गा के आराधना का 10 दिवसीय शारदेय नवरात्र पर्व धूमधाम एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। सार्वजनिक पंडालों में विराजित माँ जगदम्बे की शोभायात्रा शुक्रवार को श्रध्दालुओं के द्वारा बैड-बाजे एवं डीजे की धून पर निकालकर धार्मिक आस्था और भक्तिभाव के साथ प्रतिमाओं को नदी, नहर व तालाबों में विसर्जित (विदाई देकर) कर पर्व का समापन किया गया। इसी तरह ग्राम पंचायत अमोली के सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति, सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति औल्याकन्हार, श्रीगणेश नवदुर्गा उत्सव गंज समिति लालबर्रा के द्वारा शुक्रवार को बैंडबाजे के साथ माँ दुर्गा की प्रतिमा की शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान युवक-युवतियों के द्वारा जमकर नृत्य भी किया गया और यह शोभायात्रा नगर मुख्यालय एवं ग्राम अमोली का भ्रमण करते हुए ग्राम अमोली-बम्हनी के बीच व कुछ समितियों मिरेगांव के समीप से गुजरी ढूटी वीयर वैनगंगा बड़ी नहर पहुंची जहां आरती के पश्चात प्रतिमा विसर्जित कर प्रसादी का वितरण किया गया। प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला क्षेत्र में देर-रात तक जारी रहा जहां पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात





किया गया था और प्रतिमा विसर्जन के द्वारा किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित नही हुई है। सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि गत 22 सितंबर को जगत जननी माँ दुर्गा की प्रतिमा विराजित कर शारदेय नवरात्र पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया गया एवं 3 अक्टूबर को माता रानी की प्रतिमा को ढूटी वीयर वैनगंगा बड़ी नहर में विसर्जित किया गया और माता-रानी से कामना करते है कि सभी के जीवन में सुख, शांति एवं समृध्दि बनाये रखे।

# धूमधाम से मनाया गया असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजयादशमी

**पद्मेश न्यूज।लालबर्रा।** नगर मुख्यालय में हिन्दु उत्सव समिति लालबर्रा के द्वारा 2 अक्टूबर को असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक विजयादशमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर माँ सरस्वती प्रांगण से भगवान श्रीराम, लक्ष्मण एवं माता सीता की जीवंत झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली गई। जो सीएम राइज शास. उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान पहुंची जहां पूजन अर्चन कर भगवान श्रीराम के द्वारा तीर मारकर अहंकारी रावण के 31 फीट पुतले का दहन किया गया और दशानन धू-धू कर जला। वहीं इस वर्ष हिन्दु उत्सव समिति लालबर्रा के द्वारा चल समारोह नही निकाला गया। हिन्दु उत्सव समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि विजयादशमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सांदीपनी स्कूल लालबर्रा के खेल मैदान में 31 फीट लंका



नरेश रावण के पुतले का दहन किया गया। साथ ही यह भी बताया कि यह त्यौहार असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है इसलिए सभी को सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। इस अवसर पर म.प्र. पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग सदस्य मौसम बिसेन, जिला पंचायत सदस्य झामसिंह नागेश्वर, भाजपा मंडल लालबर्रा अध्यक्ष प्रसन्न अवधिया सहित आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं क्षेत्रीयजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# बालाघाट मार्ग में जानलेवा गड्ढों से बनी हैं दुर्घटना की आशंका

## खस्ताहाल सड़क से राहगीरों को हो रही परेशानी





वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। नगर से जिला मुख्यालय को जोड़ने वाला वारासिवनी बालाघाट मार्ग खस्ताहाल हो गया है। मार्ग में जगह जगह डामर उखड़ने से बड़े बड़े गड्ढे निर्मित हो गए हैं तो वहीं सड़क अनेको स्थान से फटने लगी है। ऐसे में आवागमन करना एक समस्या बनी हुई है जहां दुर्घटना की संभावना हर स्थान पर बनी हुई है। कई मर्तबा दुर्घटनाएं भी घटित हो गई है जिसमें लोगों को गंभीर घायल होने के साथ अपनी जान भी गवना पड़ा है। इसको लेकर अनेको बार मार्ग के दुरुस्तीकरण की मांग उठती रही है। परंतु वर्तमान तक मार्ग को मरम्मत के माध्यम से दुरुस्त नहीं किया गया है। जिसका परिणाम है कि मार्ग की स्थिति यथावत बनी हुई है ,लोग खतरों का सामना कर प्रतिदिन अपनी मंजिलों के लिए आवागमन कर रहे हैं। ऐसे में जागरूक नागरिकों के द्वारा मार्ग की मरम्मत कर सुरक्षित आवागमन बनाए जाने की मांग शासन प्रशासन से की जा रही है।

### जिला मुख्यालय का एक मात्र साधन है यह सड़क मार्ग

विदित हो की वारासिवनी, खैरलांजी ,कटंगी और तिरोड़ी के लिए यह सड़क मार्ग के रूप में वारासिवनी से



बालाघाट मार्ग एक मात्र सीधा साधन है। जहां से रोजाना सैकड़ो लोग अपने रोजगार शिक्षा व्यापार सहित विभिन्न राजनीतिक सामाजिक कार्यों के लिए आना जाना करते हैं। इस दौरान उन्हें मार्ग के जर्जर हालत होने के कारण कई प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़ता है जैसे मोटरसाइकिल खराब हो जाती है। दुर्घटना में कई नागरिक चोटिल हो जाते है जबकि जिले के जिम्मेदार सभी प्रकार के अधिकारी इस मार्ग से विभिन्न क्षेत्र भ्रमण के लिए भी आना जाना करते हैं। पर वर्तमान तक मार्ग की तस्वीर बदलने पर किसी जिम्मेदार के द्वारा ध्यान नहीं दिया गया है। जबकि वारासिवनी और उससे लगे अन्य क्षेत्र के लिए यह इकलौता मार्ग जिला मुख्यालय के लिए बना हुआ हैं।

### इन स्थानों पर हैं समस्या

वारासिवनी बालाघाट मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर स्थिति बहुत ज्यादा खराब है। जिसमें ग्राम पंचायत वारा के काली मंदिर के सामने से बनियाटोला तक फिर कायदी और बंजारी माता मंदिर के पास से गर्रा तक मार्ग में बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं। कई स्थानों पर मार्ग की साइड शोल्डर जमीन में धस गई है और पूरे मार्ग में सड़क में लंबी लंबी दरारें बनने लगी है। इस प्रकार मार्ग बहुत ज्यादा खराब हो गया है जहां तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने से या भरी ट्रक गुजरने के बाद मोटरसाइकिल को सड़क पर चढ़ने के दौरान अधिकांश दुर्घटनाएं देखने को मिल रही है।

### मार्ग में बड़े बड़े गड्ढे होने से दुर्घटनायें हो रही है-राजू पारधी

राहगीर राजू पारधी ने बताया कि वारासिवनी मेरा आना जाना होता रहता है। कभी कभी समय हो जाने पर यह जो गड्ढे रहते हैं इससे बहुत ज्यादा तकलीफ होती है। हम गरीब आदमी है रोजी.रोटी कमाने के लिए शहर हमें जाना पड़ता है। इस सड़क पर जिम्मेदार प्रशासन ध्यान देकर गड्ढों को भरवादें। यहां ऐसा है कि हम जैसे पैदल साइकिल या मोटरसाइकिल से चलने वाले व्यक्तियों को समस्या तब होती है जब कोई बड़ी गाड़ी आ जाती है और उस समय कुछ समझ नहीं आता। क्योंकि यहां कुछ भी हो सकता है रोड की दुरुस्ती होना चाहिए । वारासिवनी रेलवे क्रॉसिंग से गर्रा तक रोड़ में गड्ढे है और फूट गई है इन गड्ढों में जो पानी भरा है वह सबसे ज्यादा समस्या बना हुआ है।स्मृति

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच वोकल फार लोकल को क्षेत्र में मिल रहा बढावा-प्रदीप जायसवाल

## हाथकरघा एवं हस्तशिल्प प्रदर्शनी का हुआ समापन

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर के दादाबाड़ी हाल में हाथ करघा एवं हस्तशिल्प प्रदर्शनी का समापन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल,नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे, मोनू लिमजे, राकी गिडवानी की मौजूदगी में प्रारंभ किया गया। पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा की सेवा पखवाडा २०२५ के अंतर्गत स्थानीय कारीगरो, स्व सहायता समूहो के द्वारा निर्मित उत्पादो की प्रर्दशनी के चार दिवसीय आयोजन किया गया है। इस प्रदर्शनी में स्थानीय शिल्पकारो के द्वारा उत्कृष्ठ शिल्प कलाओं का प्रदर्शन सह विक्रय किया गया है। श्री जायसवाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच वोकल फार लोकल को हमारे क्षेत्र में भी आगे बढाया जा रहा है। आज स्वदेशी, स्वास्थ्य व स्वच्छता के सिंद्वातो पर चलने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जंयती पर उन्हे नमन करते हुये उनके सिद्वांतो को आगे बढाने के कार्य को हम सतत रूप से कर रहे है। श्री जायसवाल ने कहा कि २००३ में हमने तात्कालिन सहकारीता मंत्री के पी सिंह को मेहदींवाडा लाकर इस कला व कलाकारो को आगे बढाने का कार्य किया था। साथ ही केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी जब वारासिवनी आये थे, तब भी कोसे की साडी उनकी धर्मपत्नि को भेंट कर इस कला का विस्तार से परिचय कराया था। फेम इंडिया के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मेहदींवाडा की साडियों को पहुंचाने वाले स्थानीय कलाकार भाई भुवन पराते की जंहा सराहना की। वहीं संत गोरोबा काका माटीकला हस्तशिल्प की स्टाल पर जाकर पुरी टीम की भी सराहना की। साथ ही महात्मा गांधी जंयती पर खादी के वस्त्र खरीदकर इसका प्रचार कर अपनी कार्यशैली का परिचय भी जनमानस को कराया। इस दौरान विनायक मार्को सहायक संचालक, एस के डेकाटे ग्रामोधोग विस्तार अधिकारी, एस के आजाद प्रभारी कृष्ण कुमार कावरे, रामदयाल पात्रे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।






# दुर्गा प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

## भक्तों में दिखा खासा उत्साह दूसरे दिन तक चला विसर्जन का दौर







पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। नगर सहित क्षेत्र में शारदेय नवरात्र पर्व का समापन विजयदशमी के साथ २ अक्टूबर को किया गया। इसके अगले दिन दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन कार्यक्रम सार्वजनिक समितियों के द्वारा प्रारंभ किया गया। जिसमें हर्ष उल्लास के साथ धूमधाम से विसर्जन किया गया। इस नवदिवसीय नवरात्र पर्व का समापन दशहरा पर्व के साथ हुआ है और सार्वजनिक पंडालों में विराजित माँ जगदम्बे की प्रतिमाएं शुक्रवार को विसर्जन के लिये भक्तों ने अपनी माता के ऊपर आस्था रखी। सड़को पर धूमधाम और डीजे की धूम देखने को मिली हर्षोल्लास के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। विसर्जन का दौर शाम से प्रारंभ हुआ जो देर रात्रि तक जारी रहा और बड़ी नहर, तालाब व नदियों में प्रतिमा का विसर्जन किया गया। विसर्जन के पूर्व शांतिपूर्व तरीके से समितियों के द्वारा माँ जगदम्बे की शोभायात्रा निकाली गई । जो नगर का भ्रमण करते हुए नदी नहर तालाब पहुंची जहां माता रानी की पूजा अर्चना कर सदा आर्शिवाद बनायें रखने की कामना के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

### भक्तो ने क्षमा याचना के साथ माता को दी बिदाई

नगर के हैदराबाद मोहल्ला के महिला मंडल दुर्गाउत्सव समिति, गुरुनानक दुर्गात्सव समिति, गांधी चौक स्थित जय जनजागृति दुर्गात्सव समिति, नव युवक दुर्गोत्सव भाजी मंडी समिति, नवदुर्गा उत्सव समिमि , अनाज गंज दुर्गा उत्सव समिति, वैष्णो देवी दुर्गा उत्सव, जय माँ जगदम्बा दुर्गा उत्सव सहित अन्य समितियों से माता रानी की भव्य रूप में शोभायात्रा निकालकर उन्हे बिदाई दी गई। सभी ने बड़ी नहर पहुंचकर माँ जगदंबे की आरती कर प्रतिमा विसर्जन किया। इस ९ दिवसीय पर्व में सार्वजनिक पण्डाल के समिति पदाधिकारी एवं भक्तजनों ने माता रानी की भक्तिभाव के साथ आराधना कर नगर, क्षेत्र एवं परिवार में सुख, शांति एवं समृध्दि बनाये रखने एवं पर्व के दौरान जाने अनजाने में कुछ गलतियां हुई हो उसके लिए क्षमा करने की कामना की गई।

### नव दुर्गा उत्सव सिविल क्लब का ऐतिहासिक रहा 22 वां वर्ष

नगर में २२ वां वर्ष में नव दुर्गा उत्सव समिति सिविल क्लब ने डीजे की धुन पर सार्वजनिक पण्डाल में बैठी माता रानी की आकर्षक मनमोहक प्रतिमा का विसर्जन किया गया। विदित हो कि नवरात्र पर्व के दौरान इस पंडाल में जहां गरबा नृत्य हुआ। वहीं उस गरबा को अति भव्य करने का कार्य किया गया। साथ ही माता रानी का दरबार भी राजस्थानी थीम पर महल के रूप में कलकत्ता के कलाकारों ने बनाया। जहाँ माँ की आराधना कर दशहरा पर्व के अवसर पर २ अक्टूबर को भंडारा रूपी महाप्रसादी का वितरण भक्तजनों को किया गया। जिसके बाद ३ अक्टूबर को माता.रानी की भव्य शोभायात्रा निकालकर नगर भ्रमण करते हुए सीधे बड़ी नहर समिति सदस्य पहुॅचे जहां पूरे विधि विधान से विसर्जन किया गया। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी समिति द्वारा डीजे की धुन पर माता रानी की शोभायात्रा निकाल कर माँ के भक्तजनों के द्वारा जमकर नृत्य व गुलाल उड़ा कर माता रानी की बिदाई दी। समिति अध्यक्ष संजय सिंह कछवाहा ने बताया कि ३ अक्टूबर को माता रानी की बिदाई की गई है। इस वर्ष नवरात्र पर्व को भव्य बनाने के लिए कार्य किया गया आने वाले वर्ष में और भव्य कार्यक्रम किए जाएंगे। इस वर्ष गरबा कार्यक्रम एवं पंडाल में भव्यता देने का कार्य किया गया। जिसमें कलकत्ता के कारीगरों ने पंडाल का निर्माण किया तो वहीं गरबे में ढोल के साथ बाहरी कलाकारों ने प्रस्तुति दी। आगामी ८ अक्टूबर को भव्य बॉलीवुड नाइट के साथ लकी ड्रॉ खोला जाएगा। जिसमें हिंदी सिनेमा के अभिनेता चंकी पांडे ,फिल्मी गायक सजा भट्ट ,दीक्षा टूर सहित अन्य कलाकार अपना जलवा बिखेरेंगे। लोगों से अपील है कि वह बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का आनंद लेने की अपील समिति अध्यक्ष संजय सिंह कछवाहा ने की है।

### शांतिपूर्ण ढंग से सम्राट नगर के भक्तों ने मातारानी का किया विसर्जन

सम्राट नगर दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा ३ अक्टूबर को मां भगवती की भव्य प्रतिमा का शांतिपूर्ण ढंग से नहर में विसर्जन किया गया। यह नवरात्र पर्व सार्वजनिक पंडाल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जहां पर मां भगवती के नौ स्वरूप की स्थापना कर नव दिवस तक आराधना करने के उपरांत १ अक्टूबर को हवन पूजन कर महाप्रसादी का वितरण किया गया। इसके बाद ३ अक्टूबर को मां भगवती की शांति पूर्वक शोभायात्रा निकालकर नगर भ्रमण करते हुए बड़ी नहर में विसर्जन किया गया। इसमें समिति सदस्यों के द्वारा नवरात्र के दौरान हुई हर एक गलती के लिए मां भगवती के सामने कान पड़कर उठक बैठक लगाकर क्षमा याचना की गई। वहीं आगामी ९ अक्टूबर को प्रसिद्ध भजन गायक शहनाज अख्तर का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसके माध्यम से लकी ड्रा खोला जाएगा इसमें आधिकाधिक संख्या में लोगों से उपस्थित होकर कार्यक्रम का आनंद लेने की अपील समिति ने की है।

### पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद

प्रशासन के द्वारा नगर सहित क्षेत्र के विभिन्न विसर्जन स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती कर नजर बनाकर रखी गई। इस विसर्जन के दौरान किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नही घाटी और व्यवस्था चाक चौबंद रही। इसके लिये पुलिस प्रशासन ने अपनी जिम्म्मेदारी पूरी तरह से निभाई है और विसर्जन स्थल पर पुलिस बल मुस्तैद रहा। जहाँ नगर पालिका के द्वारा साफ सफाई के साथ प्रकाश व्यवस्था बनाकर रखी गई। इस पूरे समय थाना प्रभारी हेमंत नायक, एसडीओपी अभिषेक चौधरी के द्वारा पूरे क्षेत्र में नजर बनाकर रखने के साथ भ्रमण किया जाता रहा।

## माँ वैष्णवी देवी दुर्गा उत्सव का लक्की ड्रा संपन्न : तीन लक्की दानदाताओं को दिया गया चांदी का सिक्का

पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। नगर के बस स्टैंड स्थित मां वैष्णवी देवी नवरात्र दुर्गा उत्सव बस एजेंट समिति बस स्टैंड में ४ अक्टूबर को लक्की ड्रा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आनंद वर्मा ,दीप चौहान, अनिल लिल्हारे ,लोकचंद ठाकरे ,मनीष हेड़ाऊ सहित समिति सदस्यों की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। जिसमें १ पात्र में दानदाताओं की रसीद की बची हुई थूट की पर्ची को मोड़कर रखा गया जिसमें से बच्चियों के हाथ से बारी बारी दानदाता रसीद के थूट की पर्ची निकलवाई गई। विदित हो कि बस स्टैंड में बस एजेंटों के द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी हर्ष उल्लास के साथ नवरात्र पर्व मनाया गया। जहां पर २२ सितंबर को आकर्षक माता के दरबार में मां भगवती की भव्य प्रतिमा की स्थापना विधि विधान से पूजा अर्चना कर की गई। जहां पर इसके बाद पंचमी और अष्टमी पर्व उत्सव के साथ मनाया गया इस नव दिवसीय नवरात्र पर्व में मां भगवती के नौ रूपों की आराधना की गई। इस दौरान माता के दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में नगर सहित क्षेत्र के लोगों की भीड़ पंडाल में लगी रही। जहां पर अष्टमी एवं नवमी पर हवन पूजन और विशाल भंडारा कार्यक्रम कर जवारों का विसर्जन किया गया। ४ अक्टूबर को माता की प्रतिमा विसर्जन के पूर्व लक्की दानदाता का आयोजन किया गया। जिसमें वह दानदाताओं को उपहार दिया गया जिन्होंने समिति को चंदा दिया था। इसमें चंदे की रसीद के दूसरे भाग को डालकर लक्की ड्रा निकाला गया। जिसमें प्रथम इनाम ३० ग्राम का चांदी का सिक्का नंदू दमाहे अमृत बस को, द्वितीय इनाम २० ग्राम का चांदी का सिक्का सोनू शीतल बस को ,तृतीय इनाम १० ग्राम का चांदी का सिक्का टीकाराम टेंभरे स्टेशनरी संचालक के नाम का निकाला गया। जिन्हें उपहार का वितरण किया जाएगा। इसके बाद मां जगदंबे की आरती कर विसर्जन के लिए बैंड बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।



## बौद्ध अनुयायियों की जिला स्तरीय बैठक लिंगमारा में आज

पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत लिंगमारा स्थित प्रज्ञा सुगति बुद्ध विहार में दी बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया एवं भीम आर्मी के तत्वाधान में बौद्ध अनुयायी की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन ५ अक्टूबर की दोपहर १२ बजे आयोजित किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए भारतीय बौद्ध महासभा महासचिव अभिराज मेश्राम ने बताया कि प्रज्ञा सुगति बुद्ध विहार लिगमारा में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया है। यह बैठक बुद्ध विहार समिति का जिला स्तरीय गठन किया जाना है। वहीं निर्माण के संबंध में अनेकों चर्चा होनी है वहीं आपसी चर्चा को लेकर या बैठक आयोजित की गई है। जिसमें सभी बौद्ध उपासक एवं उपासिकाओं से अपील है कि वह आधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक में भाग ले।

# जो हिन्दी अर्नब गोस्वामी जैसों के हिस्से चली गयी

हिन्दी बहुत ही खूबसूरत भाषा है. एक ऐसी भाषा जिसमें आप अपनी उदासी, तक़लीफ, दर्द, शोक़ और अंतहीन पीड़ा को बहुत ही सहज ढंग से व्यक्त कर सकते हैं. इन्हें जाहिर के लिए अर्नब गोस्वामी की तरह स्टूडियो में बैठकर पूरे समाज को सनक में बदल देने की ज़रूरत नहीं पड़ती. उस नकली ढंग से चीखना-चिल्लाना नहीं होता जिसमें ज़मीर से समझौते कर लेने के बाद पूरी ताक़त महज लगातार बोलते चले जाने और वाक्य-विन्यास में झोंकनी पड़े।



हिन्दी को हमारे पुरखों ने तब से गढ़ना-बरतना शुरु किया जब उनके पास उम्मीद और सपनों के अलावा कुछ भी नहीं था. यह भाषा उन्हीं उम्मीदों और सपनों के बीच विकसित हुई जिसने ग़ुलामी के भीतर एक ऐसी दुनिया और देश देखा जिसके भीतर खुली हवा में उनकी आनेवाली पीढ़ी सांस ले सके, अपने देश के बारे में वो सब लिख-बोल सके जो वो वो महसूस करते हों. प्रेम, उदासी, चिंता, उत्सव, मौन, क्रंदन..सब शब्दों में ढाल सकें।

भारतेन्दु का कम गुस्सा न आता होगा, प्रेमचंद अंग्रेजों के फैसले से कम आहत न होते होंगे, महावीर प्रसाद द्विवेदी-महादेवी का मन कम न कचोटता होगा कि अपनी बात लोगों के बीच पहुंचाने के लिए अंग्रेजों से अनुमति लेनी होती है..लेकिन अपने इस गुस्से को, आहत मन को, कचोट को इन सबने उस भाषा के गढ़ने और संवारने में लगाया जिससे कि भाषा के भीतर इतनी बड़ी क्षमता और ताक़त पैदा हो जाय कि इसे बरतनेवाले लोग आंदोलन बनकर उस ब्रिटिश हुकूमत के आगे चुनौती बनकर खड़े हो जाएं. जो भी हिन्दी बोले उनमें अपने देश का सपना हो और अपने देश का दावा और ऐसा हुआ भी. नतीज़तन एक दिन न वो केवल देश छोड़कर गए बल्कि ये लिखकर गए कि हिन्दुस्तान की भाषा यहां के लोगों की आत्मा है।

अर्नब गोस्वामी जैसे लोग मुझे ड्रग्स दो, मुझे चरस दो, मुझे गांजा दो..अरे जैसी श्रृंखला के बाद देश के क्रिकेटरों को एक के बाद एक जिस अंदाज़ में ललकारते हुए सनक और हताशा के शिकार दिख रहे हैं जो दरअसल उनके दर्शकों को सचेची पत्रकारिता का नमूना लग रहा होगा, दरअसल ऐसा है नहीं।

अर्नब न तो किसी सनक के शिकार हैं और न ही मानसिक संतुलन खो चुके हैं जैसा कि कुछ टिप्पणीकारों ने लिखा है. सच तो ये है कि इनके पास अपने देश को लेकर कोई सपना नहीं है, वो सहज संवेदना नहीं जिसके सहयोग से अपने दर्शकों को एक संवेदनशील नागरिक बना सकें. इससे ठीक उलट एक ऐसी क्रूर योजना है जिसके तहत हर दूसरा वो नागरिक जो हिन्दी को इत्मिनान, ठहराव और सहमति- असहमति के बीच एक मनुष्य की भाषा के तौर पर इस्तेमाल करना चाहे, वो दब्बू, डरपोक और नकारा दिखलाई पड़े.।

ये कितनी ख़तरनाक योजना है कि जो मीडिया के पेशे में एकदम से आते हैं, जिनकी पढ़ाई ठीक से पूरी भी नहीं हुई होती है, वो भी सहज ढंग से इस ख़ूबसूरत भाषा में बोलने के बजाय चीखने और ललकारने लग जाते हैं. उनके पास सहज ढंग से बात करने के लिए न शब्द है और न ही अंदाज़. जिस तरह अंग्रेजी के मीडियाकर्मी होकर हिन्दी में चीख-चिल्लाकर घर-घर पहुंचने की कोशिश की, सारी सुविधाएं हासिल की, ये नए लोग ऐसा ही करना चाहते हैं. जो नहीं चाहते वो नॉर्मल नहीं कहलाएंगे, अपने ही लोगों के बीच पीछे छूट जाएंगे, छोड़ दिए जाएंगे और किताबी बातों से बाहर निकलो के उपदेश सुनने को विवश किए जाएंगे।

-तस्वीर: स्क्रीनशॉट: रिपब्लिक भारत

# आप कैसे लोगों से मिलने/ बात करने से बचते हैं ?

आप कैसे लोगों से मिलने से बचते हैं ? ये एक ऐसा सवाल है जिसका हो सकता है आपके पास सीधा-सीधा उत्तर न हो या फिर आप ये सोचते हैं कि ये भी कोई बात है ? लेकिन मेरे लिए बड़ी बात है बल्कि बहुत बड़ी बात है. मुझे दो तरह के लोगों से मिलना बिल्कुल अच्छा नहीं लगता- एक जो हमारी भावना का, सहजता का, मिलनसार स्वभाव का इस्तेमाल पैसे बचाने के लिए करते हों. यानी जो चीज़ पैसे से उपलब्ध है, वो हमारी उदारता के नाम पर मुफ़्त में करा लेना चाहते हों. इसमें बाक़ी काम के साथ-साथ पीएच.डी. संबंधी सुझाव तक शामिल है. और दूसरा मैं ऐसे लोगों से बिल्कुल मिलना या बात करना पसंद नहीं करता जो अपनी हर बात- मुलाक़ात में हमें अकेला महसूस कराने की कोशिश करते हो।



अपनी तक़लीफ, मुश्किलें, संकट और भावनात्मक स्तर की पीड़ा को खुलकर मुझसे साझा करें तो मैं पूरा समय देकर उन्हें सुनता हूं, उन्हें बिना कुछ महसूस कराए बस भरोसे में रखता हूं कि तुम्हारी बात कहीं नहीं जाएगी लेकिन अपनी इस तक़लीफ या ख़ुशी के साथ मुझे घसीटने लग जाएं तो एकदम अलग हो जाता हूं. जो सहजता का सम्मान नहीं करते, मुझे ऐसे लोगों से मिलना बिल्कुल अच्छा नहीं लगता. अब आप कहेंगे कि ये आप तय कैसे करते हो ? सच पूछिए तो इन सब पर मैं बहुत विस्तार से लिखना चाहता हूं लेकिन मौक़ा नहीं मिल पाता. फ़िलहाल तो ये कि मैं जब अच्छा महसूस नहीं करता तो सीधे-सीधे वाक्यों में बताता हूं, बिना किन्तु-परन्तु या कविताई अंदाज़ में नहीं. यहां तक आने में मुझे सालों लग गए. आप जब मुझसे पूछते हो कि आप ख़ुश कैसे रह पाते हो तो इसका एक कारण ये भी है कि मैं किसी भी बात को लेकर भीतर ही भीतर घुटता नहीं, कह देता हूं. इस बात की चिंता नहीं करता कि सामनेवाले को बुरा लगेगा. यह बात उसे भी पता होता है कि शुरुआत पहले मैंने की है. बस ये है कि ये कह रहा है और मैंने किया है. ख़ैर, आप बताओ !

स्मृति

## पं. छन्नूलाल मिश्र 1936-2025

# बनारस के आश्चर्य का कम हो जाना

**-व्योमेश शुक्ल**

पंडित छन्नूलाल मिश्र बनारस छोड़कर कहीं और नहीं जाना चाहते थे. कुछ बरस पहले डॉ. कर्ण सिंह ने अमेरिका में उनके कार्यक्रम रखवाए थे. छह जगहों पर गाना था. पंडितजी ने कहा, भाईसाहब, हम नहीं जाना चाहते. वहां खाने-पीने का सुख नहीं है. हम शालिग्राम को भोग लगाकर खाना खाने वाले और वहां जिस कलछुल से दाल चला रहे हैं, उसी से मांस भी. कर्ण सिंह ने भरोसा दिया कि अमेरिका में रहनेवाले यूपी-बिहार के लोगों के घर पर आपके खाने का इंतजाम हो जायेगा. तब बात बनी।

पंडितजी को कहीं और जाकर मरने से डर लगता था; पर हुआ वही. मिर्जापुर उनके लिए मगहर बन गया और सात वार-नौ त्योहार की अनवरत चहल-पहल से थककर सोए बनारस की नींद पर विजयादशमी की भोर इस मनहूस खबर ने दस्तक दी कि उत्तर-भारतीय उपशास्त्रीय संगीत के सबसे बड़े हस्ताक्षर और इस बूढ़े शहर की मिट्टी के लाल छन्नूलाल अब अपनी अंतिम यात्रा पर ही बनारस आएंगे- दीपावली के बीस दिन पहले उसी मसान की मिट्टी से राग-रंग की होली खेलने जहां भस्म से होली खेलते देवाधिदेव महादेव को उन्होंने अपनी अमर गायकी से लोकचित्त में सदा के लिये प्रतिष्ठित कर दिया है. एक बार पंडितजी ने मुझसे कहा था, 卐सीताजी ने फुलवारी में राम को एक ही बार तो देखा था चलीं राखि उर श्यामल मूरति. इसके बाद राम उनके भीतर थे. उन्हें बाहर खोजने की कोई जरूरत न थी. छन्नूलालजी भी बाहर-रोज बनते-बदलते बनारस के भूगोल में नहीं-मन के भीतर जागती, हंसती, गाती-बजाती हुई बस्ती में ही मिलते थे. आगे भी वहीं उनसे मुलाकात होगी।

वे अजातशत्रु न थे. सब हमेशा उनसे खुश रहें, ऐसी कोशिश उन्होंने कभी न की. अपनी रौ में वे कभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावक बन गए; कभी संकटमोचन मंदिर में गजलनवाज गुलाम अली की निंदा करते मिले, कभी शास्त्रीय संगीत में घरानों की शुद्धता के आग्रह की आलोचना की तो कभी विश्वविद्यालय में संगीत-शिक्षण की विधि पर सवाल उठाए, वे ऐसे ही थे: औघड़ और अप्रत्याशित, मशहूर पर्यावरणविद और संकटमोचन मंदिर के महंत प्रोफेसर वीरभद्र मिश्र उनके अनन्य मित्र थे, वे महंतजी को गाना सिखाते थे और महंतजी उन्हें अध्यात्म,




यह बनारस में ही संभव था कि दो मूर्धन्य एक-दूसरे के गुरु भी थे और चेले भी. मनमोहन सिंह के युग में एक बार उनके पास गांधीजी की समाधि पर गाने का निमंत्रण आया. महंतजी ने पंडितजी के प्रदर्शन की पूरी स्क्रिप्ट तैयार करके उन्हें दिल्ली भेजा. वहां गाने के पहले और बीच-बीच में क्या बोलना है और क्या नहीं. महंतजी को पता था कि जो बात गायकी से बनती है, पंडितजी उसे कुछ बोल-बालकर बिगाड़ भी सकते हैं, सो उन्होंने अपने मित्र से विनती की, हुआं ज्यादे मत बोले. पंडितजी ने वही किया. कहते हैं उसी कार्यक्रम के बाद पंडितजी को पद्मभूषण सम्मान मिला। पंडितजी अभाव की संतान थे. बचपन में चटनी के साथ रोटी खाकर रियाज करते हुए सत्ताईस की उम्र में मुज्जफरपुर से बनारस आए और इस सभ्यता ने उन्हें सम्मोहित कर लिया. यहां एक विद्यालय में चौदह साल नौकरी. साइकिल से आना-जाना. गंगाजी का पुल पार करके. डेढ़ सौ रूपया महीना मिलता था. एक छोटी-सी घटना के कारण नौकरी छोड़नी पड़ी. 18 साल मुकद्दमेबाजी हुई, पंडितजी जीते; कॉलेज प्रबंधन को झुकना पड़ा।

वह दिन भी आया जब पंडितजी आटा पिसवाकर, कनस्तर कंधे पर ले लौट रहे थे. मीडिया ने रास्ते में घेर लिया. उन्हें पद्मभूषण मिल गया था. घर जाकर टीवी देखा-वाकई, राष्ट्र ने उनके कृतित्व को पहचान लिया था. पंडितजी को बनारस में रहने का घमंड था. वे कहते थे, हमें बाबा विश्वनाथ ने यह मान दिया है. बड़े-बड़े कलाकार बाहर चले गए, रविशंकरजी अमेरिका गए, खूब नाम कमाया; मैं तो यह मानता हूं कि चना चबैनी गंगजल, जो पुरवै करतार, कासी कबहुं न छाडिये, बिस्वनाथ दरबार।

आखिरी कुछ दिनों के लिए बनारस से उनका संग-साथ छूट गया. वे बनारस को पुकारते रहे, बनारस उन्हें. बहुत बीमार होकर वे बीएचयू के अस्पताल में भर्ती हुए; कुछ स्वस्थ होकर मिर्जापुर चले गए, दुनिया जानती है कि 2014 के लोकसभा चुनाव में वे नरेंद्र मोदी के प्रस्तावक थे. पर यह बात कम लोगों को मालूम है कि स्कूली दिनों में उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी अजय राय को गाना भी सिखाया था. दरअसल, वे इस नगर की नसों में बहते थे और बरसात के दिनों में पेरिस का छाता लगाए तन्मय होकर दोने में संकटमोचन मंदिर का लड्डू खाते अचानक आपसे टकरा जाते थे. अब पंडितजी नहीं हैं तो और बातों के अलावा इस नगर का आश्चर्य भी कुछ कम हो गया है।

**-बनारस के व्योमेश शुक्ल कवि और गद्यकार हैं**

विशेष

# अपने माट्साब को पीटने का सपना!

इस महादेश में हर दिन एक दिवस आता रहता है। मेरी मातृभाषा में 'दिन' का अर्थ खर्च से भी लिया जाता रहा है। मसलन आज पहलाँ का दिन है। मतलब उसका बारहवाँ। एक दफे हमारे एक साथी ने प्रभात-वेला में पिता को जाकर कह दिया कि पिताजी आज आपका दिन है। मुबारक हो। अनपढ़ पिता दो घड़ी तो रुके, लेकिन तीसरी घड़ी बेटे पर बिफर पड़े, "मुझ जीवित का दिन मना रहा, शर्म नहीं आती—लक्ख 'ज लानत!" आज शिक्षक दिवस है। माने मास्टर लोग का दिन। लेकिन यह केवल मास्टरों का दिन नहीं है। आपने पहले भी ध्यान दिया होगा और आज भी दे ही रहे होंगे कि आज आपके ग्रामीण और कस्बाई, कुछ महानगरीय साथियों के व्हाट्सएप-स्टेटस पर अलग-अलग तरह के माट्साओं को जश्न चल रहा है; मसलन—"मेरे प्रथम शिक्षक मेरे पिता, माता, चाचा, ताऊ, लौकी-लहसुन इत्यादि। "शिक्षक ये होता है और शिक्षक वो होता है" टाइप उद्धरणों में बँधा शिक्षक क्या-क्या होता है? इस सवाल के जवाब में सरलीकरण कतई नहीं है। लेकिन जातीय-स्मृति से वह कुछ-कुछ विचित्र होता है। तिस पर भी अगर वह सरकारी शिक्षक हो तो उसका जीवन काफी रोचक नहीं जान पड़ता। मेरे इलाके में वह कैसा होता है, इसका विवरण कुछ इस तरह है कि वह नौकरी लगते ही अमूमन एक स्प्लेंडर लेता है। पाँच साल नौकरी में रहते ही वह तीन कमरों का मकान बना लेना चाहता है। जब सब कुछ सुंदर चलने को आतुर हो तो माट्साब ब्याज का धंधा शुरू कर देते हैं। वह यहीं नहीं रुकता। ब्याज और मूलधन को मिलाकर वह फिर नजदीकी कस्बे में एक प्लाट खरीद लेना चाहता है। सरकारी स्कूल का यह पारंपरिक शिक्षक आस-पास की कोई शादी नहीं छोड़ना चाहता। प्लेन शर्ट और काली पैंट में सामान्य सज्जा के साथ स्प्लेंडर लिए गुरुदेव हर सामाजिक कार्यक्रम में पाए जाते रहते हैं। नौकरी लगते ही वह समाज के व्हाट्सएप-समूह में जुड़ जाता है और अगर पाँच वाक्य शुद्ध लिख दे तो समूह का एडमिन बना लिया जाता है। इन व्हाट्सएप-ग्रुप्स की भी एक सामाजिकी है। समाज का अभिन्न सूचनांग बन चुके इन समूहों में स्त्री-उपस्थिति नगण्य रहती है। 'शत-शत नमन!' और 'जन्मदिन की बधाई!' जैसी जरूरी सूचनाओं से लदा-फदा यह व्हाट्सएप-समुदाय दिन-प्रतिदिन बौद्धिक हुआ चाहता है। ख़ैर, आप यहाँ तक आए हैं; इससे प्रतीत होता है कि आप शिक्षक दिवस के बारे में कुछ पढ़ना चाह रहे हैं। तो इस दिवस पर मुझे हमारे इलाके के एक माट्सा की याद आ रही है। उनका नाम हुआ सूरतदान। सन् इकहत्तर में मास-माइग्रेशन से जब हम सिंध छोड़ भारत आए, तब वह माट्सा बाड़मेर में एक गाँव में मेरे पिता के शिक्षक थे। पुनर्विस्थापित हो 1995-2000 के आस-पास जब हमारे लोक के कुछ परिवार बीकानेर आए, तब वह भी हमारे गाँव के पास आ जमे। यह आठवें दशक का उत्तरार्द्ध रहा होगा। हम विस्थापित लोगों की आपा खोई नजर के आगे एक विचित्र धुंध थी जो छँटना नहीं चाहती थी। लोगों ने कुछ नहीं देखा था। संघर्षरत थे। उस समय उन माट्सा की बड़ी इज्जत थी। माट्सा बारीकी से गप्प गढ़ते थे। चूँकि उन्होंने कराची और दिल्ली दोनों शहर देखे थे, इसलिए उन्हें देखकर अनपढ़ बूढ़े उनकी बातों पर यकीन तो नहीं करते थे, लेकिन सुन लिया करते थे। उनकी मृत्यु के समय विस्थापितों ने काफी कुछ देख लिया था, लेकिन उनकी गप्पें यथावत् थीं। एक-दो जिस्से उनके आप भी सुनिए—मैं शैली में...मैं, सोनिया, मनमोहन और मुशर्रफ़; तीनों उस दिन कराची से रवाना हुए। राहुल तब छोटा था—दुधमुँहा। रास्ते में राहुल रोने लगा, बोला दूध पीऊँगा। अब सोनिया बोलीं सूरताजी मैं इसे चुप कैसे कराऊँ? मैंने पायलट से कहा कि तू जहा? को इस्लामाबाद रोक। भला था वह, रोका उसने। मैं नीचे उतर का दूध का एक डिब्बा लाया और दूध को कटोरी में डाला। राहुल रोता ही रहे, रुकने का नाम नहीं ले। बहुत परेशान होकर सोनिया जी ने कहा कि बेटा दूध पी ले नहीं तो मुशर्रफ़ अंकल पी जाएँगे। जैसे-तैसे मामला शांत हुआ। गप्पों से इतर एक शिक्षक का समाज में सम्मान हमेशा स्तरीय रहता है। आपने देखा होगा कि सरकारी स्कूल के बच्चे किस कदर अपने सर के लिए दूध, मौका-विशेष पर बना विशिष्ट व्यंजन ले जाते रहे हैं। लेकिन इतना सम्मान और प्रेम पाने के बाद भी उसका ईगो-स्खलन बड़ा तुच्छ जिस्म का रहता है। आज उनके दिवस पर याद करके जब आप उनके सामने पलट के जवाब देते थे; तब उनका गुस्सा कितना छिछला हुआ करता था (है), उस समय वह मास्टर आपको कच्चा चबा जाने की हद तक पीट लेना चाहता है। इस स्थिति में आप एक भविष्यकालीन वाक्य बोलते थे कि इस मास्टर को बड़ा होकर बहुत पीटूँगा। मास्टरों के पीटने की क्रूरता के जिस्से जगप्रसिद्ध हैं। वह आपको सांगोपांग सजा देना चाहता रहता है। वह दिन में एक बार किसी विद्यार्थी को नहीं पीटे तो उसका उपापचय गड़बड़ा जाता है। मैं एक लंबे समय तक हॉस्टल में रहा हूँ। यह एक निजी विद्यालय का हॉस्टल था। हमारे निर्देशक साब आज तक अपने विद्यालय के बच्चों को जोर-जोर से पढ़ने को बोलते हैं। जब कभी लड़के चुप हो जाते, उनकी आवाज आती—"आवाज नहीं आ रही, नानी चली गई क्या?" इसी हॉस्टल में एक पहाड़ी शिक्षक थे, जो मजूरी के चक्कर में इस उष्ण धरती पर उग आए थे। वह गणित पढ़ाते थे और बहुत पीटते थे। जब उनका डंडा पुराना पड़ जाता या किसी कठोर कूल्हे पर पड़ने के कारण टूट जाता तो वह किसी डे-स्कॉलर से कहते थे कि कल खेत से नया डंडा ले आना। उनका जीवन डंडे से सरोबार था। उनके समीप तरह-तरह के डंडे हुआ करते थे। उनके खौफ के कारण कई बच्चे तीन-तीन कच्छे पहनकर आते थे। इस प्रसंग में दुखद यह है कि यह बात उन्हें पता चल जाती थी। वह ब्लैक-बोर्ड पर हाथ रखवाकर, कूल्हों पर डंडे बरसाते थे। इस दृश्य की कल्पना से भी आज सिहरन होती है पीड़ित की पीठ के पीछे उसकी क्रश बैठी होती थी... यह समय बड़ा अपमानजनक हो जाता था। एक जमाने में एक बड़ा शिक्षक समुदाय बंगाल में सीपीआई (एम) का कार्ड-होल्डर हुआ करता था। पार्टी-पॉलिटिक्स तो नहीं, लेकिन राजस्थान में भी तमाम तरह के शिक्षक संघ हैं; जो किसी जमाने में कमाल की सक्रियता रखते थे, लेकिन जब से तनख्वाहें बढ़ी हैं; वे काफी कूल हो गए हैं। अब वे साल में एक बार दो दिन की आचमन-गोष्ठियों के बहाने मिल लेते हैं। इस सूबे में तमाम तरह के शिक्षक संघ हैं—प्रगतिशील शिक्षक संघ, सेमीप्रगतिशील शिक्षक संघ... रूटा, राटा, टाटा, फाटा... ये सब इन संघों के लघुरूप हैं। बीते एक दशक से कोचिंग के माट्सा लोग बड़े चमक गए हैं। चमकते-चमकते वे इतिहासकार हो गए, दार्शनिक भी। वे कभी-कभी लोक-मर्मज्ञ भी हुए जा रहे हैं। यह एक अध्ययन-योग्य उद्योग है। आप यकीन मानिए कि इन मास्टरों के पास आज बीएमडब्ल्यू और पोर्स्च जैसी महँगी गाड़ियाँ हैं। इनका चेला-परिसर इनके वीडियो व्हाट्सएप-स्टेटस पर टोचन करके चलता है। ये कोई रद्दी बात को रोमैन्टसाइज़ करके कहेंगे और लास्ट में इनका चेला इनकी आँखों में लेजर लगा देगा और पार्श्व में एक तड़कता-भड़कता गीत। लगभग सत्ता-परस्त प्रतिरोधहीन ये शिक्षक कितने भौंडे और अश्लील लगते हैं, यह इन्हें भी नहीं मालूम। खान सर इन सबका एक आदर्श उदहारण है। जाते-जाते एक सुना हुआ किस्सा उद्धृत कर रहा हूँ...एक रामद्वारे में एक गुरु के पास एक बालक कई दिनों से शिष्य बनने को आता रहा। गुरु ने उसे स्वीकार न करने के लिए तमाम प्रयत्न किए, लेकिन वह नहीं माना। थक-हारकर गुरु ने उसे स्वीकारा। वह खुश हुआ। लेकिन जो भी उस रामद्वारे में आए, हरेक गुरु के धोक लगाए। शिष्य बड़ा परेशान हुआ। कई दिन माजरा देख वह एक दिन गुरु के पास गया। कसकर पैर पकड़ लिए। गुरु ने कहा भई अब क्या चाहता है? शिष्य बना लिया तुझे। शिष्य हाथ जोड़ कर बोला कि गुरूजी छोटा-मोटा गुरिया ही बना दो, इससे पार नहीं पड़ रही। सो इस जमाने में हर कोई शिक्षक हुआ चाहता है। राह चलते हुए किसी को भी ज्ञान देने की उसकी अभिलाषा न जाने किस रोड़ खत्म होगी।

**-राजेंद्र देथा**

# जीने का सलीका सीखें

कई लोगों को शांति से रहना जरा नहीं सुहाता। उन्हें हमेशा परेशानियां ओढ़े रहने की ही आदत पड़ जाती है। न वे स्वयं खुश रहना जानते हैं, न अपने आस पास किसी को खुश रहने देते हैं।मन की अशांति ही चिंताओं को जन्म देती है। शांत स्थिर मन चिंताओं से निपटना जानता है, अस्थिर अशांत मन उसे केवल और बढ़ाता है। कहते हैं चिंता चिता समान होती है। स्वयं इसका शिकार भी इससे छुटकारा जरूर चाहता है लेकिन स्वाभावगत मजबूरी के कारण ही वह ऐसा नहीं कर पाता।



एक उन्मुक्त ठहाका फिजूल की निराधार चिंताओं से निपटने का अच्छा तरीका है। इससे क्रोध व तनाव दूर होता है और अधिक स्फूर्ति और प्रफुल्लता का संचार होता है।

यह एक मनोवैज्ञानिक तथ्य है कि जीवन में सफलता पाने के लिये कूल हेडेड होना आवश्यक है। क्रोध, चिंता, तनाव व चिड़चिड़ापन ऊर्जा का नाश करते हैं, काबिलियत कम करते हैं।

हर समस्या का कोई न कोई हल जरूर होता है। आशावादी सकारात्मक सोच लिये समस्याओं से जूझकर उसके हल तक पहुंच जाते हैं लेकिन अशांत मन लिये बौखलाहट में (नकारात्मक सोच ऐसे लोगों पर जल्दी हावी हो जाती है) व्यक्ति उस हल को अनदेखा किये रहता है या यूं कहें उसे ढूंढ नहीं पाता है।

जीवन में अगर दु:ख व परेशानियां हैं तो क्या सुख आनंद के फव्वारे, मीठी मुस्कानें नहीं हैं? एक शिशु की भोली दंतविहीन चेहरे की प्यारी मासूम सी मुस्कुराहट पर जरा ध्यान दें। कोयल की मीठी तान का जादू मस्तिष्क में गुंजित होने दें। कलकल बहती चांदी सी नदी पर सूर्य रश्मियों की अठखेलियां देखें। इससे मन को जो सुकून और निश्छल आनंद मिलेगा उससे आपका तन मन रसप्लावित हो उठेगा। आनंद की लहरें आपके मन को तितली के परों की तरह हल्का कर देंगी। आपको लगेगा वाकई जीवन कितना सुंदर और जीने लायक है।

सोचिए अगर जीवन में समस्याएं न हों, जीवन एकरसता से एक ही धारा में बहता जाए तो जीवन कितना नीरस हो उठेगा? जीवन में कठिनाइयां तो हमारी शक्तियों को जागृत करती हैं, ऊर्जा पैदा करती हैं वर्ना आदमी बेहद आलसी हो जाएगा। आज तो जी लें, कल की कल देखेंगे, जैसी सकारात्मक सोच ही चिंता दूर रखती है।

कई लोगों की आदत में शामिल होता है हर समय रोते रहना और चिंता करना। सपूत पैदा नहीं हुआ कि उसके भविष्य की चिंता कर करके सूखना, बनिस्बत उसके आगमन का जश्न मनाने के, हाए बुढ़ापे में हमारा क्या होगा, हमारे पास पैसा होगा या नहीं।

%कहीं वर्ल्ड वॉर छिड़ गई तो क्या होगा। जहां जीवन में अगले पल का भरोसा नहीं, वहां यह सोच-सोच कर वर्तमान को भी खो देना, उसे भरपूर न जीना, कहां की समझदारी है। यहां खुशमिजाज व केयरफ्री रहने का मतलब यह हर्गिज़ नहीं कि व्यक्ति गैर जिम्मेदार हो जाए। बस जीने का सलीका आना चाहिए।

**-उषा जैन शीरीं( उर्वशी )**

# कौन थीं भारत की पहली महिला Forensic Scientist?

## रुक्मणि कृष्णमूर्ति का अद्वितीय योगदान

एक महिला फोरेंसिक में क्या करेगी? यह सवाल पूछा गया था भारत की पहली महीला फॉरेंसिक साइंटिस्ट रुक्मणि कृष्णमूर्ति से। नारीवाद के अस्तित्व में आने से पहले कृष्णमूर्ति एक नारीवादी थीं। जिस वक्त उनसे यह सवाल पूछा गया उनके पास और भी दो नौकरी के विकल्प थे। एक आरबीआई में लिपिक के पद पर और दूसरा एक शिक्षक के पद पर। इसके बाद भी उन्होंने इस सवाल का जवाद देना जरूरी समझा। उन्होने ऐसा जवाब दिया कि आज हम और आप उनके बारे में बात कर रहे हैं। रुक्मणि कृष्णमूर्ति ने तब फॉरेंसिक साइंटिस्ट बनने के लिए कदम बढ़ाया जब ज्यादातर लोगों को यह भी नहीं पता था कि फोरेंसिक का मतलब क्या होता है।



### कैसे जगी रुचि ?

सबसे पहले उनकी एक दोस्त ने उन्हें अपने कॉलेज में रसायन विज्ञान प्रयोगशाला के बारे में बताया। साथ ही साथ यह भी बताया कि वहां काम कैसे होता है और रसायनों का उपयोग किस प्रकार किया जाता है। यह सब सुनकर सबसे पहली बार रुक्मणि जी की रुचि रसायनों को लेकर जागृत हुई। जीवन में जब आगे जाकर उन्हें अवसर मिला तो उन्होंने जोखिम लेते हुए अपना कदम बढ़ाया और 1974 में बॉम्बे फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला में काम करने चली गईं। वर्ष 1974 में जब वह बॉम्बे फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला में काम करने गईं तो वहां वह अकेली महिला थी लेकिन जब 2008 में वह सेवानिवृत्त हुईं तो वहां 20त्न स्टाफ महिलाएं थीं।

### कई बड़े केस में कर चुकी हैं काम ?

ट्रेन दुर्घटना की जड़ के रूप में खतरनाक सामग्री का पता लगाने से लेकर 26/11 के आतंकवादी हमलों में महत्वपूर्ण विवरणों का पता लगाने तक, कृष्णमूर्ति की कहानी किसी थ्रिलर फिल्म से कम नहीं है। 12 मार्च, 1993 का दिन मुंबई में रहने वाले लोग कभी भूल नहीं पाएंगे। उस दिन मुंबई में एक के बाद एक 13 बम फटें और शहर की सबसे प्रतिष्ठित इमारतों को तहस नहस कर दिया। उस दिन हुए बम धमाके की वजह से 257 लोग मारे गए और 1400 से ज्यादा लोग घायल हो गए। इस केस की जांच करने के लिए जिस फॉरेंसिक टीम का गठन किया गया उसका नेतृत्व और कोई नहीं बल्कि वहीं महिला कर रही थी जिससे कभी पूछा गया था कि एक महिला फॉरेंसिक में क्या करेगी?

### अब क्या कर रही हैं कृष्णमूर्ति ?

कृष्णमूर्ति ने 26/11, तेलगी स्टांप घोटाला सहित कई बड़े केस का नेतृत्व किया। कृष्णमूर्ति ने बॉम्बे फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला में शोध सहायक के रूप में काम करना शुरू किया था और जब उनकी सेवानिवृत्त का समय आया तब वह निदेशक के पद पर काम कर रही थीं। वर्तमान में डॉ. रुक्मणी अब हेलिक एडवाइजरी लिमिटेड, मुंबई की अध्यक्ष और सीईओ हैं। आपको बता दें कि हेलिक एडवाइजरी भारत की पहली निजी क्षेत्र की फॉरेंसिक फर्म है। इसके साथ ही वह नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी, गुजरात की अकादमिक परिषद की सदस्य भी हैं।

इंदौर बाजार भाव

इंदौर। नये मालों की आवकों के मद्देनजर शनिवार को तिलहनों में सोयाबीन नरमी पर रहा। खाद्य तेलों में सुस्ती कायम रही। दलहनों में चना 5900-5950 रू. प्रति क्विंटल पर कमजोर देखा गया। किराना जिंसों में बाजार बने रहे। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार सोयाबीन में नये मालों की आवकों के मद्देनजर बाजार सुस्त रहे। यद्यपि खाद्य तेलों में टिकाव रहा। दलहनों में चना 5900-5950 रू. प्रति क्विंटल पर कमजोर देखे गये। उधर, किराना जिंसों में व्यापार अच्छा रहा। किन्तु बाजार बने रहे। भाव इस प्रकार रहे-

किराना- शक्कर 4220-4270, खोपरा गोला 320-375, खोपरा बूरा 4000-6100 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 235-240, ऊंझा हल्का 245-255, मीडियम 245-255, बेस्ट 265-285, हल्दी निजामाबाद 170-210, सांगली 265-270, साबूदाना हल्का 4800-4900, मीडियम 5000-5100, बेस्ट 5100-5200, सच्चा मोती 5300, मोरधन 7200-8200, सौंफ मोटी 110-250, एस्ट्रा बेस्ट 300-400, सौंफ बारिक 280-400, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 770-775, गरबल 720-725, मटरदाना 795-810, खसखस अनक्लीन 900-1200, क्लीन 1300-1500, दालचीनी 250-265, जायफल 725-750, बेस्ट 780-790, वाद्यान फूल 440-495, शाहजीरा 385, तेजपान 90-95, पत्थर फूल 340-425, बेस्ट 475-500, जावत्री 1675-1750, बेस्ट 1850-1890, केसर 175-185, सौंठ 375-400, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 725-780, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 100-135, सिंदूर 6600, देशी कपूर 720-770, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 3250-3300, विरूद्ध नगर 3150-3200, मीडियम 3350-3400, एक्ट्रा बोल्ड 3400-3500, पानबार 2700, बड़ी इलायची 1550-1750, बेस्ट1800-1900, तरबूज मगज 665-690, काजू (240) 940-975, काजू (320) 850-900, काजू एस. डब्ल्यू 880-890, काजू एस.एस. डब्ल्यू 870-880, जे.एच. 840-860, टुकड़ी 790-870, बादाम मगज 845-870, अमेरिकन 750-780, सिंगापुरी 795-815, अखरोट 510-800, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1550-1650, बेस्ट 1700, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना 1100-1625, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1400-1600, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 3750-3800, (160) 4400-4500, (200) 4900-5000, (250) 5300-5400

तेल- सींगदाना 1310-1320, मुम्बई 1325, राजकोट तेलिया 2080-2100, सोया साल्वेंट 1165-1170, सोया रिफाइंड 1230-1240, कपास्या 1230, धूलिया 1230, कड़ी 1230,

रात की धारणा- गुजरात लुज 1275, मुम्बई पाम 1260, मुम्बई सोया 1260,

खली- कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2400, देवास-उज्जैन 2400, खंडवा-बुरहानपुर 2375, अकोला 3800 (प्रति क्विंटल)

तिलहन- सरसो 6900-7000, रायडा 6200-6300, सोयाबीन 4200-4250, नया सोयाबीन 3700-4000, टोली (महुआ बीज) 4400-4600, करंज 4400-4500, अलसी 6800-7000, अरंडी 4500-4700, तिल्ली पुरानी 6500-7000, तिल्ली नई 7200-7500,

दलहन- चना कांटेवाला बेस्ट 5900-5950, एवरेज 5400-5500, विशाल 5450-5550, काबूली डॉलर 8500-9000, काबुली रशियन 5600-5800, बिटकी 5300-5400, मसूर बेस्ट 6050-6100, एवरेज 6000-6050, मूंग देशी 7800-7900, पाला 7900-8000, चमकी 8000-8100, नायलोन 8000-8100, तुअर निमाड़ी बेस्ट 6600-6700, एवरेज 6500-6600, हल्की 6400-6500, तुअर महाराष्ट्र 6600-6700, महाराष्ट्र लाल 6600-6900, उड़द बेस्ट 7600-7700, एवरेज 7400-7500, शंकर 7200-7300, हल्की 7000-7100,

दाल- चना दाल एवरेज 7200-7400, मीडियम 7400-7500, बोल्ड 7700-7900, तुअर दाल सवा नं. 7300-7400, तुअर दाल फूल 9000-9100, तुअर दाल बोल्ड 9900-10100, मसूर दाल एवरेज 7700-7800, बेस्ट 7900-8100, मूंग दाल 9100-9200, बोल्ड 9500-9700, मूंग मोगर 9300-9400, बोल्ड 9700-9800, उड़द दाल 8500-8600, बोल्ड 8700-8900, मोगर 9800-10000, बोल्ड 10100-10200,

अनाज- गेहूं मिल क्वालिटी 2625-2650, लोकवन 2800-2850, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2650-2675, पूर्णा 2750-2800, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2275-2300,

चावल- चावल हंसा सफेद 3000-3200, सेला 3600-3800, परमल 3500-3800, दुबराज 4500-5500, राजभोग 7000-7200, काली मुंछ 8500-8900, बासमती दुबार 9500-10000, मीनी दुबार 8000-8500, मोगरा 4500-6000, तिबार 10500-11500, बासमती (921) 12000-13000, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4800-5300,

मावा- इन्दौर 380, उज्जैन 280, रतलाम 34.0 रू. प्रति किलो।

इंदौर सर्राफा बाज़ार

इन्दौर। शनिवार को स्थानीय सराफा बाजार में दोनों मूल्यवान धातुओं में बाजार तेजी के देखे गये। भाव इस प्रकार रहे-

चाँदी (9999) 150000, चाँदी (99) 149800, टंच 147800, सिक्का 1800, सोना 10 ग्राम 121000,

चीन से आयातित सोलर सेल पर डंपिंग-रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश

नई दिल्ली। वाणिज्य मंत्रालय की जांच इकाई डीजीटीआर ने चीन से आयात होने वाले सोलर सेल पर तीन साल के लिए डंपिंग-रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की है। जांच में पाया गया कि ये सोलर सेल भारत में सामान्य मूल्य से कम कीमत पर आयात हो रहे हैं, जिससे घरेलू उद्योग प्रभावित हो रहे हैं। डीजीटीआर ने सोलर सेल के आयात पर 23 से 30 फीसदी तक का शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा है। यह शुल्क माल के सीआईएफ मूल्य के आधार पर लगेगा। हालांकि, इस मामले में अंतिम निर्णय वित्त मंत्रालय ही लेगा। इस कदम से घरेलू सोलर उद्योग को संरक्षण मिलेगा और सस्ते आयात से बचाव होगा। इससे भारत के सौर ऊर्जा क्षेत्र को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

## आज का राशिफल

**मेष** - आज आपको अपने बॉस से रिश्ते को बेहतर करना होगा। आप कहीं घूमने-फिरने जाने की योजना बनाएंगे। जीवनसाथी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे और शेयर मार्केट में धन लगाना बेहतर रहेगा। आप किसी साइड इनकम के बारे में भी सोच सकते हैं, जिसके लिए आप कुछ लोगों से भी बातचीत करेंगे। आप अपने खर्चों को लेकर थोड़ी परेशानी में आ सकते हैं, इसलिए उन्हें कंट्रोल करने की कोशिश करें।

**वृष**- आज का दिन आपके लिए सामाजिक कार्यक्रमों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपको किसी बात को लेकर परिवार में वरिष्ठ सदस्य से कहासुनी होगी। किसी प्रॉपर्टी को लेकर आप जल्दबाजी न दिखाएं, इससे आपके आपसी रिश्तों में कड़वाहट पैदा हो सकती है। आप किसी नए घर मकान आदि बनवाने का काम शुरू कर सकते हैं।

**मिथुन**- आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। वैवाहिक जीवन खुशनुमा रहेगा और रोजगार को लेकर इधर-उधर भटक रहे लोगों को किसी मनचाही नौकरी की प्राप्ति हो सकती हैं। आपको अपनी इनकम पर थोड़ा ध्यान देना होगा। आपको अपने किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती है। खर्चों का लेखा-जोखा रखें और आपके रहन-सहन के स्तर में भी सुधार आएगा। आप कहीं बाहर घूमने फिरने की भी प्लानिंग कर सकते हैं।

**कर्क**- आज का दिन आपके लिए बिजनेस के मामले में बढ़िया रहने वाला है। पार्टनरशिप अच्छी चलेगी और आपको एक के बाद एक योजना में धन लगाने का मौका मिलेगा, लेकिन आपके परिवार में किसी सदस्य की सेहत को लेकर थोड़ा एहतियात बरतनी होगी। आप बेवजह की भागदौड़ में लगे रहेंगे, जिससे आपको सिर दर्द, थकान आदि का अनुभव होगा।

**सिंह**- आज का दिन आपके लिए सोच समझ कर कामों को करने के लिए रहेगा। उन्नति की राह में आ रही बाधाएं दूर होगी और आप अपने कामों में कुछ उतार-चढ़ाव को लेकर परेशान रहेंगे। आपके परिवार में कोई सदस्य नाराज हो सकता है। आपको छोटी-छोटी बातों को लेकर क्रोध करने से बचना होगा।

**कन्या**- आज का दिन आपके लिए सावधानी में सतर्कता बरतने के लिए रहेगा। आपके मान-सम्मान में तो वृद्धि होगी, लेकिन आपके प्रमोशन की बात कोई रोक सकता है, जिसके लिए आपका अपने किसी मित्र से आपसी लड़ाई झगड़ा भी हो सकता है। आपको अपनी पारिवारिक मामलों को लेकर वरिष्ठ सदस्यों से सलाह मशवरा करने की आवश्यकता है, तभी वह आसानी से घर में ही निपट सकेंगे। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो वह भी आपको वापस मिल सकता है।

**तुला**- आज आपको किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखना होगा। आप उन्नति के राह पर आगे बढ़ेंगे, जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उनके कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों से बातचीत थोड़ा सोच समझकर करनी होगी। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको अपने कार्य क्षेत्र में कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं।

**वृश्चिक**- आज आपको अपनी आय और व्यय मे भी संतुलन बनाकर चलने के लिए रहेगा। आर्थिक स्थिति को लेकर आप कोई महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी और आप अपने कर्जों को भी उतारने की पूरी कोशिश करेंगे। यदि आप किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी करने के लिए सोच रहे थे, तो उसके लिए आप कोई लोन अप्लाई कर सकते हैं, लेकिन आपको अपनी जेब को ध्यान में रखकर ही हाथ बढ़ाना बेहतर रहेगा। जल्दबाजी में आप संतान से कोई ऐसी बात बोल सकते हैं, जो उन्हें बुरी लगेगी।

**धनु**- आज आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। परिवार में किसी पूजा पाठ का आयोजन हो सकता है और सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको अपने भाई व बहनों से किसी काम को लेकर सलाह मशवरा करना पड़ सकता है। राजनीति में आप अपने आसपास रह रहे लोगों से थोड़ी सावधानी बरतें। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपकी माता-पिता के आशीर्वाद से कोई बिजनेस की डील फाइनल हो सकती है।

**मकर**- आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपकी सोच समझ से भी सभी काम पूरे होंगे। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा और आपकी शौक मौज की चीजें भी आसानी से पूरी होगी, क्योंकि आपको आपका डूबा हुआ धन मिल सकता है। किसी पैतृक संपत्ति को लेकर आप थोड़ा सावधानी बरतें। किसी नए काम को करने की आपकी इच्छा जागृत हो सकती है। आपको अपने किसी पुराने लेनदेन से छुटकारा मिलेगा।

**कुंभ**- आज आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव रहने से आपका मन परेशान रहेगा। कामों में भी कुछ कठिनाइयां आएंगी। आपका कोई काम बनते बनते बिगड़ सकता है और आपको अपने बॉस से भी डांट खानी पड़ सकती है, इसलिए आप जल्दबाजी में कोई डिसीजन ना लें। संतान को नौकरी के लिए कहीं बाहर जाना पड़ सकता है।

**मीन**- आज का दिन आपके लिए आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए रहेगा। आप किसी की कहीं सुनी बातों पर भरोसा ना करे और अपने बच्चों को कंट्रोल करके चले, क्योंकि आप किसी के बहकावे में आकर किसी निवेश संबंधी योजना में धन लगा सकते हैं। वाहन की अकस्मात खराबी के कारण आपका धन खर्च बढ़ सकता है।

## शब्दजाल - 8040

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जि | दि | ल | ज | ले | म | ज | ब | न | र | क |
| दा | स | यू | न | आ | वा | ग्री | द | इ | ह | ल |
| स | व | दे | पू | ह | जी | ल | न | ग | क | हो |
| र | ची | न | श | ट | ज | ज्ञा | म | पा | त | न |
| फ | त | ई | ड | में | व | खें | न | भा | र्क | हो |
| रो | मे | म | सु | न | गं | पू | न | ई | र | रू |
| श | जं | ज | मे | ता | क | गा | श | न | ज | री |
| क | ल | ग | र | सं | ज | ख्म | र | ली | न | है |
| ब्रे | बो | र्न | य | सा | चि | क | री | ह | प | ला |
| त | रा | जु | न | ज | ह | त्र | य | जी | ता | त |
| बे | बी | लो | नि | या | ल | ब | र | रा | त | हैं |

शब्दजाल में शोनाली बेन्द्रे की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए.शब्द ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं

सरफरोश, मेजर साहब, जख्म, दिलजले, भाई, लज्जा, कल हो न हो, तराजु, आहट, जिस देश में गंगा रहता है.

### शब्दजाल - 8039 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ऐ | म | मा | अ | शो | का | म | न | ह | क | रा |
| हा | त | सू | ह | री | ल | जी | स | ल | का | ज |
| चु | वी | रा | द | अ | फ्यु | त | र | म | ल | टी. |
| प | र | दा | ज | ल | क | जी | ओ | मु | व | त |
| चु | अ | न | ष | ल | म | मी | छ | झे | सी | ला |
| प | मी | ज | स | जि | स्वा | क | प | कु | गु | श |
| के | ह | बु | न | टी | म | मी | टे | छ | हा | ण |
| न | पू | सु | पा | बी | पं. | सौ | ल | क | ना | स |
| मों | रे | क | सू | ह | ग | ने | ने | ह | न | त |
| आ | प | बे | व | फा | दी | र | ह | ना | क | थ |
| दो | स्ती | न | प | द | न | इ | ह | है | ह | धी |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6984



**बायें से दायें:-**

१. 'इश्क कभी करियो ना' गीत वाली फिल्म-४
४. 'मैं कहीं कवि न बन जाऊं' गीत वाली धर्मेन्द्र, वैजयंती की फिल्म-२,१,२
७. राहुलराय, दीपक तिजोरी, पूजा भट्ट की फिल्म-३
१०. 'वो लम्हे वो बातें' गीत वाली इमरान हाशमी, उदिता, शमिता की फिल्म-३
१२. 'अमूल स्टार वॉइस ऑफ इंडिया' का एंकर कौन है?-२
१४. 'मोरनी रे मोरनी मैं' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-३
१५. अमिताभ, जैकी, कैटरीना, सीमा की 'नचना तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'आँखों में तू होठों में तू' गीत वाली जिमी शेरगिल, शेनाज की फिल्म-३
१७. नसीर, अतुल अग्निहोत्री की 'बंद होठों से जो' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'पहली बारिश मैं और' गीत वाली कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
२०. संजय, शरद, मनीषा की 'ओ गोरी तू चली' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'दिल विच तेरा ही खयाल' गीत वाली अमिताभ, अक्षय की फिल्म-२
२३. संजयदत्त, माधुरी, की 'टपका रे टपका' गीत वाली फिल्म-४
२७. संजीवकुमार, जया की फिल्म-३
२८. सलमान खान, स्नेहा की 'सुन जरा सोनिये सुन जरा' गीतवाली फिल्म-२
३०. 'लड़के ने लड़की को देखा' गीत वाली गोविंदा, जूही की फिल्म-४
३१. 'चल प्रेमनगर जाएगा बतला ओ' गीत वाली फिल्म-२
३२. अक्षयकुमार, सुनील शेट्टी, करिश्मा, सोनाली की फिल्म-३
३३. नाना, अजय, फरदीन, रेखा, उर्मिला की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'सुहानी चाँदनी रातें' गीत वाली संजीव, शशि, विद्यासिन्हा, बिंदिया की फिल्म-२
२. रितिक रोशन, करिश्मा कपूर की 'मैं नाचूं बिन पायल' गीत वाली फिल्म-२
३. 'बड़े नाजुक दौर से' गीत वाली अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
५. विनोद मेहरा, डैनी, मौसमी की 'ये कैसी लगी अगन' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ये कैसा गम सजना' गीत वाली सुनीलदत्त, फिरोज, शर्मिला की फिल्म-२,२
८. अमिताभ, परवीन की 'देख सकता हूँ मैं कुछ भी होते हुए' गीत वाली फिल्म-४
९. देव आनंद, उषा किरण की फिल्म-३
११. अमिताभ, रजनीकांत, गोविंदा, किमी की 'बम चिकी चिकी' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'हम से तुम दोस्ती कर' गीत वाली सनी देओल, डिम्पल की फिल्म-४
१६. संजीवकुमार, सुलक्षणा की 'सुबह और शाम काम ही' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'जो तुमको हो पसंद' गीत वाली राजेश खन्ना, फिरोज, शर्मिला की फिल्म-३
१९. नवीन निश्चल, रेखा की 'कान में झुमका चाल में ठुमका' गीत वाली फिल्म-३,२
२१. 'ओ गुड़िया ओ बहना' गीत वाली संजयदत्त, फरहा की फिल्म-३
२४. अनिल धवन, रेहाना की 'दिल बेचैन रहा तुम बिन' गीत वाली फिल्म-२,२
२५. 'इस टूटे दिल की पीर' गीत वाली फिल्म-२
२६. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या की फिल्म-३
२९. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली- 6983



Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8508



**बाएँ से दाएँ**

1.नमाज से पहले पढ़ी जानेवाली आयत -3
3.तहजीब,शिष्टता-3
5.पिता के पिता-2
6.स्मृति-2
8.बारिश,बरखा-4
11.शांति,सन्नाटा-3
13.गिरवी रखी वस्तु-3
14.सूक्ष्म कण -2
15.बारबाला,मधुबाला
16.समझौता-3
18.बहने का भाव-3
20.बारिश का महीना-3
22.मां,मम्मी,मदर-2
24.श्रवणेंद्रिय-2
25.अंधकार,अंधेरा-3
26.अनुकृति-3

**ऊपर से नीचे**

1.नाज,नखरा,चौंचला-2
2.भाग्य,किस्मत-3
3.अचानक,अकस्मात -3
4.देह,बदन-2
5.बिजली,विद्युत रश्मि-3
7.दबाना,कुचलना-3
9.घोड़ागाड़ी-3
10.जुगत,युक्ति-4
12.कारण-3
16.कृष्णा का गरीब मित्र-3
17.पैंतरा,शर्त-2
19.भार-3
20.बहादुरी-3
21.नेत्र,आंख-3
23.पितामह-2
24.समयगति-2

### शब्द पहेली -8507 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

5 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 06.50 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | वृश्चिक | 09.05 ब.से |
| मंगल | तुला में | धनु | 11.21 बजे से |
| बुध | तुला में | मकर | 13.26 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कुंभ | 15.12 बजे से |
| शुक्र | सिंह में | मीन | 16.45 बजे से |
| शनि | मीन में | मेष | 18.16 बजे से |
| राहु | कुंभ में | वृष | 19.56 बजे से |
| केतु | सिंह में | मिथुन | 21.54 बजे से |
| | | कर्क | 00.07 बजे से |
| राहुकाल 4.30 से 6.00 बजे तक | | सिंह | 02.23 बजे से |
| | | कन्या | 04.35 बजे से |

**रविवार** 2025 वर्ष का 278 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शरद।
**विक्रम संवत्** 2082
**शक संवत्** 1947
**मास** आश्विन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** त्रयोदशी 15.04 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** शतभिषा 08.01 बजे को समाप्त।
**योग** गण्ड 16.34 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 15.04 बजे तदनन्तर गर 01.48 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 13.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 04° 45'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872488
**जूलियन दिन** 2460953.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** रबी उस्सानी
**तारीख** 12

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से 07.23 बजे तक | | शुभ | 05.36 से 07.09 बजे तक | |
| चर | 07.23 से 08.51 बजे तक | | अमृत | 07.09 से 08.41 बजे तक | |
| लाभ | 08.51 से 10.18 बजे तक | | चर | 08.41 से 10.14 बजे तक | |
| अमृत | 10.18 से 11.46 बजे तक | | रोग | 10.14 से 11.46 बजे तक | |
| काल | 11.46 से 01.14 बजे तक | | काल | 11.46 से 01.19 बजे तक | |
| शुभ | 01.14 से 02.41 बजे तक | | लाभ | 01.19 से 02.51 बजे तक | |
| रोग | 02.41 से 04.09 बजे तक | | उद्वेग | 02.51 से 04.24 बजे तक | |
| उद्वेग | 04.09 से 05.36 बजे तक | | शुभ | 04.24 से 05.53 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगत: सच्चे स्नेह का जादू

घटना उस समय की है, जब महात्मा गांधी को छह वर्ष के लिए यरवदा जेल भेजा गया। जेल सुपरिटेंडेंट अंग्रेज था। वह गांधीजी को ब्रिटिश अंग्रेज साम्राज्य का सबसे बड़ा शत्रु मानता था, इसलिए जब बापू के लिए कोई सेवक देने का अवसर आया, तो उसने एक अश्वेत अफ्रीकी को बापू की सेवा में लगा दिया। वह अफ्रीकी न तो हिंदी समझता था और न ही अंग्रेजी। केवल इशारों से ही उससे काम लिया जा सकता था। गांधीजी सुपरिटेंडेंट की धूर्तता को भांप गए। फिर भी उन्होंने कोई ऐतराज नहीं किया। वह उस अफ्रीकी से ही सहयोग लेने लगे। गांधीजी की कोशिश थी कि वह उनके प्रति पूरी तरह सहज हो जाए। एक दिन उस अफ्रीकी को बिच्छू ने काट लिया तो वह भागा-भागा गांधीजी के पास पहुंचा और बिच्छू के काटे हुए स्थान को दिखाकर उनसे सहायता मांगने लगा। गांधीजी ने तुरंत उसका उपचार शुरू कर दिया। कुछ ही पलों में उसकी जलन शांत हो गई। फिर गांधीजी ने उसे कुछ दवाएं दीं और उस दिन काम न करने की छूट भी। वह अफ्रीकी गांधीजी से बेहद अभिभूत हुआ। उसे अपने जीवन में किसी भी अन्य व्यक्ति से इतना प्यार कभी नहीं मिला था। उस घटना के बाद वह बापू का भक्त बन गया और बड़े मनोयोग से उनकी सेवा करने लगा। गांधीजी और उसके बीच आत्मीय रिश्ता बन गया, जिसे देखकर जेल अधिकारी आश्चर्य में पड़ गया। उसने तो गांधीजी को परेशानी में डालने के लिए उस अफ्रीकी को उनकी सेवा में रखा था, पर हुआ ठीक उलटा। यह गांधीजी के सच्चे स्नेह का जादू था।

## सूडोकु नवताल- 7293

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7292 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

# सेंसेक्स और निफ्टी में साप्ताहिक आधार पर तेजी रही

मुंबई। अक्टूबर 2025 के पहले सप्ताह में घरेलू शेयर बाजारों ने मजबूती दिखाई और बीते सप्ताह की गिरावट से उबरते हुए साप्ताहिक आधार पर बढ़त दर्ज की। बाजार की चाल पर इस सप्ताह घरेलू कारकों का सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा में जीडीपी ग्रोथ अनुमान को बढ़ाना और महंगाई अनुमान में कमी करना निवेशकों के लिए भरोसा बढ़ाने वाला कदम साबित हुआ। इसके अलावा देशभर में मानसून की अच्छी स्थिति, घरेलू संस्थागत निवेशकों की सतत खरीदारी और वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में बेहतर कॉरपोरेट नतीजों की उम्मीद ने बाजार को बल दिया।इस सप्ताह केवल चार कारोबारी सत्र रहे, क्योंकि 2 अक्टूबर को गांधी जयंती और विजयादशमी की छुट्टी थी। सोमवार और मंगलवार को बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। सेंसेक्स क्रमश: 61 और 97 अंकों की गिरावट के साथ बंद हुआ, जबकि निफ्टी में भी मामूली कमजोरी दर्ज की गई। बुधवार को बाजार ने दमदार वापसी की। सेंसेक्स 715 अंक उछलकर 80,983 पर और निफ्टी 225 अंकों की तेजी के साथ 24,836 पर बंद हुआ। शुक्रवार को भी बाजार में मजबूती बनी रही। सेंसेक्स 226 अंकों की तेजी के साथ 81,207 और निफ्टी 57 अंक चढ़कर 24,894 पर बंद हुआ। सप्ताह के अंत में सेंसेक्स में कुल मिलाकर 843 अंकों और निफ्टी में 259 अंकों की बढ़त रही। हालांकि विदेशी निवेशकों की बिकवाली अब भी चिंता का विषय है, लेकिन घरेलू संकेतकों की मजबूती निकट भविष्य में बाजार को स्थिरता दे सकती है। निवेशकों को आने वाले सप्ताह में कॉरपोरेट परिणामों और वैश्विक रुझानों पर नजर रखनी चाहिए।



# दिवाली से पहले सोना 1.14 लाख के पार

मुंबई । दिवाली और धनतेरस जैसे त्योहारों से पहले सोने की कीमतों में जोरदार उछाल देखने को मिला है। 23 सितंबर 2025 को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने की कीमत 1,14,179 रुपए प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। भू-राजनीतिक तनाव, वैश्विक टैरिफ में अनिश्चितता और केंद्रीय बैंकों की बढ़ती खरीदारी इसकी प्रमुख वजहें हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि मौजूदा उच्च स्तर पर निवेशकों को सोच-समझकर कदम उठाना चाहिए। बाजार के विशेषज्ञों के अनुसार, गोल्ड ईटीएफ में गिरावट के समय चरणबद्ध निवेश अधिक सुरक्षित रणनीति है। वहीं जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज के प्रणव मेर ने सुझाव दिया कि भौतिक सोना केवल प्रतीकात्मक मात्रा में ही खरीदें, जबकि बाकी निवेश ईटीएफ या सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में करें। साल 2025 की शुरुआत से अब तक सोने में लगभग 51 फीसदी की तेजी आ चुकी है। विशेषज्ञ प्रवीन के अनुसार, गोल्ड अगले कुछ महीनों में 3800 डॉलर से 4000 डॉलर प्रति औंस (1,14,600 से 1,20,000 प्रति 10 ग्राम) तक जा सकता है। समर्थन स्तर 1,11,500 और 1,08,500 रुपए के बीच माने जा रहे हैं। निवेश पोर्टफोलियो में विशेषज्ञ 5-10 फीसदी तक सोना और चांदी रखने की सलाह देते हैं। यह हिस्सेदारी निवेशक की उम्र, जोखिम क्षमता और निवेश अवधि पर निर्भर करती है। त्योहारी सीजन में परंपरा और निवेश के बीच संतुलन जरूरी है। समझदारी भरा डिजिटल निवेश, जैसे ईटीएफ या एसजीबी, इस समय अधिक व्यावहारिक विकल्प साबित हो सकते हैं।

# लेंसकार्ट के आईपीओ को सेबी ने दी मंजूरी, नवंबर में कंपनी की हो सकती है लिस्टिंग

**नई दिल्ली।** चश्मा बनाने वाली कंपनी लेंसकार्ट के आईपीओ को सेबी ने मंजूरी दे दी है। अब कंपनी आईपीओ के लिए इश्यू प्राइस और लॉन्चिंग की तारीख का ऐलान करेगी। ऐसा अनुमान है कि नवंबर में कंपनी की लिस्टिंग हो सकती है। बता दें कुल आईपीओ का आकार 7,500-8,000 करोड़ रुपए यानी 850-900 मिलियन डॉलर होने की उम्मीद है। यह इसे टाटा कैपिटल और एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के बाद इस साल के सबसे बड़े इश्यू में से एक बना देगा। लेंसकार्ट के ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के मुताबिक आईपीओ में 2,150 करोड़ रुपए के इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू शामिल होगा। इसके साथ ही मौजूदा निवेशकों और प्रमोटरों द्वारा 13.2 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश भी होगी। ओएफएस में सॉफ्टबैंक समर्थित एसवीएफ-2, अल्फा वेव वेंचर्स, टेमासेक के सहयोगी, प्रेमजी इन्वेस्ट और केदारा कैपिटल समेत प्रमुख शेयरधारक भागीदारी करेंगे। लेंसकार्ट के प्रमोटर्स में पीयूष बंसल 2 करोड़ शेयर बेचेंगे जबकि नेहा बंसल, अमित चौधरी और सुमीत कपाही अपनी-अपनी छोटी हिस्सेदारी बेचेंगे। वर्तमान में प्रमोटरों के पास कंपनी की सामूहिक हिस्सेदारी 19.96 फीसदी है जबकि 80.04 फीसदी हिस्सेदारी संस्थागत और अन्य शेयरधारकों के पास है। लेंसकार्ट ने वित्त वर्ष 2025 में 297.3 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट दर्ज किया जबकि वित्त वर्ष 2024 में उसे 10.2 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था। पिछले दो सालों में 33 फीसदी की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर के साथ, राजस्व भी साल-दर-साल 23 फीसदी बढ़कर 6,652.5 करोड़ रुपए हो गया। आईपीओ से जुटाई गई राशि का इस्तेमाल कंपनी द्वारा संचालित और कंपनी के मालिकाना हक वाले नए स्टोर शुरू करने लीज, किराया और लाइसेंस समझौते के भुगतान के लिए किया जाएगा। इसके साथ ही टेक्नोलॉजी, क्लाउड संबंधी इंफ्रा, ब्रांड के विपणन और कारोबार के प्रमोशन के लिए किया जाएगा। कोटक महिंद्रा, मॉर्गन स्टेनली, सिटी, एवेंडस कैपिटल और इंटेंसिव फिस्कल सर्विसेज इसके आईपीओ के मर्चेंट बैंकर हैं। साल 2008 में स्थापित लेंसकार्ट दुनिया भर में 2000 से ज्यादा स्टोर संचालित करती है, जिसकी ऑनलाइन और ऑफलाइन उपस्थिति मजबूत है। इसे सॉफ्टबैंक, एडीआईए, टेमासेक, केकेआर, अल्फा वेव, टीपीजी और केदारा कैपिटल जैसे प्रमुख वैश्विक निवेशकों का समर्थन मिला हुआ है।

पद्मेश न्यूज। लांजी।

लांजी नगर में दशहरा पूर्व के दुसरे दिन 3 एवं 4 अक्टूबर को माता रानी की प्रतिमाओ का ऐतिहासिक एवं भव्यता के साथ विसर्जन किया गया जो कि देर रात्रि 2 बजे तक चला। इस बार यह विसर्जन इसलिये खास रहा की देर रात्रि तक हुये विसर्जन में लगातार दर्शनार्थी बने हुये थे, विसर्जन स्थल पर भारी भीड नजर आई। प्रशासन के द्वारा भी विसर्जन स्थल पर व्यवस्था की गई थी। साथ ही लांजी एसडीएम कमलचंद सिंहसार की उपस्थिती एवं संपूर्ण निर्देशन में सीएमाओ मयूर वाहने, थाना प्रभारी दीपसिंह परमार,एसआई सुन्दरलाल पंवार एवं पुलिस अमला मोर्चा संभाले हुये था। विसर्जन स्थल पर बाढ आपदा प्रबंधन का दल प्रमुख रूप से मौजूद रहा। सभी समितियों के द्वारा बारी बारी से मातारानी की प्रतिमाएँ आरती पूजन के पश्चात विसर्जन की गई।











# भव्य शोभायात्रा निकालकर मातारानी की प्रतिमा का किया विसर्जन

## लगातार एक के बाद एक शोभा यात्रा की कतार दर्शनीय

**लांजी नगर में ऐतिहासिक विसर्जन 3 अक्टुबर को देखने को मिला जंहा माँ सिंह वाहिनी दुर्गा उत्सव समिति, नव युवक दुर्गा उत्सव समिति, मॉ भवानी दुर्गा उत्सव समिति, सादर मित्र मण्डल लांजी, महागौरी महिला मण्डल सुन्दर टोला लांजी तथा 4 अक्टूबर को सद्भावना मित्र मण्डल लांजी के द्वारा एक कतार में बारी बारी से नगर का भ्रमण करते हुये माता रानी की प्रतिमाओ को विसर्जन स्थल पर लाया गया जहां हाईड्रा की व्यवस्था कर तथा केवटो के सहयोग से प्रतिमाओ का विसर्जन किया गया।**

### विसर्जन माँ चली

नगर के धार्मिक आस्था का केन्द्र गणेश तालाब में नगर की सभी प्रमुख समितियों द्वारा स्थापित माता रानी की प्रतिमा का विसर्जन आरती पूजन विधि पूर्वक किया गया। सभी प्रतिमाऐं गणेश तालाब पंहुची जहां पर बारी बारी से समितियों के द्वारा आरती पूजन किया गया दुसरी ओर इस भावुक पल में एक ही भावुक गीत चल रहा था नौरात्रि के नौ दिन माई, दशम दिन विदाई, विसर्जन मॉ चली.....। आंगन डगर घर सूना अधिर भय नैना, निरस हुई हर गली।। इस गीत के साथ विसर्जन स्थल पर मौजूद प्रत्येक दर्शनार्थी की आंखे नम होती दिखाई दी माता रानी के जयकारो के साथ प्रतिमाओं को विसर्जन किया गया।

### झांकियां रही आकर्षण का केंद्र

इस बार लांजी नगर में विसर्जन ऐतिहासिक नजारा दिखाई दिया। सभी समितियों के द्वारा पूर्व से ही विसर्जन को लेकर तैयारिया की गई थी। माँ सिंह वाहिनी दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा भव्य झांकी प्रदर्शन किया गया इसी कड़ी मे सादर मित्र मण्डल, सद्भावना मित्र मण्डल लांजी, महागौरी दुर्गा उत्सव समिति सहित समस्म दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा एक से बढकर एक विसर्जन झांकी बैण्ड डीजे कि व्यवस्था कर मातारानी की पतिमा को नाचते गाते झुमते हुये विसर्जन स्थल तक ले जाया गया।

### ग्रामीण अंचलो में मातारानी की प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

लांजी नगर सहित ग्रामीण अंचलो में भी मातारानी की प्रतिमाओं को भव्यता के साथ विसर्जन किया गया। बतादे कि दशहरा पर्व के साथ ही विराजि माता रानी की प्रतिमाओं का विसर्जन स्थानीय स्तर पर प्रारंभ हो जाता है। जिसके तहत लांजी क्षेत्र के समस्त ग्रामो में विराजित मातारानी की प्रतिमाओं का भक्ति भाव, बाजे गाजे, गरबा में रमते हुये अपने अपने ग्रामों के नदी तालाबों में पंहुचकर संपूर्ण विधि विधान से पूजन अर्चन आरती कर मातारानी की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस दौरान दुर्गा उत्सव समिति के सदस्य एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहकर भरपूर आनंद प्राप्त किया।

### पुलिस की रही चाक चौबंद व्यवस्था

लांजी नगर सहित क्षेत्र में माता रानी की प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर बडी मात्रा में पुलिस बल तैनात रहता है। प्रशासनिक अधिकारियो के दिशा निर्देश के आधार पर बलो की तैनाती की जाती है। लांजी नगर में भी विसर्जन कार्यक्रम भव्यता के साथ मनाया जाता है जहा शाम 6 बजे से लेकर रात्रि 3 बजे तक विसर्जन कार्यक्रम चलता है इस हेतु लांजी पुलिस के द्वारा पूर्व से ही तैयारियो कर ली गई थी एसडीओपी ओमप्रकाश भापूसे के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश के आधार पर थााना प्रभारी दीपसिंह परमार, एसआई सुन्दरलाल पंवार सहित संपूर्ण अमला तैनात नजर आया, विसर्जन स्थल पर भी बडी मात्रा मे पुलिस बल तैनात रहा पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था के मध्य लांजी नगर में प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

# वन्यप्राणी सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत शास. हाई स्कूल रिसेवाड़ा में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

पद्मेश न्यूज। लांजी। वन विभाग दक्षिण (सामान्य) वनमण्डल बालाघाट के अंतर्गत वन परिक्षेत्र पश्चिम लांजी (सामान्य) द्वारा 1 अक्टूबर 07 अक्टूबर 2025 वन्यजीव संरक्षण सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 4 अक्टूबर को वन्यप्राणि सुरक्षा सप्ताह के तहत शासकीय हाई स्कूल रिसेवाडा में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी पश्चिम लांजी सपन ताम्रकार ने छात्रों को वनों एवं वन्यजीवों के हमारे जीवन में महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने वन्यजीवों और वनों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता करते हुए वन्यजीवों संबंधित अनेक प्रश्न किए तथा छात्रों को पुरस्कार वितरित किए। इस कार्यक्रम में वन विभाग की ओर से सहयोग श्याम लाल चिचले उपवन क्षेत्रपाल, अमोल सिंह धुर्वे वनपाल, संजय विश्वकर्मा वनपाल, वनरक्षक संजय दुरूगकर , कुलदीप मंडले, तरंग चौधरी, विवेक बंसोंड, नेमेन्द्र मलघाटी, कन्हैयालाल गायकवाड, रत्नकला भलावि तथा संगीता कोकोडे ने तथा शासकीय हाई स्कूल की ओर से शिक्षक दिनेश टेम्भरे, ढालेश्वर लिल्हारे, सुरेश कुमार भोलेकर तथा पी.डी. दसरिये ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में प्रथम स्थान पर विजेता 9वीं कक्षा के आयुष भोडेकर तथा द्वितीय स्थान पर 10वीं कक्षा की काकुन ब्राम्हणकर को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम वनों और वन्यजीवों के संरक्षण की दिशा में छात्रों में उत्साह जगाने वाला सिद्ध हुआ।




# भारतीय वायु सेना के नवचयनित अधिकारी सचिन मुरकुटे का हुआ भव्य स्वागत, सम्मान



पद्मेश न्यूज। लांजी। भारतीय वायु सेना में ग्रुप ए राजपत्रित अधिकारी के रूप में चयनित युवा प्रतिभा सचिन विजय मुरकुटे के गृहनगर लांजी आगमन पर कलार समाज समिति ने हर्षोल्लास के साथ उनका स्वागत किया। यह सम्मान समारोह न केवल उनके उल्लेखनीय उपलब्धि का जश्न था, बल्कि स्थानीय समुदाय के लिए प्रेरणा का स्त्रोत भी साबित हुआ। सचिन ने यूपीएससी संयुक्त रक्षा सेवा (सीडीएस) परीक्षा तथा भारतीय वायु सेना की फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी (तकनीकी एवं गैर-तकनीकी) शाखाओं के चयन परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 106 हासिल कर पूरे देश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस उपलब्धि के बाद उनका पहला नगर आगमन पर कलार समाज समिति के द्वारा कलार समाज भवन में आयोजित भव्य समारोह के साथ हुआ, जहां उन्हें शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। सचिन मुरकुटे का सफर एक सामान्य परिवार से वायु सेना के उच्च पद तक पहुंचना प्रेरणादायक है। मूल रूप से लांजी के रमपुरा क्षेत्र के निवासी सचिन ने इंदौर से बी.टेक कंप्यूटर साइंस में अपनी स्नातक शिक्षा पूरी की। कलार समाज समिति द्वारा आयोजित सम्मान समारोह 4 अक्टूबर को शाम 5 बजे कलार समाज भवन में संपन्न हुआ। समिति के सदस्यों ने सचिन का पारंपरिक स्वागत किया, जिसमें शाल ओढ़ाकर, श्रीफल भेंटकर तथा पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका सम्मान किया गया। समारोह में उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका अभिवादन किया, जो उनके संघर्ष और सफलता की कहानी का साक्ष्य था। सचिन ने इस अवसर पर कहा कि यह उपलब्धि उनके परिवार, गुरुओं और समाज के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प से कोई भी सपना असंभव नहीं होता। समारोह में सचिन के परिवार के सदस्यों की उपस्थिति ने भावुक क्षण पैदा किए। समिति के प्रमुख सदस्यों में गिरीश रामटेककर, अरूणेन्द्र दुरूगकर, संतोष मोरघड़े, डॉ. किशोर सोनवाने, रमेश आसटकर, मधुकर आसटकर, दिलीप आसटकर, डॉ. राजेश रणदिवे, श्रीराम सोनवाने, गोविन्द सोनवाने, राजू मुरकुटे, प्रकाश मुरकुटे, दिनेश रणदिवे, विजय रामटेककर, चंद्रकांत किरनापुरे, मोनू सौरभ पशीने, शरद सोनवाने, आदित्य रामटेककर, तोपेश्वर रामटेककर, महारूलाल तिड़के, रवि भण्डारकर, कमलेश साहू, अशोक घरते तथा राकेश सोनवाने के अलावा, कलार समाज समिति के अन्य सदस्यों की भी उपस्थिति रही, जिसने समारोह को और भी भव्य बनाया।

# शासकीय आईटीआई पालडोंगरी में दीक्षांत समारोह का हुआ आयोजन

पद्मेश न्यूज। लांजी। भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के अंतर्गत मध्यप्रदेश कौशल विकास विभाग द्वारा 4 अक्टूबर 2025 को प्रदेश की सभी आईटीआई में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में शासकीय आईटीआई पालडोंगरी (लांजी), जिला बालाघाट में भी दीक्षांत समारोह बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लांजी क्षेत्र के विधायक राजकुमार कर्राहे, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कमल चंद्र सिंहसार, जिला पंचायत सदस्य दुलीचंद राजनीरे, मंडल अध्यक्ष बिसोनी देवेश एड़े, सरपंच पालडोंगरी गणेशराम नारनौरे, सरपंच कटंगी महेंद्र कुमार बोरकर, सरपंच अमेड़ा श्रीमती ठगुबाई बिछोड़े, सरपंच फोफसा शिवशंकर चौधरी, सरपंच रमपुरा विनय कुशले सहित महेंद्र उमरे, वेंकट उमरे, राजेश मुरकुटे, संजय सोनवाने, जितेंद्र महीश्वरे, राजू कावड़े आदि गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विधायक श्री कर्राहे एवं अन्य अतिथियों द्वारा आईटीआई परिसर में वृक्षारोपण के साथ हुई। तत्पश्चात सरस्वती पूजन के बाद छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मध्यप्रदेश गान के सम्मान के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। इस अवसर पर एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री के वीडियो संदेश का सीधा प्रसारण दिखाया गया, जिसमें उन्होंने युवाओं के लिए 62,000 करोड़ रुपये की विभिन्न योजनाओं का अनावरण किया। प्रशिक्षण अधिकारी आदर्श पटले और दिनेश मरावी ने करियर गाइडेंस पर अपने विचार साझा किए। इसके बाद आईटीआई से उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी कृष्णा उपराडे, दीपक वाघाडे और पंकज बोहोने ने स्व-रोजगार स्थापित कर अपनी सफलता की कहानियां सुनाकर सभी को प्रेरित किया। मुख्य अतिथि राजकुमार कर्राहे ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में प्रशिक्षणार्थियों को करियर गाइडेंस से संबंधित कई उदाहरण प्रस्तुत किए और जीवन की चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, मैं इस क्षेत्र का जनप्रतिनिधि हूं। मेरा मोबाइल नंबर रखें और करियर से संबंधित किसी भी समस्या के लिए मुझसे संपर्क करें। उनके प्रेरक शब्दों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को पारितोषिक प्रदान किए गए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। संस्था के प्राचार्य एस आर कुशराम ने छात्र-छात्राओं को प्रेरणादायी उद्बोधन दिया और सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रशिक्षण अधिकारी धनंजय धारणे ने किया। इस अवसर पर समस्त प्रशिक्षण अधिकारी, आईटीआई का समस्त स्टाफ और प्रशिक्षणार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह दीक्षांत समारोह युवाओं के लिए प्रेरणा और उत्साह का स्त्रोत बना।




# बगड़ी में हुआ कुष्ठ एवं चर्म रोग जागरूकता अभियान- ग्रामीणों को दी जानकारी

पद्मेश न्यूज। लांजी। जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं जिला कुष्ठ अधिकारी के निर्देशानुसार, मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अक्षय उपराड़े के मार्गदर्शन में लांजी क्षेत्र के वनांचल ग्राम बगड़ी में एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में स्वास्थ्य विभाग लांजी की आशा कार्यकर्ता श्रीमती गीता नरताम एवं आरिफ हुसैन ने ग्रामीणों को कुष्ठ रोग एवं चर्म रोग के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। समूह चर्चा के माध्यम से आयोजित इस अभियान का उद्देश्य रोग के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान एवं समय पर उपचार के महत्व को समझाना था। सत्र के दौरान श्रीमती नरताम ने स्पष्ट किया कि चर्म रोग एवं कुष्ठ रोग में मुख्य अंतर यह है कि चर्म रोग सामान्य त्वचा संक्रमण होते हैं, जबकि कुष्ठ रोग एक बैक्टीरियल संक्रमण है जो अनुपचारित रहने पर विकृति उत्पन्न कर सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि एमडीटी (मल्टी ड्रग थेरेपी) औषधि का नियमित सेवन शुरू से ही आवश्यक है। इससे न केवल रोग से पूर्ण मुक्ति संभव है, बल्कि रोग के बढ़ने से रोकथाम, विकृति, अल्सर एवं घावों से बचाव भी सुनिश्चित होता है। ग्रामीणों को सलाह दी गई कि शरीर की नियमित देखभाल करें तथा रोग से ग्रसित व्यक्ति को सम्मान के साथ आशा कार्यकर्ता या नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाएं। सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर एमडीटी दवा निःशुल्क उपलब्ध है, जिसका लाभ उठाना चाहिए। कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों से अपील की कि सामाजिक सम्मेलनों, शादी-पार्टियों, अन्य कार्यक्रमों, हाट-बाजार एवं मेलों में भी इस रोग की जानकारी साझा करें। यदि किसी को कुष्ठ रोग की शंका हो, तो तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं तथा एमडीटी दवा खिलाने में सहयोग करें। रोग बढ़ने से पहले जांच कराने से शंका मिट सकती है। विशेष रूप से विकृति वाले रोगियों के ऑपरेशन पर भारत सरकार द्वारा 12,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है, जो ग्रामीणों के लिए राहतकारी साबित हो सकती है। इस सत्र में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया, जिनमें लक्ष्मीबाई नरताम, गोपाल मडावी, राधिका मरावी, कारण बाई, संगीता मर्सकोले, लक्ष्मी धुर्वे, करीना मरावी, रितु सातपुते, अनीता यूइके, आरती सातपुते, मनीषा नरताम, शीला धुर्वे, धर्मेंद्र नरताम आदि प्रमुख थे। आयोजन के माध्यम से ग्रामीणों में जागरूकता का स्तर बढ़ा है तथा स्वास्थ्य विभाग की यह पहल कुष्ठ मुक्त भारत अभियान को मजबूत बनाने में सहायक सिद्ध हो रही है। स्वास्थ्य विभाग ने आगे भी ऐसे अभियानों को जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया है।



# लगातार हो रही बारिश ने किसान वर्ग की बढ़ाई चिंता

पद्मेश न्यूज। लांजी। क्षेत्र में इन दिनों लगातार हो रही बारिश से किसान वर्ग अब खासा परेशान हो चुका है। फसलों पर बिमारियॉ लगना प्रारंभ हो चुकी है जबकि इस वर्ष क्षेत्र में उन्नत फसले चंहुओंर देखी जा रही थी लेकिन अब बारिश ने किसानों के माथे में चिता की लकीरे उकेर दी है। लांजी क्षेत्र में लोगो का प्रमुख व्यवसाय या कार्य खेती है जिसके भरोसे ही किसान पूरे वर्ष अपना जीवन यापन करता है। किसानों के सभी कार्य अच्छी फसलों पर आधारित रहते है और यदि यही फसलें खराब हो जाये तो स्वभाविक है किसनों के माथो पर चिंता की लकीरें दिखाई देगी। वर्तमान समय में क्षेत्र में हो रही लगातार बारीश फसलों को खराब करने में लगी है। वर्तमान में फसलों माहु कीट का आतक देखा जा रहा है जो कि अत्यधिक नमी के कारण फसलो पर लगता है। इधर किसान माहु कीट से छूटकारा पाने के लिये महंगी महंगी कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव कर रहे है जिससे किसान आर्थिक बोझ के नीचे दबते जा रहे है और जैसे ही किसान दवाईयों का छिड़कांव करते है वैसे ही जोरदार वर्षा हो जाती है जिससे दवाईयों का असर नष्ट हो जाता है और माहू कीट जैसे के वैसे ही फॅसलो पर बने रहकर फसले नष्ट करते दिखाई देते है इन सभी कारणो के चलते किसान वर्ग खासा परेशान हो चुका है कि अब करे तो क्या करे, दवाईयों के छिडकांव से कीट तो नष्ट हो जायेगे लेकिन वर्षा को कैसे रोकेऔर अब हालत ऐसे की की फसले पूरी तरह से पानी डूबी हुई है हवा के चलते फसले सो चुकी है धान पानी के चलते नष्ट होते जा रहा है। यही आलम रहा तो क्षेत्र मे इतनी अच्छी फसल पूरी तरह से नष्ट होने की कगार पर आ जायेगी। क्षेत्र के कुछ स्थलो के यह आलम है कि 10 से 15 दिनों मे हल्के धान की कटाई भी हो सकती है लेकिन लगातार हो रही यह वर्षा आये हुये धान की फसलों को कटने भी नही देगी या आप कटाई नही कर सकते और यदि कटाई कर भी लेते है तो बारीश के चलते कटी हुई फसल आपके किसी काम की नही रहेगी अब किसान करे तो क्या करे। इस बारिश ने किसानों के माथो पर चिंता की लकीरें बढा दी है।



## पहली बार एमपी की किसी जांच एजेंसी के पत्र पर इंटरपोल का एक्शन

# 3200 करोड़ रुपए के घोटाले में STF की डिमांड पर ब्लू नोटिस

### अरब और अफ्रीकी देशों में फरारी काट रहा घोटालेबाज लविश

भोपाल।

मध्यप्रदेश एसटीएफ की पहल पर इंटरपोल ने 3200 करोड़ रुपए के निवेश घोटाले के मास्टरमाइंड लविश चौधरी उर्फ नवाब के खिलाफ ब्लू नोटिस जारी किया है। यह पहली बार है जब मध्यप्रदेश की किसी जांच एजेंसी के डिमांड पर इंटरपोल ने ब्लू नोटिस जारी किया है। लविश ने निवेश के नाम पर हजारों लोगों से करोड़ों रुपए ठगे और फिलहाल भारत से भागकर विदेश में छुपा हुआ है। हाल ही में उसकी लोकेशन दुबई में ट्रेस की गई थी। इसके अलावा वह दक्षिण अफ्रीका और अन्य अरब देशों में भी छुपकर रह चुका है।

**एमपी STF अब तक गिरोह के खातों से 250 करोड़ रुपए कर चुकी जब्त**




ब्लू नोटिस जारी होने के बाद अब उम्मीद है कि उसे विदेश से पकड़कर भारत लाया जा सकेगा। अधिकारियों का कहना है कि लविश अब भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए निवेशकों से बात करता है और उन्हें झूठा भरोसा दिलाता है कि वह उनका पैसा लौटाएगा। इतना ही नहीं, उसने नए-नए नामों से वेबसाइट्स बनाकर लोगों को फिर से धोखा देना शुरू कर दिया है। साथ ही फेसबुक, इंस्टाग्राम और टेलीग्राम ग्रुप्स के जरिए भी वह धोखाधड़ी को अंजाम दे रहा है। इस बड़े घोटाले में कार्रवाई करते हुए मध्यप्रदेश एसटीएफ अब तक गिरोह के खातों से 250 करोड़ रुपए जब्त कर चुकी है। वहीं प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी लविश की करीब 400 करोड़ रुपए की संपत्ति और नकदी फ्रीज की है।

### इंदौर के ईशान सलूजा ने दर्ज कराई थी FIR

इस मामले में इंदौर निवासी ईशान सलूजा ने एफआईआर दर्ज कराई थी। सलूजा ने बताया था कि उससे यार्कर एफएक्स और यार्कर कैपिटल में निवेश करने पर छह से आठ प्रतिशत प्रतिमाह का लाभ देने के नाम पर 20 लाख 18 हजार रुपये की धोखाधड़ी की गई। आरोपी ऋषिकेश का जारी हुए एलओसी इस मामले में फरार ऋषिकेश दास का लुक आउट नोटिस जारी हो चुका है। इस नोटिस के बाद वह देश से बाहर भाग नहीं सकेगा। एसटीएफ ने अब तक 12 आरोपियों की गिरफ्तारी की है। एसटीएफ ने इस मामले में एसआईटी का गठन किया था। एसआईटी ने अब तक दीपक शर्मा, मदन मोहन, महबूब आलम, कृष्ण कुमार मोहन, रीतेश झा, विजय रावत, मनोरंजन राय,राहुल यादव और पंकज कुमार गुंजन को गिरफ्तार किया है। इसमें से मनोरंजन राय, राहुल यादव और पंकज कुमार गुंजन कंपनी के डायरेक्टर हैं। ऋषिकेश दास की तलाश की जा रही है। इसके चलते ही उसके खिलाफ एलओसी जारी किया गया है। देश के सभी एयरपोर्ट , पोर्ट पर इसकी जानकारी एलओसी के जरिए दी जा चुकी है।

### क्या होता है ब्लू नोटिस?

इंटरपोल का ब्लू नोटिस किसी अपराधी की पहचान, लोकेशन और गतिविधियों की जानकारी जुटाने के लिए जारी किया जाता है। यह गिरफ्तारी के लिए नहीं बल्कि सूचना साझा करने और संदिग्ध के नेटवर्क तक पहुंचने का जरिया है। इसके जरिए आरोपी के ठिकाने और उसके संपर्कों के बारे में अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों को इनपुट मिलता है। बाद में जब उस पर औपचारिक आरोप तय होते हैं, तो गिरफ्तारी और प्रत्यर्पण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाती है। इस घोटाले ने देशभर के निवेशकों को बड़ा झटका दिया है और अब उम्मीद की जा रही है कि इंटरपोल की मदद से लविश को जल्द ही भारत लाया जाएगा।

### भारत माता पर अभद्र कमेंट, सिरोंज मे कांग्रेस नेता अरेस्ट

भोपाल। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 100 रुपए के सिक्के पर बनी भारतमाता की तस्वीर पर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर कांग्रेस नेता असद खान जीलानी के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। सिरोंज के चक्रेश श्रीवास्तव ने एक पोस्ट शेयर की थी, जिसमें भारत माता की यह फोटो भी लगाई गई थी। इस पोस्ट पर असद ने बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस टिप्पणी से नाराज होकर यहां के विधायक उमाकांत शर्मा ने पुलिस के आला अफसरों से चर्चा की। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता भी थाने पहुंच गए थे। पुलिस ने असद को गिरफ्तार कर लिया है।

## भाजपा के विधानसभा सम्मेलन शुरू

# 230 सीटों पर GST बचत उत्सव, आत्मनिर्भर भारत का एजेंडा शेयर

भोपाल।

प्रदेश भाजपा ने संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से विधानसभा सम्मेलन आज से शुरू किए हैं। इन सम्मेलनों में विशेष रूप से जीएसटी बचत उत्सव और आत्मनिर्भर भारत संकल्प से जुड़ी जानकारियां साझा की जा रही हैं। प्रदेश के सभी 230 विधानसभा क्षेत्रों में यह सम्मेलन चरणबद्ध तरीके से आयोजित किए जा रहे हैं। भाजपा संगठन का कहना है कि इन सम्मेलनों का उद्देश्य पार्टी कार्यकर्ताओं को ऐसी योजनाओं की जानकारी देना है जिनसे आम लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है, ताकि वे इन योजनाओं को जनता तक प्रभावी रूप से पहुंचा सकें। इन सम्मेलनों में कुछ स्थानों पर सांसद और विधायक भी शामिल होंगे। यह सम्मेलन आज से शुरू होकर 15 अक्टूबर तक होंगे। सम्मेलनों में विशेषज्ञ और पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को बताएंगें कि जीएसटी बचत उत्सव के तहत कर व्यवस्था में पारदर्शिता आई है और उपभोक्ताओं को वस्तुओं व सेवाओं पर समान कर का लाभ मिला है। इसके साथ ही राज्य की आय में बढ़ोतरी से विकास कार्यों के लिए नए संसाधन उपलब्ध हुए हैं। छोटे व्यापारियों और उद्यमियों के लिए भी जीएसटी ने कारोबार को सरल और सुविधाजनक बनाया है।




### योजनाओं की दी जा रही जानकारी

इन सम्मेलनों में आत्मनिर्भर भारत संकल्प के तहत युवाओं, महिलाओं और उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में चल रही योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इसमें केंद्री एवं मध्य प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी भी इसमें दी जाएगी। सम्मेलन में इन योजनाओं के लाभार्थियों के अनुभव भी साझा किए जा रहे हैं, ताकि कार्यकर्ताओं को वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से योजनाओं की प्रभावशीलता समझाई जा सके।

**एक हजार कार्यकर्ताओं का टारगेट:** भाजपा संगठन ने तय किया है कि हर विधानसभा क्षेत्र में सम्मेलन के माध्यम से कम से कम एक हजार कार्यकर्ताओं तक इन योजनाओं की जानकारी पहुंचाई जाएगी। कार्यकर्ताओं को यह भी बताया जा रहा है कि वे आगामी कार्यक्रमों के तहत अपने बूथ स्तर पर जनता के साथ संवाद स्थापित कर योजनाओं के लाभ और प्रक्रिया के बारे में जानकारी दें।

## मैहर में संघ प्रमुख भागवत, प्रशासन अलर्ट, नो फ्लाई जोन

सतना। मैहर में 4 अक्टूबर को आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के दौरे को लेकर प्रशासन ने पूरे तहसील क्षेत्र को सुबह 4 बजे से रात 8 बजे तक नो फ्लाई जोन घोषित किया है। ड्रोन, पैराग्लाइडर व हवाई गतिविधियों पर रोक रहेगी। सुरक्षा कड़ी की गई है, आदेश उल्लंघन पर कानूनी कार्रवाई होगी। सरसंघचालक मोहन भागवत के दौरे को लेकर मैहर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाने के लिए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट रानी बाटड ने बड़ा कदम उठाते हुए 4 अक्टूबर को संपूर्ण मैहर तहसील क्षेत्र को नो फ्लाई जोन घोषित कर दिया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी किया गया है। ये 4 अक्टूबर को सुबह 4 बजे से रात 8 बजे तक लागू रहेगा। बताया जा रहा है कि संघ प्रमुख मोहन भागवत आज मां शारदा देवी के दर्शन करेंगे। इसके बाद वह संघ कार्यालय में आयोजित विशेष कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के उपरांत वे उचेहरा होते हुए सतना के लिए रवाना होंगे।

## बंजर जमीन से फैलेगी रोशनी

# चंबल के बीहड़ों में अब IIT रुड़की की मदद से सोलर से बिजली बनाएगी सरकार

भोपाल। कभी डाकुओं के लिए चर्चित रहे चंबल के बीहड़ों में अब सरकार सोलर से बिजली भी बनाएगी। आईआईटी रुड़की की मदद से इस काम को अंजाम दिया जाएगा। यहां बंजर जमीन का उपयोग मध्यप्रदेश सरकार सोलर से बिजली बनाने में करेगी। मध्यप्रदेश में वर्तमान में नवीन एवं नवकरणीय उर्जा विभाग रीवा, आगरमालवा, शाजापुर, नीमच, ओंकारेश्वर, मंदसौर में सौर उर्जा से बिजली बनाने का काम कर रहा है। जल्द ही मुरैना में सोलर प्लस स्टोरेज परियोजना से भी बिजली उत्पादन शुरु होगा। इसके बाद धार, शिवपुरी, अशोकनगर जैसे जिलों में भी सोलर स्टोरज परियोजना से बिजली बनाने की तैयारी है। बाद में मुरैना सोलर पार्क फेज दो में मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के उपयोग के लिए बिजली तैयार की जाएगी। नवीन एवं नवकरणीय उर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव ने बताया कि मध्यप्रदेश में चंबल के बीहड़ों में काफी अनुपयोगी जमीन उपलब्ध है। यह जमीन बंजर है खेती में भी इसका उपयोग नहीं किया जा सकता है। इसलिए इस जमीन का उपयोग कर यहां सौर उर्जा से बिजली बनाने की तैयारी मध्यप्रदेश सरकार का नवीन एवं नवकरणीय उर्जा विभाग कर रहा है। इसके लिए आईआईटी रुड़की से चर्चा हो चुकी है। जल्द ही इस परियोजना पर काम शुरु किया जाएगा। ऐसा हुआ तो चंबल के बीहड़ों से भी मध्यप्रदेश को सस्ती बिजली मिल सकेगी।

### रीवा: 750 मेगावाट बिजली हो रही तैयार

वर्तमान में रीवा के सोलर एनर्जी प्लांट से 750 मेगावाट बिजली तैयार की जा रही है। यह प्लांट वर्ष 2019 से चल रहा है। आगर मालवा, शाजापुर और नीमच में सोलर प्लांट से पिछले डेढ़ साल से 1330 मेगावाट बिजली तैयार की जा रही है। ओंकारेश्वर में फ्लोटिंग सौर उर्जा प्लांट से 248 मेगावाट बिजली सौर उर्जा के जरिए बन रही है। अब मुरैना में सौर उर्जा फेज-1 परियोजना शुरु की जा रही है। सोलर एनर्जी कार्पोरेशन ऑफ इंडिया और एमपी उर्जा विकास निगम के उपक्रम रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड द्वारा मुरैना में बैटरी आधारित सौर परियोजना की ई रिवर्स निविदा में 2.70 और 2.76 रुपए प्रति यूनिट उत्पादन की दरें प्राप्त हुई है। यह भारत में अब तक की सबसे कम दर पर सौर उर्जा से बिजली तैयार करने की दरें है। इस परियोजना में दो यूनिट है। 440 मेगावाट और सोलर प्लस में 1760 मेगावाट बैटरी स्टोरेज क्षमता की यूनिट होंगी। इसमें पीक घंटे में न्यूनतम दो घंटे और शाम के समय छह बजे से दस बजे तक पीक घंटों में दो घंटे पीक सप्लाई हो सकेगी। परियारेजना में 220 मेगावाट सोलर प्लस 880 मेगावाट बैटरी सेरज की यूनिट है। इसमें सुबह छह से नौ बजे तक और शाम छह से दस बजे तक के पीक घंटे मे दो घंटे बिजली मिलेगी। इस परियोजना पर चार हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे और मध्यप्रदेश सरकार इसमें केवल जमीन उपलब्ध करा रही है। प्लांट की स्थापना दो कंपनियां करेंगी जो पच्चीस साल तक इसी दर पर बिजली उपलब्ध कराएंगी।



### श्रद्धांजलि अर्पित....

भोपाल। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल शनिवार सुबह नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव स्थित मंत्री प्रहलाद पटेल के निवास पहुंचे। यहां उन्होंने मंत्री पटेल की दिवंगत माता को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं शोक संवेदना व्यक्त की।

### सिंधिया के कार्यक्रम में भाजपा पार्षद की दबंगई

ग्वालियर। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के शमी पूजन कार्यक्रम के दौरान भाजपा पार्षद मोहित जाट और एक सुरक्षाकर्मी के बीच विवाद देखने को मिला। विवाद का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। कार्यक्रम में सुरक्षाकर्मी ने पार्षद मोहित जाट को प्रवेश से रोकने की कोशिश की। इस पर मोहित जाट की सुरक्षाकर्मी से तीखी बहस हो गई। पार्षद कहते सुना जा सकता है- बदतमीजी मत कर, मुंह तोड़ दूंगा तेरा...। इसके बाद लोगों ने बीच बचाव कर स्थिति को संभाला।

## दमोह: CM हेल्पलाइन पर फर्जी शिकायत करने वाले 29 लोगों की शिनाख्त

भोपाल। दमोह जिले के तेंदूखेड़ा ब्लाक अंतर्गत सीएम हेल्पलाइन पर फर्जी शिकायत करने वाले 29 शिकायतकर्ताओं को जनपद सीईओ ने चिह्नित किया है। जिसकी सूची बनाकर कलेक्टर के पास भेजी गई है। अब इन लोगों की शिकायत का सत्यापन कराया जाएगा और यदि शिकायत गलत पाई गई तो आगे कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि यह योजन इसलिए शुरू की गई थी, ताकि आम लोगों को शासन की उस योजना का लाभ मिल सके, जिससे वह वंचित हैं। यदि अधिकारी उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं कर पा रहे हैं तो वह हितग्राही अपनी समस्याओं की शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर कर सकता है। यह योजना सार्थक हुई लोगों को न्याय मिलना शुरू हो गया, लेकिन लोग इसका गलत इस्तेमाल करने लगे। जिसे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गंभीरता से लिया और झूठी शिकायत करने वाले लोगों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। दमोह कलेक्टर ने ब्लाक स्तर के अधिकारियों से जानकारी मांगनी शुरू कर दी है। तेंदूखेड़ा जनपद सीईओ मनीष बागरी ने 29 लोगो की सूची बनाकर दमोह कलेक्टर सुधीर कोचर को भेजी है। यह वे लोग हैं जो लगातार शिकायत करते हैं। जबकि इनका योजना से कोई वास्ता नहीं है।

**सीएम के आदेश के बाद एक्शन**

## जीएडी के आदेश के तहत संरक्षण का लाभ देने की तैयारी

# फर्जी जाति प्रमाणपत्र के चक्रव्यूह से बाहर आएंगे AIG मीणा!

**भोपाल।** पुलिस मुख्यालय में पदस्थ एआईजी अमृत लाल मीणा नौ साल बाद फर्जी जाति प्रमाणपत्र के चक्रव्यूह से बाहर आ सकते है। फर्जी जाति प्रमाणपत्र की जांच कर रही राज्य स्तरीय छानबीन समिति अब उन्हें सामान्य प्रशासन विभाग के एक आदेश का हवाला देते हुए उन्हें इस मामले से बाहर करने की तैयारी में है। भले ही उनका जाति प्रमाणपत्र फर्जी है लेकिन इसके आधार पर वे लंबे समय से शासकीय सेवा करते आ रहे है इसलिए जीएडी के आदेश के तहत उन्हें संरक्षण का लाभ दिया जाएगा और उन पर जाति प्रमाणपत्र बनवाने के मामले में कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी। राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी मीणा वर्ष 1995-96 में हुई एमपीपीएससी की परीक्षा में डीएसपी के लिए चयनित हुए थे। परीक्षा में उन्होंने स्वयं को अनुसूचित जनजाति का होना बताया था। मीणा ने विदिशा की लटेरी तहसील से से एसटी का प्रमाणपत्र बनवाया था। मीणा जाति ओबीसी के अंतर्गत आती है। 2003 से पहले मीणा जाति को सिरोंज में एसटी का दर्जा प्राप्त था। इसके चलते उन्होंने प्रमाणपत्र बनवा लिया था। शिकायत के बाद छानबीन समिति ने पड़ताल की और मीणा के जाति प्रमाणपत्र को फर्जी पाया। मीणा के खिलाफ वर्ष 2023 मेंकेस दर्ज हुआ था। सामान्य प्रशासन विभाग ने सितंबर 2016 में एक आदेश जारी किया था। जिसके तहत भारत सरकार की अधिसूचना दिनांक 8 जनवरी 2003 के पूर्व तक विदिशा जिले के सिरोंज उपखंड में मीना जाति के जो व्यक्ति आरक्षण का लाभ प्राप्त कर शासकीय सेवा में प्रवेश पा चुके है उन्हें अनुसूचि जनजाति का नहीं माना जाएगा। उनकी सेवा प्रभावित नहीं होगी किन्तु भविष्य में उन्हें अनुसूचित जनजाति का नहीं माना जाएगा और इस तिथि के बाद उन्हें आरक्षण का लाभ भी नहीं दिया जाएगा।



एसपीएस अफसर अमृतलाल मीणा के अनुसूचित जनजाति वर्ग के जाति प्रमाणपत्र को फर्जी तरीके से बनवाने के मामले में शिकायत के बाद राज्य स्तरीय छानबीन समिति इस मामले का परीक्षण कर रही है। उन्हें सामान्य प्रशासन विभाग के उस आदेश का लाभ दिया जाएगा जिसमें ऐसे प्रमाणपत्र के आधार पर शासकीय नौकरी कर रहे लोगों को संरक्षण दिया जाता है।

■ गुलशन बामरा, अपर मुख्य सचिव अनुसूचित जाति कल्याण

## सागर: नगर निगम ने मकरोनिया पालिका को भेजा नोटिस-भुगतान नहीं किया तो वाटर सप्लाई बंद

सागर। सागर नगर निगम ने मकरोनिया नगर पालिका को 12 करोड़ से अधिक की जलकर बकाया राशि को लेकर नोटिस जारी किया है। नोटिस में चेतावनी दी गई है कि यदि 6 अक्टूबर तक भुगतान नहीं किया गया तो 7 अक्टूबर से मकरोनिया क्षेत्र में पेयजल सप्लाई बंद कर दी जाएगी। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री द्वारा की गई समीक्षा बैठक में यह सामने आया कि मकरोनिया नगर पालिका पर सितंबर 2025 तक की जलकर की बकाया राशि 12 करोड़ 13 लाख 18 हजार 726 रुपए है। इस पर आयुक्त ने तत्काल अंतिम नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

# शुभमन ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय एकदिवसीय टीम के कप्तान बनाये गये

## श्रेयस होंगे उपकप्तान, विराट, रोहित की सात महीने बाद टीम में वापसी, सूर्यकुमार की कप्तानी में जाएगी टी20 टीम

मुम्बई। शुभमन गिल टेस्ट के बाद अब एकदिवसीय प्रारुप के लिए भी भारतीय टीम के कप्तान बनाये गये हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) चयन समिति ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए शुभमन गिल को एकदिवसीय टीम का कप्तान बनाया है। शुभमन को रोहित शर्मा की जगह कप्तान बनाया गया है। रोहित अब एक बल्लेबाज के तौर पर ही टीम में रहेंगे। रोहित के अलावा अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को भी टीम में शामिल किया गया है। इस प्रकार रोहित और विराट करीब सात महीने के बाद एक बार फिर खेलते नजर आयेंगे। ये दोनो ही अंतिम बार चैम्पियंस ट्रॉफी में उतरे थे और उसे भारतीय टीम ने रोहित की कप्तानी में जीता था। वहीं बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को भी टीम में शामिल किया गया है। श्रेयस को एकदिवसीय के लिए उपकप्तान बनाया गया है। कोहली और रोहित ने भारत



के लिए आखिरी बार फरवरी-मार्च में खेला था। तब दोनों चैंपियंस ट्रॉफी में टीम का हिस्सा थे। दोनों ने ही चैंपियंस ट्रॉफी में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था। वहीं तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को एकदिवसीय सीरीज के लिए आराम दिया गया है जबकि टी20 सीरीज में उन्हें शामिल किया गया है। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और ऋषभ पंत चोट के कारण शामिल नहीं किये गये हैं। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में 3 मैचों की एकदिवसीय सीरीज खेलेगी। इसके बाद वह सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में पांच मैचों की टी20 सीरीज भी खेलेगी। मेजबानों के साथ 5 मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। भारतीय टीम पहला एकदिवसीय 19 अक्टूबर को पर्थ में खेलेगी जबकि दूसरा एकदिवसीय मैच 23 को एडिलेड में खेला जाएगा। सीरीज का तीसरा एकदिवसीय मैच 25 अक्टूबर को सिडनी में खेला जाएगा।

**ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए एकदिवसीय टीम**

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उप कप्तान), अक्षर पटेल, केएल राहुल (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल.

**ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टी20 सीरीज के लिए चुनी गई भारतीय टीम**

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुबमन गिल (उप कप्तान), तिलक वर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, वाशिंगटन सुंदर.

# महिला विश्वकप क्रिकेट में आज होगा भारत-पाकिस्तान का मुकाबला

मुम्बई। भारत और पाकिस्तान की महिला क्रिकेट टीमों के बीच रविवार को यहां कोलंबो में अहम मुकाबला होगा। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगी। दोनो ही देशों के बीच तनाव को देखते हुए इस मैच को लेकर भी हाइप बढ़ती जा रही है। वहीं अगर आंकड़ों नजर डालें तो भारतीय टीम का पलड़ा भारी है। अब तक दोनो ही टीमों के बीच सभी प्रारूपों में कुल मिलाकर 27 मुकाबले खेले हैं जिनमें से भारत ने 24 और पाकिस्तान ने तीन जीते हैं। पाक को ये तीन जीत टी20 प्रारूप में मिली हैं। वहीं एकदिवसीय प्रारुप में अब तक दोनो के बीच 11 मैच हुए हैं और ये सभी भारतीय टीम ने जीते हैं। विश्व कप में दोनों टीमों के बीच अब तक 4 बार मुकाबला हुआ है। जिससें भारतीय टीम सभी मैचों में जीती है। भारतीय टीम ने विश्व कप में पहले मैच में श्रीलंका को 59 रन से हराया है जिससे उसके हौंसले बुलंद हैं। भारतीय टीम की बल्लेबाज और गेंदबाज लय में हैं जिसका लाभ उसे मिलेगा। वहीं पाकिस्तान को पहले ही मैच में बांग्लादेश के हाथों सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। जिससे वह इस मैच को लेकर दबाव में रहेगी। भारतीय टीम की नजरें पाक पर बड़ी जीत के साथ ही अपना नेट रनरेट बेहतर करना रोगा। भारतीय टीम ने हरमनप्रीत की कप्तान में अपने पहले ही मैच में जबरस्त जुझारु क्षमता दिखाते हुए 47 ओवर में ही 250 रन से अधिक का लक्ष्य हासिल कर लिया था। भारतीय टीम के पास स्मृति हरमनप्रीत के अलावा , स्मृति मंधाना, जैमिना जैसी बल्लेबाज हैं। वहीं उसके पास कई अच्छी गेंदबाज भी हैं। भारतीय टीम




इस मैच में तेज गेंदबाज रेणुका सिंह को अवसर दे सकती है। वहीं पाकिस्तान की टीम की बल्लेबाज और गेंदबाजी कमजोर है। पहले ही मैच में उसकी बल्लेबाज विफल रहीं। उसकी गेंदबाजी भी कमजोर है। ऐसे में भारतीय टीम के सामने उसकी दावेदारी काफी कमजोर नजर आती है। जिस प्रकार एशिया कप में भारतीय पुरुष टीम ने पाक टीम से हाथ नहीं मिलाया था। उसी प्रकार महिला टीम के भी पाक खिलाड़ियों से दूरी बनाये रखने की संभावना है।

# एशिया कप ट्रॉफी लेकर भागने वाले नकवी का पाकिस्तान में होगा सम्मान

लाहौर। एशिया कप क्रिकेट ट्रॉफी लेकर भागने वाले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख और एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी



का पाक में सम्मान होने जा रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार नकवी को एशिया कप फाइनल में भारत के खिलाफ उनके कठोर रुख के लिए शहीद जुल्फिकार अली भुट्टो एक्सीलेंस पदक दिया जाएगा। एशिया कप का खिताब जीतने के बाद भारतीय टीम इंडिया ने नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। जिससे उनकी काफी फजीहत हुई थी। मंच पर काफी समय इंतजार के बाद वह ट्रॉफी लेकर भाग गये थे। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार, सिंध और कराची बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट गुलाम अब्बास जमाल ने कहा है कि जमाल ने कहा कि भारत के साथ बढ़ते राजनीतिक और खेल तनाव के बीच ही काफी मजबूती से अपना पक्ष रखा और देश का सम्मान बचाया। उन्होंने कहा कि पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी इस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। वहीं नकवी का कहना है कि एसीसी अध्यक्ष होने के कारण ट्रॉफी देने का अधिकार उनका था। वहीं अब भी वह भारतीय टीम को ट्रॉफी देने के लिए तैयार है। बहरहाल पाक मीडिया में नककी की काफी किरकिरी हुई पर कई खेल संस्थाएं उनके पक्ष में भी हैं।

## गॉफ चीन ओपन के सेमीफाइनल में हारी

बीजिंग। अमेरिका की कोको गॉफ चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में हार के साथ ही बाहर हो गयीं हैं। गॉफ को सेमीफाइनल में की अमेरिका की ही अमांडा एनिसिमोवा ने उन्हें सीधे सेटों में 6-1, 6-2 से हराया। एनिसिमोवा ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और गॉफ को कोई अवसर नहीं दिया। अमांडा ने शानदार सर्विस और बेसलाइन से मैच पर शिकंजा कस लिया। इस जीत के साथ अमांडा फाइनल में पहुंच गयी हैं। अब उनका मुकाबला यहां जेसिका पेगुला और लिंडा नोसकोवा के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा।

# भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज को पारी और 140 रनों से हराया

## सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की

अहमदाबाद। भारतीय क्रिकेट टीम ने यहां खेले गये पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में मेहमान टीम वेस्टइंडीज को एक पारी और 140 रनों से हराकर दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। भारतीय टीम ने मैच के तीसरे दिन अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 448 रनों पर घोषित कर दी। वेस्टइंडीज की टीम अपनी पहली पारी में 162 रन ही बना पायी थी। इस प्रकार भारतीय टीम के पास 286 रनों की बढ़त थी। ऐसे में उसने वेस्टइंडीज को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। वेस्टइंडीज टीम अपनी दूसरी पारी में लंच के बाद 146 रनों पर ही आउट हो गयी। भारत की ओर से रविन्द्र जडेजा ने 4 विकेट लिए, वहीं तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने तीन जबकि कुलदीप यादव ने 2 विकेट लिए। इस प्रकार भारतीय टीम ने ये मुकाबला आसानी से जीत लिया। इस मैच में वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी दूसरी पारी में भी पहली पारी की तरह ही खराब रही। केवल एलिका अथानाजे ही 38 रन तक पहुंच पाये, जबकि जस्टिन ग्रीव्स ने 25, जेडन सील्स ने 22, जोहान लेन ने 14, जॉन कैंबेल ने 14, तेगनारायण चंद्रपॉल ने 8, ब्रेंडन किंग ने 5, रोस्टन चेज ने 1 और शाई होप ने 1 रन बनाए। वहीं, खैरी पियरे 13 रन बनाकर नाबाद रहे। इस मैच में भारतीय टीम के तीन बल्लेबाजों केएल राहुल, ध्रुव जुरेल और रविन्द्र जडेजा ने शतक लगाकर टीम को दूसरे ही दिन 488 रनों तक पहुंचा दिया था।




**जडेजा ने बनाया रिकार्ड**

भारतीय टीम के रवींद्र जडेजा ने इस मैच में अपने टेस्ट करियर का छठा शतक लगाकर एक रिकार्ड बनाया। उन्होंने इस मैच में महेन्द्र सिंह धोनी के टेस्ट में छक्के मारने का रिकार्ड भी तोड़ दिया। जडेजा के अब अपने टेस्ट मैचों में कुल 79 छक्के हो गये है। वहीं धोनी ने टेस्ट में 78 छक्के लगाए थे। टेस्ट क्रिकेट में भारत की ओर से सबसे ज्यादा छक्के जड़ने का रिकॉर्ड ऑलराउंड वीरेंद्र सहवाग के नाम है। सहवाग ने 91 छक्के लगाये हैं। वहीं दूसरे नंबर पर विकेटकीपर ऋषभ पंत हैं जिनके टेस्ट में 90 छक्के हैं जबकि रोहित शर्मा 88 छक्कों के साथ तीसरे नंबर पर हैं।

**राहुल ने 9 साल बाद घरेलू धरती पर शतक लगाया**

राहुल ने इस टेस्ट में अपना 11वां शतक जमाया ये उनका नौ साल के बाद धरेलू धरती पर शतक है। इसके लिए राहुल ने गेंदें खेलीं। वहीं युवा जुरेल ने भी इस मैच में मिले अवसर का लाभ उठाते हुए शतकीय पारी खेली।

# महिला क्रिकेट विश्वकप-गार्डनर ने 115 रनों की पारी खेलकर ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलायी

नई दिल्ली। महिला विश्व कप में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर एशले गार्डनर इस बार तूफानी बल्लेबाजी कर रही हैं। गार्डनर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में 83 गेंदों पर ही 115 रनों की पारी खेलकर अपनी टीम को आसानी से 89 रनों से बड़ी जीत दिलायी। ऐसे में भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया से होने वाले मैच में गार्डनर से सतर्क रहना होगा। गार्डनर अपनी आक्रामक पारी से विश्व कप के किसी मैच में छठे या उससे नीचे के क्रम पर शतक लगाने वाली पहली बल्लेबाज बनी हैं। इससे पहले ये रिकॉर्ड साल 2017 में डर्बी में एलेक्स ब्लैकवेल के नाम था, जिन्होंने भारत-वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच में 90 रन बनाए थे। गार्डनर की 115 रन की शतकीय पारी से ऑस्ट्रेलियाई टीम 326 रन बनाने में सफल रही। गार्डनर ने 83 गेंद पर 16 चौके और एक छक्का लगाया। उनके अलावा फोबे लिचफील्ड ने 45 रन, किम गार्थ ने 38 रन और एलिस पैरी ने 33 रन बनाये। वहीं न्यूजीलैंड की ओर से जेस केर और लिया ताहुहु ने तीन तीन जबकि ब्री इलिंग और अमेलिया केर ने दो दो विकेट लिए। गार्डनर जब मैदान में उतरीं तब ऑस्ट्रेलिया का स्कोर चार विकेट पर 113 रन था। उन्होंने महज 77 गेंद में अपना दूसरा एकदिवसीय शतक लगाया और टीम को बड़े स्कोर की ओर पहुंचाया। इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की टीम के लिए कप्तान साफिया डिवाइन ने 112 रनों की शतकीय पारी खेली पर अन्य खिलाड़ियों का साथ नहीं मिलने से वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पायी।

# अभिषेक बोले, युवराज के लगाये प्रशिक्षण सत्र से बल्लेबाजी में आया निखार- अभिषेक

नई दिल्ली। एशिया कप में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से धूम मचाने वाले युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने इस सफलता का श्रेय अपने गुरु युवराज सिंह को दिया दिया है। अभिषेक के अनुसार कोरोना संक्रमण के दौर में जब लॉकडाउन लगा था और सभी खेल मुकाबले रुक गये थे तब युवराज ने उन्हें प्रशिक्षण दिया था जिसका लाभ अब उन्हें मिला है। तब अभ्यास के दौरान युवराज ने कहा था कि तुम जल्द ही भारतीय टीम के लिए मैच जीतोगे। अभिषेक के अनुसार अब उनकी कही बातें सही साबित हो रही हैं। अभिषेक ने एक शो में कहा कि युवराज की देखरेख में जिस प्रकार से उन्होंने अभ्यास किया उससे उनकी बल्लेबाजी तकनीक बेहतर हुई। इसी कारण वह एशिया कप में सबसे ज्यादा रन बनाने में भी सफल रहे। इस युवा बल्लेबाज ने कहा, मैं युवराज का बहुत शुक्रगुजार हूं। लॉकडाउन के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण सत्र रखा था जिसमें मेरे अलावा शुभमन गिल और प्रभसिमरन सिंह व अनमोलप्रीत सिंह आदि थे। तब मैं संघर्ष कर रहा था। यहां तक कि आईपीएल की अपनी टीम में भी अंतिम ग्यारह में जगह बनाना आसान नहीं हो रहा था। वहीं शुभमन को भारतीय टीम में जगह मिल गयी थी। आईपीएल में निरंतरता में कमी के कारण मैं अंतिम ग्यारह में अपनी जगह पक्की नहीं कर पा रहा था। वहीं शुभमन पहले से ही भारत के लिए खेल रहा था। तब मुझे ऐसा लगना शुरू हो गया कि मैं पीछे रह गया हूं क्योंकि मेरे समूह के सभी लोग पहले ही अच्छा कर रहे थे। तभी युवराज ने कहा था कि वह मुझे भारत के लिए मैचों को जीतने के लिए तैयार कर रहे हैं और ऐसा दो से तीन साल में ही हो जाएगा। उसे सत्र के बाद मैंने महसूस किया कि मेरा लक्ष्य तो कुछ और ही था। साथ ही कहा कि अभ्यास के दौरान युवराज परे समय साथ रहते थे और रिकार्डिंग तक दिखकर गलतियां बताते थे।



# शुभमन एकदिवसीय में रोहित के सबसे अधिक स्कोर का रिकार्ड तोड़ सकते हैं-बांगर

मुम्बई। पूर्व क्रिकेटर और कोच संजय बांगर का मानना है कि युवा बल्लेबाज शुभमन गिल आने वाले समय में एकदिवसीय में रोहित शर्मा के 264 रनों के विश्व रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं। बांगर ने कहा कि अगर शुभमन टिककर अंत तक बल्लेबाजी करें तो निश्चिय ही रोहित का रिकार्ड तोड़ देंगे कयोंकि उनके पास अच्छी तकनीक होने के साथ ही उनका स्ट्राइक रेट भी अच्छा है। बांगर के अनुसार जिस प्रकार से शुभमन ने टेस्ट क्रिकेट में प्रदर्शन किया है उसको देखते हुए ये तय है कि वह आगे भी इसी प्रकार खेलेंगे। शुभमन ने अब तक 55 एकदिवसीय मैचों में आठ शतक और 15 अर्धशतक के साथ ही 2,755 रन बनाए हैं। उनका सबसे अधिक स्कोर 208 रन है, जो उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ केवल 149 गेंदों में बनाए थे। इस दौरान उन्होंने 19 चौके और नौ छक्के लगाये थे। बांगर का मानना है कि गिल अगर टिककर लंबी पारी खेलते हैं तो वह रोहित का रिकॉर्ड तोड़ने में पीछे नहीं रह सकते हैं। उनके मुताबिक गिल की तकनीक, स्ट्राइक रेट और धैर्य उन्हें यह बड़ा रिकॉर्ड हासिल करने के लिए तैयार बनाते हैं। क्रिकेट विशेषज्ञ इसे एक चुनौतीपूर्ण लेकिन संभव मिशन मान रहे हैं। वहीं बांगर ने आक्रामक सलामी बल्लेबाजा अभिषेक शर्मा की भी जमकर प्रशंसा की है। बांगर ने कहा कि अभिषेक युवराज सिंह के 2007 टी20 विश्व कप अर्धशतक के रिकॉर्ड को भी तोड़ सकते हैं।



# महिला विश्वकप में दक्षिण अफीका को हराकर पहले नंबर पर पहुंची इंग्लैंड, भारतीय टीम चौथे नंबर पर खिसकी

गुवाहटी। इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम ने विश्वकप के चौथे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीकी टीम के खिलाफ 10 विकेट की जीत दर्ज करने के साथ ही अंक तालिका में पहला स्थान हासिल कर लिया है। वहीं भारतीय टीम चौथे स्थान पर खिसक गयी है। ऑस्ट्रेलियाई टीम दूसरे जबकि बांग्लादेश की टीम तीसरे नंबर पर है। टॉप-शीर्ष में शामिल इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश और भारतीय टीम सभी के 4-4 अंक है पर बेहतर रन औसत के आधार पर रैंकिंग में फर्क आया है। भारतीय टीम ने अपने पहले मैच में श्रीलंका को 59 रनों से हराया था। इससे उसका नेट रन रेट +1.255 है जबकि बांग्लादेश ने अपने पहले ही मैच में पाक को बड़े अंतर से हराकर +1.623 के बेहतर नेट रन रेट हासिल कर तीसरा स्थान हासिल किया। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने न्यूजीलैंड को 89 रनों से हराकर +1.780 के रन रेट से दूसरा जबकि दक्षिण अफ्रीका पर 10 विकेट से जीत के साथ ही इंग्लैंड की टीम सबसे ज्यादा +3.773 के नेट रन रेट से पहले नंबर पर आई। इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच की बात करें तो अफ्रीकी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20.4 ओवर में 69 रन बनाये। इसके बाद जीत के लिए 70 रनों के लक्ष्य को इंग्लैंड ने बिना कोई विकेट गंवाये 14.1 ओवर में ही हासिल कर लिया।

# लॉस एंजिल्स ओलंपिक में पदक जीतना है दीपिका का लक्ष्य

नई दिल्ली। देश की शीर्ष महिला तीरंदाज तीरंदाज दीपिका कुमारी ने कहा है कि उनका लक्ष्य आगामी लॉस एंजिल्स ओलंपिक में बेहतर प्रदर्शन करना है। दीपिका ने कहा कि वह इसी को देखते हुए दबाव वाले हालातों से निपटने के लिए मानसिक मजबूती बढ़ाने पर ध्यान दे रही हैं। चार बार की ओलंपियन दीपिका के अनुसार लॉस एंजिलिस ओलंपिक में उनके लिए पदक जीतने का अंतिम अवसर होगा। ऐसे में वह अपनी ओर से कोई कमी नहीं रखेंगी। इसी वह इस बार नहीं तो अभी नहीं की मानसिकता के साथ उतरेंगी। दीपिका ने कहा कि अभी निकट भविष्य में उनका संन्यास का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है अब तक की सभी प्रतियोगिताओं से मुझे अच्छा अनुभव मिला है। दीपिका ने बताया कि उनकी वर्तमान ट्रेनिंग में मानसिक और तकनीकी दोनों पहलुओं को बेहतर करने पर काम हो रहा है। इस तीरंदाज ने कहा, 'मैं अपने खेल के मानसिक और तकनीकी दोनों पहलुओं पर काम कर रही हूं और यह प्रीमियर लीग मुझे और बेहतर बनाने में मदद कर रही है। दर्शकों के सामने खेलने से दबाव तो आता है, लेकिन यही दबाव खिलाड़ियों को बेहतर बनाने में मदद करता है। उन्होंने कहा, 'मैं हर तकनीक में महारत हासिल करने की कोशिश कर रही हूं, जिससे दबाव में भी अच्छा प्रदर्शन किया जा सके।

# भारत के निखिल चौधरी ऑस्ट्रेलियाई शेफील्ड शील्ड में खेलेंगे

नई दिल्ली। भारत के निखिल चौधरी ऑस्ट्रेलिया की रेड-बॉल प्रतियोगिता, शेफील्ड शील्ड में तस्मानिया की ओर से खेलते दिखेंगे। निखिल लिस्ट ए क्रिकेट में पंजाब की ओर से खेलते हैं। अब ऑस्ट्रेलिया में शेफील्ड शील्ड में खेलकर उनका करियर और निखर सकता है। ऑस्ट्रेलिया में छोटे क्लब स्तर पर खेलते हुए वह तस्मानिया तक पहुंचे हैं। निखिल ने पंजाब की ओर से खेलने के दौरान शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा और अर्शदीप सिंह के साथ खेला है। हालांकि वह रणजी ट्रॉफी में अभी तक नहीं खेल पाये हैं। ऑस्ट्रेलिया जाने के बाद चौधरी ने क्लब क्रिकेट और वीकेंड टूर्नामेंट से खेलते हुए यहां तक का सफर किया है। ऑस्ट्रेलिया पहुंचने के बाद वह बिग बैश लीग की टीम होबार्ट हरिकेंस पहुंची। इसके बाद क्रिकेट तस्मानिया ने उन्हें लिस्ट ए मैचों में अवसर नहीं दिया। उन्होंने न्यू साउथ वेल्स के खिलाफ 2 विकेट जबकि विक्टोरिया के खिलाफ 67 रन बनाये। जिससे उन्हें लाभ हुआ। क्रिकेट तस्मानिया की हाई परफॉर्मेंस प्रमुख सैलियन बीम्स ने निखिल के यहां तक के सफर की प्रशंसा करते हुए कहा कि किसी दूसरे देश में जाकर इस प्रकार की उपलब्धि हासिल करना कठिन होता है पर इस क्रिकेटर ने अपने को साबित किया है। साथ ही कहा कि उनकी भूख और जुनून टीम को मजबूती देगी।इससे पहले 1960 के दशक में रूसी सुरती ने की ओर से खेला था।

# जडेजा ने बनाया रिकार्ड, कपिल, बॉथम और इमरान के क्लब में शामिल

अहमदाबाद। भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में मिली जीत में अहम भूमिका निभाने के दौरान ही शानदार गेंदबाजी और बल्लेबाजी करते हुए एक नया रिकार्ड बनाया है। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक लगाने के साथ ही जडेजा ने कपिल देव, इयान बॉथम और इमरान खान जैसे महान ऑलराउंडरों की बराबरी की है। अब जडेजा उन खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं जिन्होंने छह या उससे अधिक टेस्ट शतक बनाए हैं और साथ ही 300 से अधिक विकेट भी अपने नाम किए हैं। जडेजा ने 169 गेंदों पर अपना छठा टेस्ट शतक पूरा किया। जडेजा अब इयान बॉथम, कपिल देव, इमरान खान, रवि अश्विन और डेनियल विटोरी जैसे दिग्गजों की सूची में शामिल हो गए हैं। यह उपलब्धि उन खिलाड़ियों की पहचान है जिन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से योगदान दिया है। अब टेस्ट क्रिकेट में 4000 रन और 300 से अधिक विकेट लेने वाले चौथे क्रिकेटर बनने से केवल 10 रन दूर हैं। उन्होंने मैच के दौरान चार छक्के जड़कर पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।

# शोध में आए चौंकाने वाले आंकड़े...महिलाओं में स्ट्रेस-एंग्जाइटी का खतरा अधिक

## देश में 65-70 प्रतिशत छात्र मानसिक रोगों का शिकार

**नई दिल्ली। जब भी शरीर को स्वस्थ रखने की बात होती है तो आमतौर पर हमारा ध्यान हृदय रोग, डायबिटीज और कैंसर जैसी बीमारियों से बचाव के उपायों पर जाता है। पर क्या ये संपूर्ण का पैमाना है? स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, जब भी स्वास्थ्य की बात आती है तो हम सभी शारीरिक स्वास्थ्य पर तो खूब चर्चा करते हैं पर मानसिक स्वास्थ्य को जाने-अनजाने अनदेखा कर देते हैं हालांकि ये समस्या वैश्विक स्तर पर तेजी से उभरती हुई देखी जा रही है। आज के समय में मानसिक स्वास्थ्य एक गंभीर और बड़ी चुनौती बनकर उभरता हुआ देखा जा रहा है जिसको लेकर सभी लोगों को सावधान रहने की आवश्यकता है। युवाओं और छात्रों में ये दिक्कत हाल के वर्षों में तेजी से बढ़ी है। शोध बताते हैं कि भारत सहित दुनिया भर में 16-30 साल की उम्र के लोग सबसे ज्यादा मानसिक दबाव महसूस कर रहे हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह है बदलती जीवनशैली, पढ़ाई और करियर का दबाव, सोशल मीडिया की आदत और असफलता के डर को माना जा रहा है।**

मानसिक स्वास्थ्य के महत्व और अच्छे मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने को लेकर लोगों को शिक्षित और जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल 10 अक्तूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इसी



क्रम में मनोचिकित्सकों ने युवाओं, विशेषकर छात्रों में बढ़ती मेंटल हेल्थ की समस्याओं को लेकर सावधान किया है। इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन बिहेवियर एंड एलाएड साइंसेज यानी (इहबास) के वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ ओमप्रकाश कहते हैं, देशभर के छात्रों में मेंटल हेल्थ की समस्या बढ़ती हुई देखी जा रही है, जो काफी चिंता बढ़ाने वाली है। 65-70 प्रतिशत छात्र किसी न किसी प्रकार की मेंटल हेल्थ समस्या जैसे स्ट्रेस-एंग्जाइटी या डिप्रेशन से जूझ रहे हैं।

### छात्रों में बढ़ रही है मानसिक स्वास्थ्य की समस्या

मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि प्रतियोगी परीक्षाओं, कॉलेज एडमिशन, अंक प्राप्त करने की दौड़ और माता-पिता की अपेक्षाओं का बोझ उनके मानसिक संतुलन को बिगाड़ रहा है। कई बार उन्हें लगता है कि अगर वे सफल नहीं हुए तो उनकी पहचान और अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा। इस तरह की सोच एंग्जाइटी, डिप्रेशन और पैनिक अटैक जैसी समस्याओं का कारण बनती जा रही है। मनोचिकित्सकों ने अलर्ट किया है कि शैक्षणिक दबाव से जूझने से लेकर अकेलेपन का सामना करने तक, बड़ी संख्या में देश में कॉलेज के छात्र चुपचाप बढ़ते मानसिक स्वास्थ्य संकट की चपेट में आ रहे हैं।

### छात्रों में चिंता-अवसाद की समस्या

बढ़ती मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं, विशेषकर छात्रों के बीच बढ़ते इसके खतरे को समझने के लिए विशेषज्ञों की टीम ने देश के विभिन्न शहरों में सर्वे किया जिसमें युवा-वयस्कों में चिंता, अवसाद और भावनात्मक संकट के बढ़ते मामलों का खुलासा हुआ है। रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि दिल्ली के छात्र अन्य शहरों के छात्रों की तुलना में अवसाद से अधिक प्रभावित हैं। एशियन जर्नल ऑफ साइकयाट्री में प्रकाशित ये शोध जुलाई से नवंबर 2023 के बीच किया गया था। ये शोध एसआरएम विश्वविद्यालय एपी, अमरावती में मनोविज्ञान विभाग द्वारा संचालित किया गया। इसमें आठ टियर-1 शहरों हैदराबाद, चेन्नई, बेंगलुरु, पुणे, मुंबई, अहमदाबाद, कोलकाता और दिल्ली में 18-29 वर्ष की आयु के 1,628 छात्रों का सर्वेक्षण किया। प्रतिभागियों में से 47.1 प्रतिशत पुरुष और 52.9 प्रतिशत महिलाएं थीं। अध्ययन के निष्कर्ष एक स्पष्ट तस्वीर पेश करते हैं। लगभग 70 प्रतिशत छात्रों में मध्यम से उच्च स्तर की चिंता की दिक्कत देखी गई, 60 प्रतिशत में अवसाद के लक्षण दिखाई दिए वहीं 70 प्रतिशत से अधिक ने अत्यधिक तनाव के अनुभव के बारे में बताया। लगभग एक तिहाई ने बताया कि वह कमजोर भावनात्मक संबंधों से परेशान हैं, 14.6 प्रतिशत ने जीवन से संतुष्टि कम थी और लगभग 8 प्रतिशत ने समग्र मानसिक स्वास्थ्य खराब देखा गया।

# पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग सदस्य श्रीमती मौसम बिसेन का दौरा कार्यक्रम

पदमेश न्यूज़। बालाघाट। मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग सदस्य श्रीमती मौसम बिसेन 05 अक्टूबर को प्रातः 05 बजे बालाघाट से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगी और दोपहर 01 बजे भोपाल पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगी तथा रात्रि विश्राम भोपाल में करेंगी।

# सर्व.दुर्गा उत्सव समिति लामता के लक्की ड्रा में शोभाराम बोरकर को मिली इले.स्कूटी,15 अन्य लोगों को फ्रिज,वाशिंग मशीन,टीवी,अन्य इनाम

पदमेश न्यूज़। लामता। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति गांधी चौक लामता ने नवरात्रि पर्व के अवसर पर माता के भक्तों के लिए इनामी कूपन ड्रा,ओर रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था,दुर्गा उत्सव समिति गांधी चौक ने 2 अक्टूबर 2025 की रात्रि को







गांधी चौक में प्रस्तुत किया , कार्यक्रम का मंच संचालन योगेश बंटी असाटी,यश कोचर ओर प्रिंस जायसवाल ने किया,कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना के साथ हुई,जिसके बाद डांस प्रतियोगिता में एक डांस के बाद एक लक्की ड्रा का कूपन जनता से ही एक सदस्य द्वारा निकाला जाता रहा,जिसमें 16 नंबर से कूपन का नंबर निकाला गया ,तकरीबन सोलह हजार कूपन में से ड्रा निकाला गया,जिसमें पहला पुरस्कार इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी शोभाराम बोरकर घोटी लालबर्रा वाले को मिली, छठवां पुरस्कार मोबाइल टेबलेट विवेक मेश्राम,को मिली वहीं डांस प्रतियोगिता में पहला स्थान रूद्र ग्रुप भरवेली,दूसरा स्थान योगेश यादव बालाघाट,तीसरा स्थान कांचना काल ग्रुप लामता ओर निखिल बन्देवार लामता को प्राप्त हुआ, इस डांस ग्रुप में निर्णायक विशाल बन्देवार खैरागढ़,जानू भाई लामता बालाघाट रहे,इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हुलास मल कोचर सरपंच लामता ,रमेश कुमार जायसवाल, प्रकाश गुप्ता, रामकुमार असाटी, डी एल हरेंद्रवार, प्रभुदयाल असाटी, राजेन्द्र गुप्ता, सातानंद द्विवेदी,सुरेन्द्र जायसवाल,मूलचंद कोचर,आशीष जायसवाल,प्रियकुमार जायसवाल, मनोज असाटी,राकेश जैन,राजेश जैन,श्यामसुंदर अग्रवाल,अशोक असाटी, राजेंद्र मानेश्वर,मुकेश चौरसिया,अंशुल जायसवाल,सुशील कोचर,निक्की सोनी,संजय असाटी,एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# बिजली के तार की चपेट में आने से दो नाबालिगों सहित तीन लोग घायल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के महाराजगंज जिले के पनियरा इलाके में मूर्ति विसर्जन के दौरान हाई टेंशन बिजली के तार की चपेट में आने से दो नाबालिगों सहित तीन लोग घायल हुए। इनमें से एक की हालत गंभीर है। पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना रजौड़ा के पास तब हुई जब धनगरहवा की मूर्ति को विसर्जन के लिए शोभायात्रा में ले जाया जा रहा था। पुलिस ने बताया, ट्रैक्टर-ट्रॉली पर रखी मूर्ति ऊपर से गुजर रहे हाई टेंशन तार से टकरा गई। तार के संपर्क में आने से मूर्ति में आग लग गई और ट्रॉली पर सवार लोगों को जोरदार बिजली का झटका लगा। घायलों की पहचान निखिलेश राय (16), शत्रुघ्न राय (27) और अमित (सात) के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि शत्रुघ्न राय की हालत गंभीर है। प्राथमिक उपचार के बाद गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। वहीं, निखिलेश और अमित का इलाज एक निजी अस्पताल में किया जा रहा है और उनकी हालत स्थिर है।

# दिल्ली पुलिस ने एक व्यक्ति को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये हो रही अदालती कार्यवाही में व्यवधान डालने के आरोप में गिरफ्तार किया

नई दिल्ली (ईएमएस)। दिल्ली पुलिस ने एक व्यक्ति को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये हो रही अदालत कार्यवाही में व्यवधान डालने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अदालती कार्यवाही के दौरान यह व्यक्ति अंडरगारमेंट पहनकर सिगरेट और शराब पीते हुए ऑनलाइन पेश हो गया। पुलिस ने बताया कि गोकुलपुरी निवासी मोहम्मद इमरान (32) एक पुराना अपराधी है और उसके खिलाफ दिल्ली में लूट, झपटमारी और अन्य अपराधों के 50 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। तीस हजारी अदालत में न्यायालय के अभिलेखों का रख-रखाव करने वाले अंशुल सिंघल की शिकायत पर 22 सितंबर को इस मामले में केस दर्ज किया गया था। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) राजा बंठिया ने एक बयान में कहा, आरोप है कि 16 और 17 सितंबर को एक अज्ञात व्यक्ति अकीब अखलाक नाम से अदालत की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सिगरेट और शराब पीते हुए अंडरगारमेंट पहनकर शामिल हुआ। आरोपी को बार-बार वहां से चले जाने के निर्देश दिये जाने के बावजूद, वह कथित तौर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मौजूद रहा, जिससे व्यवधान उत्पन्न हुआ। इसके बाद, पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। आईपी एड्रेस और कॉल डेटा रिकॉर्ड के तकनीकी विश्लेषण से पता चला कि संदिग्ध ने कई फर्जी ईमेल आईडी का इस्तेमाल किया था और बार-बार स्थान बदलता रहा, जिससे उसका पता लगाना मुश्किल हो गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि तमाम प्रयासों के बाद आरोपी को पुराने मुस्तफाबाद के चमन पार्क में ढूंढ निकाला गया और उसके घर से उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान, इमरान ने स्वीकार किया कि उसने एक परिचित से वेबएक्स वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग मंच के बारे में जानकारी प्राप्त की और वह जिज्ञासावश अदालती कार्यवाही में शामिल हुआ। उसने कथित तौर पर स्वीकार किया कि डिजिटल सुनवाई के दौरान वह सिगरेट, शराब का सेवन पीते हुए अंडरगारमेंट पहनकर सुनवाई में पेश हुआ।

# स्वास्थ्य कारणों से प्रेमानंद महाराज की रात्रि दर्शन पदयात्रा रुकी

मथुरा। वृंदावन में प्रेमानंद महाराज की रात्रि दर्शन पदयात्रा हाल ही में रोक दी गई है, जिससे उनके हजारों भक्त निराश हुए हैं। पदयात्रा रुकने के बाद उनके केलीकुंज आश्रम ने जानकारी देकर बताया कि महाराज लंबे समय से किडनी की समस्या से जूझ रहे हैं और उन्हें डायलिसिस कराना पड़ता है। समस्या बढ़ने के कारण अब उन्हें सप्ताह में 4 से 5 बार डायलिसिस कराना पड़ रहा है। इसकारण आश्रम के सेवादारों ने सूचना दी कि स्वास्थ्य कारणों से महाराज अभी पदयात्रा पर नहीं निकल रहे है। स्वास्थ्य कारणों के अलावा, एनआरआई ग्रीन कॉलोनी के निवासियों ने पदयात्रा के दौरान होने वाले शोर-शराबे पर भी आपत्ति जाहिर की थी। भजन-कीर्तन की ऊंची आवाज, पटाखे और आतिशबाजी से कॉलोनी के लोगों, खासकर बच्चों और बुजुर्गों की नींद प्रभावित होती थी। रुकने की खबर के बावजूद, शुक्रवार रात हजारों भक्त महाराज के दर्शन की उम्मीद में घंटों इंतजार करते रहे। कुछ ने सड़क किनारे रात गुजारी, तब कुछ खड़े रहे। सुबह जब पदयात्रा शुरू न होने की सूचना मिली, तब उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा। भक्तों के लिए महाराज का एक-एक दर्शन आस्था का केंद्र है और उनकी अनुपस्थिति उन्हें खल रही है। सभी भक्तजन महाराज के स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना कर रहे हैं और यह उम्मीद जता रहे हैं कि जल्द ही वह रात्रि पदयात्रा फिर से शुरू करने वाले है। आश्रम के संत नवल नागरी दास महाराज ने बताया है कि जैसे ही महाराज के स्वास्थ्य में सुधार होगा, वह फिर से रात्रि दर्शन पदयात्रा शुरू करने वाले है।

# हिंदू पंचांग के अनुसार 7 अक्टूबर को मनेगी वाल्मीकि जयंती

नई दिल्ली। आश्विन मास की पूर्णिमा का विशेष महत्व है। इस दिन शरद पूर्णिमा के साथ-साथ महर्षि वाल्मीकि की जयंती मनेगी। वाल्मीकि जी ने हिंदू धर्म के सबसे अहम महाकाव्यों में से एक रामायण की रचना की थी। महर्षि वाल्मीकि को ही संसार का पहला कवि माना जाता है। हिंदू पंचांग के मुताबिक, इस बार आश्विन पूर्णिमा तिथि सोमवार, 6 अक्टूबर की दोपहर 12 बजकर 24 से शुरू होगी और मंगलवार, 7 अक्टूबर को सुबह 9 बजकर 17 मिनट पर समापन होगा। इस तरह 6 और 7 अक्टूबर, दोनों ही दिन आश्विन मास की पूर्णिमा का संयोग बन रहा है। लेकिन पूर्णिमा तिथि का व्रत 6 अक्टूबर को होगा और 7 अक्टूबर को वाल्मीकि जयंती मनेगी। रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि का जन्म एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। लेकिन उन्होंने बहुत छोटी उम्र में ही घर छोड़कर वैराग्य जीवन ले लिया था। लोक कथाओं के अनुसार उनका नाम रत्नाकर था। एक दिन वे महर्षि नारद से मिले। नारदजी ने उन्हें राम-राम नाम का जाप कराया। और तब से ही उनका जीवन बदल गया। वाल्मीकि ने भगवान श्रीराम के जीवन, संघर्ष, आदर्श और धर्म की स्थापना की कथा को महाकाव्य रामायण के रूप में लिखा। आगे चलकर जब माता सीता को वनवास मिला, तब वाल्मीकि जी ने ही उन्हें अपने आश्रम में आश्रय दिया था। उनके दोनों पुत्रों लव और कुश का जन्म भी इसी आश्रम में हुआ और उन्होंने ही वाल्मीकि जी से रामायण का ज्ञान प्राप्त किया। रामायण में लगभग 24,000 श्लोक है।

# अफगान विदेश मंत्री 6 अक्टूबर को पहुंचेंगे रूस, फिर भारत यात्रा पर आएंगे

नई दिल्ली। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मुल्ला अमीर खान मुत्तकी अगले सप्ताह भारत और रूस की यात्रा पर रहेंगे। यह यात्रा पाकिस्तान के लिए एक बड़ा झटका मानी जा रही है, क्योंकि उसने मुत्तकी की विदेश यात्राओं पर रोक लगाने की कोशिश की थी। मगर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मंजूरी के बाद मुत्तकी को यात्रा की अनुमति मिल गई है। मुत्तकी 6 अक्टूबर को रूस पहुंचेंगे, जहां वे 'मॉस्को फॉर्मेट' बैठक में शामिल होंगे। यह इस वार्ता का सातवां दौर है, जिसमें अफगानिस्तान की तालिबान सरकार पहली बार सदस्य के रूप में भाग लेगी। अब तक तालिबान केवल 'अतिथि' के रूप में शामिल होता था। रूस, जिसने तालिबान शासन को मान्यता दी है, इस बैठक की मेजबानी कर रहा है। पाकिस्तान, जो यूएनएससी की 1988 तालिबान प्रतिबंध समिति का अध्यक्ष है, मुत्तकी की यात्रा पर रोक नहीं लगा सका क्योंकि खुद पाकिस्तान भी इस बैठक का हिस्सा है। मॉस्को बैठक के बाद मुत्तकी भारत आएंगे, यह पहली बार होगा जब तालिबान सरकार का कोई मंत्री भारत का दौरा करेगा। मुत्तकी नई दिल्ली में विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं की यह दूसरी बातचीत और पहली आमने-सामने की मुलाकात होगी। इससे पहले मई में 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद दोनों ने फोन पर चर्चा की थी, जब तालिबान ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पुष्टि की कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद समिति ने मुत्तकी को 9 से 16 अक्टूबर तक भारत यात्रा की अनुमति दी है। उन्होंने कहा, हम इस यात्रा से जुड़े सभी अपडेट साझा करते रहेंगे। भारत और तालिबान सरकार के बीच बीते एक वर्ष में संबंधों में धीरे-धीरे गर्माहट आई है। भारत ने चाबहार बंदरगाह के माध्यम से अफगानिस्तान को मानवीय सहायता भेजी, जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं और शरणार्थी पुनर्वास के लिए दवाइयाँ व आवश्यक सामग्री शामिल थीं। विदेश मामलों के जानकारों का मानना है कि तालिबान सरकार अब पाकिस्तान के प्रभाव से बाहर निकलकर स्वतंत्र विदेश नीति अपनाने की दिशा में बढ़ रही है। मुत्तकी की रूस और भारत यात्रा उसी प्रयास का ही हिस्सा है। पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल मुनीर के लिए यह यात्रा निश्चित तौर पर असहज स्थिति पैदा करेगी, क्योंकि भारत और अफगानिस्तान के बीच बढ़ते संपर्क उसके रणनीतिक गहराई वाले पुराने समीकरण को चुनौती दे रहे हैं। भारत भी इस बार मॉस्को फॉर्मेट बैठक में हिस्सा लेगा और विदेश मंत्रालय का एक वरिष्ठ अधिकारी इसमें भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। यह मुलाकात दक्षिण एशिया की भू-राजनीति में नए समीकरणों की झलक मानी जा रही है।

# कर्नाटक में करंट से हाथी की मौत, वन विभाग ने शुरू की जांच

बेंगलुरु। कर्नाटक के बेंगलुरु दक्षिण जिले के चेन्नपटना इलाके में एक हाथी की बिजली के तार की चपेट में आने से मौत हो गई। वन विभाग ने शनिवार को इस घटना की पुष्टि की। उप वन संरक्षक (डीसीएफ) रामकृष्णप्पा सागर ने बताया कि यह हादसा शुक्रवार को हुआ, जब हाथी नारियल के पेड़ से पत्ते खाने की कोशिश में एक खेत के पास पहुंच गया। इसी दौरान वह ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों के संपर्क में आ गया। उन्होंने कहा, करंट लगने से हाथी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही वन अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रारंभिक जांच शुरू की गई। विभाग के अधिकारियों ने स्थानीय ग्रामीणों से भी बातचीत की और बिजली लाइन की सुरक्षा को लेकर रिपोर्ट तैयार की जा रही है। यह घटना राज्य में वन्यजीव सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच हुई है। एक दिन पहले ही चामराजनगर जिले के माले महादेश्वर हिल्स अभयारण्य क्षेत्र में एक बाघ का शव बरामद किया गया था। लगातार हो रही इन घटनाओं से वन विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ वन अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में बिजली के तारों की ऊंचाई और सुरक्षा उपायों की समीक्षा की जाएगी ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# ठाकुर टोला में वन अमले की कार्यवाही

## दो व्यक्ति से 21 नग चिरान जप्त

पदमेश न्यूज़। बालाघाट। दक्षिण लामता सामान्य के अंतर्गत परिक्षेत्र सहायक वृत्त समनापुर में आने वाले ग्राम ठाकुर टोला वन अमले ने छापामार कार्यवाही करते हुए दो व्यक्ति को इमारती लकड़ी की चिरान के साथ गिरफ्तार किये। जिनके पास से 21 नग चिरान जप्त की गई है। दोनों व्यक्ति राजेंद्र कोसरे, कोमल टेम्भरे के



विरुद्ध मध्य प्रदेश काष्ठ चिराग अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम ठाकुर टोला में राजेंद्र कोसरे और कोमल टेम्भरे अपने घर में अवैध रूप से फर्नीचर का कार्य करते थे। सूचना मिलने पर दक्षिण लामता सामान्य के वन हमले ने 4 अक्टूबर को ग्राम ठाकुर टोला में दबिश देकर राजेंद्र कोसरे और कमल टेम्भरे के इमारती लकड़ी के फर्नीचर चिरान के साथ पकड़े। जिनके पास से 21 नग इमारती लकड़ी की चिरान जप्त कर पी.ओ. आर. प्रकरण मध्य प्रदेश काष्ठ चिरान अधिनियम 1984 की धारा के तहत पंजीबद्ध किया गया । इस कार्यवाही में परिक्षेत्र सहायक समनापुर कंचन खंडागले वनपाल, वनरक्षक देवांशु यादव, तुलसीदास तिवारी, नीरज खटीक, राजा मेरावी, श्रीमती संगीता याहुशा एवं वाहन चालक शाजिद कुरैशी का सहयोग रहा।

# कई गैर सरकारी संगठनों ने एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को रिहा करने की मांग की

लद्दाख। कई गैर सरकारी संगठनों ने लद्दाख हिंसा मामले में जेल भेजे गए एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को रिहा करने की मांग की है। तीनों संगठनों के लोग मिलकर लद्दाख गए थे। वहां से लौटने के बाद उन्होंने कहा कि 24 तारीख को जो हुआ, वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। जो अनशन सोनम वांगचुक ने किया था, वह पूरी तरह से शांतिपूर्ण था, लेकिन उस बीच जो हिंसा हुई, वह चौंकाने वाला कदम था, क्योंकि किसी ने गोली चलाने का ऑर्डर नहीं दिया था। तीनों संगठनों ने केंद्र सरकार से सवाल पूछा कि सोनम से सरकार को क्या खतरा है कि उन्हें राजस्थान भेजना पड़ा? जब सोनम से मिलने सांसद गए, तो उन्हें मिलने नहीं दिया। सोनम कोई अमृतपाल नहीं है कि उन्हें लद्दाख से राजस्थान ले जाया गया। सिक्किम से बड़ी आबादी लद्दाख है, लेकिन सिर्फ एक सीट है। लद्दाख में दो सीट होनी चाहिए। हमारी मांग है कि सोनम को तुरंत रिहा किया जाए और जो 45 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उन्हें भी तुरंत रिहा किया जाए। इन संगठनों की तरफ से कहा गया कि अपनी मांगों को लेकर कोई बात करता है तो उसपर एनएसए नहीं लगाना चाहिए। लेह के लोग शांति से अपनी बात रख रहे हैं। खुद बीजेपी ने कहा था कि लद्दाख को छठवीं अनुसूची में शामिल करेंगे तो क्यों पूरा नहीं किया? जब उनके वादे को पूरा करने की मांग लोग कर रहे हैं तो सरकार उन्हें जेल में क्यों डाल रही है? अगर वहां का युवा नौकरी की मांग कर रहा है तो आप उसे जेल में डाल रहे हैं। तीनों संगठनों की तरफ से कहा गया कि नेपाल में जो हुआ वो पूरी तरह से इसके बाहर है, लद्दाख का उससे कोई संबंध नहीं है। सीने और सिर पर गोली किसने मारी? इसकी जांच होनी चाहिए।

# बरेली हिंसा के आरोपी के स्वामित्व वाले अवैध बैंक्वेट हॉल को किया ध्वस्त

बरेली। बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) और जिला प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा के बीच शनिवार को बुलडोजर चलाकर बरेली हिंसा के एक आरोपी के स्वामित्व वाले 'रज़ा पैलेस बैंक्वेट हॉल को ध्वस्त कर दिया। बरेली के जिलाधिकारी की देख-रेख में यह कार्रवाई शनिवार सुबह शुरू हुई और कई घंटों तक चली। अधिकारियों के अनुसार, किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए तोड़-फोड़ से पहले पूरे इलाके की बिजली काट दी गई थी। पुलिस अधीक्षक (नगर) के नेतृत्व में पुलिस और पीएसी के जवानों की एक बड़ी टीम ने इलाके की घेराबंदी की। दोपहर के करीब तीन बुलडोजर मौके पर पहुंचे और तोड़-फोड़ शुरू करने के लिए मुख्य द्वार तोड़ दिया। बीडीए की टीम ने परिसर को सील करने से पहले बैंक्वेट हॉल के अवैध हिस्सों को गिराने में लगभग तीन घंटे लगे। बीडीए के उपाध्यक्ष ने कहा कि इमारत का निर्माण स्वीकृत मानदंडों का उल्लंघन करके किया गया था। उन्होंने स्पष्ट किया, "कार्रवाई पूरी तरह से कानूनी प्रक्रिया के अनुसार की गई है। यह किसी व्यक्ति को निशाना बनाकर नहीं की गई है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, 'रज़ा पैलेस नामक बैंक्वेट हॉल डॉ। नफीस का था, जिन्हें मौलाना तौकीर रज़ा खान का करीबी माना जाता है। नफीस को हाल ही में हुई हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। इस बीच, बरेली नगर निगम के अधिकारियों ने शनिवार को शहर के सैलानी इलाके में 15 से ज्यादा दुकानों से अतिक्रमण हटा दिया। बरेली के नगर आयुक्त ने बताया कि शनिवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान नगर निगम की टीम ने बटलर प्लाजा मार्केट में अतिक्रमण हटाया। सड़क पर लगे ठेलों और अवैध निर्माणों को हटाकर मार्ग को पूरी तरह से खाली कराया गया। मौर्य ने बताया कि अतिक्रमण के कारण अक्सर जाम और यातायात समस्याएं बनती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए यह अभियान चलाया गया है।

# हॉकफोर्स-नक्सली मुठभेड़ के बाद जिले में हाई अलर्ट

पदमेश न्यूज। बालाघाट।

आज बालाघाट जिले के जंगल मे हॉकफोर्स - नक्सलियों के बीच एक बार फिर हुई मुठभेड़ ,दोनों ओर से जबर्दस्त हुफायरिंग हुई, किन्तु समाचार लिखे जाने तक किसी नक्सली के हताहत होने की कोई खबर नही है । खबर के मुताबिक नक्सली दैनिक उपयोग की वस्तुएं लेने कलकत्ता गांव की तरफ आ रहे थे कि इसी बीच 208 कोबरा बटालियन के जवानों के साथ उनकी मुठभेड़ हो गयी । किरनापुर, किन्ही पुलिस चौकी के वनग्राम कलकत्ता, आलीटोला और बोदालझोला जंगल का मामला है। जिले में नक्सली वारदात थमने का नाम नहीं ले रही है। लगातार सर्चिंग होने के बावजूद भी अति नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सली अपनी पैठ दिखाते रहे हैं। जो आए दिनों नक्सली वारदातों को अंजाम देने की फिराक में लगे रहते हैं।लगातार बढ़ती जा रही इन्हीं नक्सली घटनाओं के बीच शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात नक्सल प्रभावित क्षेत्र थाना किरनापुर के अंतर्गत किन्ही पुलिस चौकी के वनग्राम कलकत्ता, आलीटोला और बोदालझोला के जंगल में नक्सलियो ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। इस बीच पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई।जिसमें पुलिस पार्टी को भारी पड़ता देख, नक्सली अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब हो गए। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नही है। बताया गया कि यह नक्सली दैनिक उपयोग में लगने वाली सामग्री खरीदने के लिए जंगल के रास्ते कलकत्ता गांव की तरफ आ रहे थे, तभी सर्चिंग फोर्स के साथ इनका आमना- सामना हो गया। ज्ञात हो कि एक पखवाड़े के भीतर नक्सलियों ने दूसरी बार अपनी आमद दर्ज कराकर एक बार फिर से भय का माहौल निर्मित कर दिया है।

### कीचड़ में मिले नक्सलियों के जूते के निशान !

प्राप्त जानकारी के अनुसार किरनापुर थाना क्षेत्र के किन्ही पुलिस चौकी अंतर्गत वनग्राम कलकत्ता, आलीटोला और बोदालझोला जंगल क्षेत्र में नक्सली छिपे हुए थे, जो कोलकाता गांव की तरफ आगे आ रहे थे जहां देररात्रि सर्चिंग मे लगी हॉक फोर्स के साथ नक्सलियों के बीच एक्सचेंज ऑफ फायर हुई है। यह घटना उस वक्त हुई, जब नक्सली दैनिक उपभोग का सामान लेने गांव कलकत्ता की ओर आ रहे थे। बालाघाट पुलिस के अधिकारी बताते हैं कि कीचड़ में नक्सलियों के जूतो के निशान मिले है, जिससे अंदेशा है कि नक्सली करीब आधा दर्जन या उससे ज्यादा थे। एक्सचेंज ऑफ फायर के बीच नक्सली के घने जंगल का फायदा उठाकर भाग जाने का दावा पुलिस ने किया है।

### दोनों ओर से चली गोलियां पर कोई हताहत नहीं

बताया गया है कि घने जंगल में जब हाकफोर्स के जवान सर्चिंग कर रहे थे तभी नक्सलियों के साथ उनकी मुठभेड़ हो गई। जवानों को देखकर नक्सलियों ने बचाव मे फायरिंग शुरू कर दी ।जिसके जवाब में जवानों ने भी फायरिंग की ।लेकिन किसी भी नक्सली या पुलिस पार्टी से कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि पुलिस को लगातार आगे बढ़ते देख नक्सली घने जंगल का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहे।

### पिछले दिनों बड़ी घटना को दे चुके है अंजाम

ज्ञात हो कि बीते 17 सितंबर 2025 को नक्सलियों ने लांजी थाना अंतर्गत चौरिया जंगल में अगवा किए गए युवक देवेन्द्र यादव को मार दिया था। हालांकि देवेन्द्र की मौत, गोली या औजार से हुई है, यह अभी तक साफ नहीं है, लेकिन कथित पुलिस मुखबिर के नाम पर नक्सलियों के हाथो मारे गए देवेन्द की मौत के बाद बालाघाट पुलिस ने उसे निर्दोष ग्रामीण युवक बताया था। जबकि नक्सलियों के परसवाड़ा-मलाजखंड दलम ने देवेन्द्र की हत्या की जिम्मेदारी ली थी।

### पुलिस पार्टी को चकमा देने में कामयाब हो रहे नक्सली

गौरतलब है कि लांजी के चौरिया जंगल से अगवा किए गए युवक देवेन्द्र की गाय भैसों के दहियान से ले



जाकर की गई हत्या और गत रात्रि एक्सचेंज ऑफ फायर, लांजी क्षेत्र से ही सामने आया है। जिससे लांजी क्षेत्र में नक्सलियो की मौजूदगी दिखाई दे रही है, जो 31 मार्च 2026 तक भारत सरकार के नक्सलियों के खात्मे की योजना के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। मार्च 2026 तक जिले में, नक्सली समस्या को खत्म करने में जुटी बालाघाट पुलिस के सामने बीते एक पखवाड़े में नक्सलियों ने जिले के जंगल में दो बार वारदातों को अंजाम दिया है।

### फिलहाल घटना की नही हो सकी आधिकारिक पुष्टि

उधर, इस घटना के बाद पुलिस ने जंगल में सर्चिंग अभियान तेज कर दिया है। हालांकि अभी तक अधिकारिक रूप से इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। इस मामले में लगातार एसपी और एएसपी से संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने कॉल रिसिव नहीं किया है। जबकि आईजी ने व्यस्तता का हवाला देकर बाद में चर्चा करने की बात कही है। इस तरह लगातर हुई मुठभेड़ों से साफ जाहिर है कि नक्सली दोबारा सक्रिय होने की कोशिश में जुट गए हैं।

हालांकि, पुलिस और सुरक्षाबलों की सतर्कता के चलते स्थिति नियंत्रण में है। सुरक्षा एजेंसियों द्वारा क्षेत्र मं लगातार तलाशी अभियान चलाया जा रहा है और नक्सल नेटवर्क पर शिकंजा कसने की कोशिशें जारी हैं। दरअसल, बालाघाट के लांजी में युवक को पुलिस की मुखबिरी के शक में अगवा कर मौत के घाट उतारने वाले नक्सलियों से 17 दिन बाद फिर पुलिस का आमना-सामना हुआ है। बीती देर रात किरनापुर थाना क्षेत्र के कलकत्ता के घने जंगल में मुठभेड़ हुई। हालांकि, मुठभेड़ में किसी के हताहत होने की जानकारी सामने नहीं आई है। इस घटना के बाद पुलिस ने सर्चिंग तेज कर दी है। शनिवार सुबह बड़ी संख्या में सीआरपीएफ के जवान कलकत्ता सहित आसपास के जंगल में सघन सर्चिंग अभियान शुरू किया। नक्सलियों और सुरक्षा जवानों के बीच कितने राउंड फायर हुए, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। गौरतलब है कि 17 सितंबर की देर रात मलाजखंड दलम के नक्सलियों ने लांजी के चौरिया निवासी देवेंद्र यादव को अगवा कर लिया था। मौके पर कुछ पर्चे भी छोड़े थे, जिसमें देवेंद्र को पुलिस का मुखबिर बताकर उसे मौत की सजा देने की बात लिखी थी। अगले दिन ग्रामीणों ने देवेंद्र का शव मिला था।

### खात्मे की तिथि-मार्च-2026

नक्सली इन दिनों अपने संगठन की 20वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। हर साल 21 सितंबर से 20 अक्टूबर तक माओवादी इस वर्षगांठ पर जगह-जगह बैनर-पोस्टर टांगकर सरकार और पुलिस के खिलाफ ग्रामीणों को बरगलाते हैं। नक्सलियों के खात्मे की तिथि मार्च-2026 को देखते हुए पुलिस ने भी सर्चिंग को और तेज कर दिया है।

### गांव में सामान लेने पहुंचे थे नक्सली

मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस और नक्सलियों के बीच ये मुठभेड़ किरनापुर थाना क्षेत्र के कलकाता गांव में हुई है। जवानों को किरनापुर के कलकत्ता गांव में नक्सलियों के हलचल की खबर मिली थी। बताया जा रहा है पांच नक्सली गांव में सामान लेने के लिए पहुंचे थे। इसके बाद जवान मौके पर पहुंचे। जवानों को देखते ही नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस और नक्सलियों के बीच 10-12 राउंड फायरिंग हुई है।

### सर्च ऑपरेशन जारी

इस घटना के बाद पूरे इलाके में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। फिलहाल मुठभेड़ में किसी नक्सली के मारे जानें की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन जवानों ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। सर्च ऑपरेशन खत्म होने और आधिकारिक बयान आने के बाद ही साफ हो पाएगा की इस मुठभेड़ में कोई नक्सली मारा गया है या नहीं।

**"बीती रात मलाजखंड दलम के नक्सलियों ने सर्चिंग कर रहे सुरक्षा जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। एक्सचेंज आफ फायर में 8-10 नक्सलियों के शामिल होने की संभावना है। हमारी टीमें नक्सलियों की सर्चिंग में जुटी हैं।"**

आदर्शकांत शुक्ला
एएसपी, बैहर, बालाघाट

# दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान फटाखा फोड़ने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़े

## दोनो पक्ष के बीच चले लाठी राड डंडे से दोनों पक्ष के 9 लोग घायल, चार घायल का बालाघाट नगर के निजी अस्पताल में चल रहा है इलाज, दोनों पक्ष के 23 लोगों के विरुद्ध अपराध दर्ज

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। मलाजखंड थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम मोहगांव में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान फटाका फोड़ना को लेकर दो पक्ष के बीच विवाद हो गया और दोनों पक्ष के बीच चले लाठी डंडे और तलवार से दोनों पक्ष के नौ लोग घायल हो गए। 3 अक्टूबर की रात्रि 9:30 बजे यह घटना ग्राम मोहगांव के खैर माता मंदिर के पास में हूं। लाठी डंडे और तलवार के वार से घायल चार लोगों को बालाघाट के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है अन्य घायल का इलाज बिरसा के अस्पताल में किया जा रहा है। पुलिस ने इस मामले में अनिकेत पिता अजय दास भाषन्त 21 वर्ष काम मोहगांव निवासी के द्वारा की गई रिपोर्ट पर पारस पिता आमीन दास टांडिया 24 वर्ष सहित 9 आरोपी और पारस पिता अमीन दास टांडिया द्वारा की गई रिपोर्ट पर अनिकेत भाषण पिता अजय दास भाषन्त सहित 14 आरोपी के विरुद्ध एक राय होकर हमला कर मारपीट और प्राण घातक चोट पहुंचाने के आरोप में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई है। अमन महानंद को बेहतर उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज नागपुर रेफर कर दिया गया है प्राप्त जानकारी के प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मलाजखंड थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम मोहगांव के वार्ड नंबर 4 टिकरा में मां सिह वाहिनी दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई थी। 3 अक्टूबर की शाम 6ः30 बजे दुर्गा उत्सव समिति के कार्यकर्ता और श्रद्धालु दुर्गा प्रतिमा विसर्जन करने के लिए निकले थे। जिसमें काफी मात्रा में श्रद्धालु नाचते गाते जा रहे थे और इस दौरान फटाके भी फोड़ जा रहे थे। रात्रि 9ः30 बजे करीब दुर्गा प्रतिमा विसर्जन का जुलूस मोहगांव के खैर माता के पास टांडिया के घर के सामने पहुंचा। उस समय पारस टांडिया अपने परिवार एवं मोहल्ले वालों के साथ दुर्गा प्रतिमा और विसर्जन की झांकी देखने के लिए खड़े थे ।उस समय भी पटाखा



फोड़े जा रहे थे। पारस टांडिया ने फटाखे फोड़ना वालों को घर के तरफ पटाखे फोड़ने से मना किये और वह अश्लील गालियां देने लगा। इसी को लेकर दुर्गा विसर्जन करने वाले और पारस टांडिया के बीच विवाद की स्थिति बन गईऔर दुर्गा विसर्जन करने वाले तलवार लाठी डंडे लोहे की राड लेकर आ गये। पारस टांडिया को मारपीट करने लगे इसी दौरान पारस टांडिया के पक्ष के लोग भी लोहे की राड़ लाठी लेकर निकल पड़े और दोनों पक्ष के बीच जमकर लाठी डंडे लोहे की राड चली और दोनों पक्ष ने एक दूसरे को जान से मार डालने की धमकी दे दी। दोनों पक्ष के बीच गई मारपीट में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन करने वालों में अनिकेत भाषन्त, अमन महानंद, अविनाश महानंद,अभिषेक परवार तथा अजय दास भाषन्त घायल हो गए वहीं पारस टांडिया के अलावा बीच बचाव करने आई उसकी मां माया टांडिया, भैया दास बघेल, राजेश टांडिया, विवेक परवार घायल हो गए सभी को बिरसा के अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद अत्यधिक चोट लगने से घायल अनिकेत भाषण अजय दास अमन महानंद और अविनाश महानंद को जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया था किंतु उनके परिजनों द्वारा उन्हें बालाघाट नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है वही इस वारदात में पारस टांडिया को अत्यधिक चोंटेआई है। जिसका भी इलाज किया जा रहा है। मलाजखंड पुलिस ने इस मामले में पारस टांडिया द्वारा की गई रिपोर्ट पर राहुल परवार ग्राम ग ?ी, अनिकेत भाषन्त, अजय दास भाषन्त, राहुल यादव, राजेंद्र बघेल, असमित अक्कू भगत, ठाकुरदास बघेल, प्रांशु शिवने, बन्नू वाधवा, भवानी वाधवा, मिलोकी दास माँगरे सभी ग्राम मोहगांव, अभी परवार, करन भाषन्त, अमन परवार तीनो चन्द्रपुर महाराष्ट निवासी के विरुद्ध धारा 115(2), 190, 191(2), 191(3), 296,3(5), 351(3) भारतीय न्याय संहिता और अनिकेत भाषन्त द्वारा की गई रिपोर्ट पारस टांडिया, निक्की टांडिया, अमिनदास उर्फ दाऊ, अशोक टांडिया, ऋषभ टांडिया, भैया दास बघेल,कैलाश टांडिया, विवेक परवार और शिवम बघेल के विरुद्ध 109,191(2),191(3),190,3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज किया गया है।




पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट